ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 5, अंक 81, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 15

11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 16

## एक नजर

### स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

**लखनऊ।** भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी। इसके लिए प्रात: 7 :30 से 10 :30 बजे का समय निर्धारित किया गया है जबकि शिक्षकों को दिन में डेढ़ बजे तक स्कूल में रुकना होगा।

### कॉर्बेट का ढिकाला जोन 14 नवंबर तक बंद

**रामनगर।** विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ढिकाला जोन 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। वन अधिकारियों के अनुसार, 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4 .32 लाख पर्यटक पहुंचे और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। कॉर्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय ने बताया कि कि हर वर्ष मानसून के दौरान ढिकाला पर्यटन जोन सुरक्षा के मद्देनजर 15 जून से 14 नवंबर तक के लिए बंद कर दिया जाता है। बारिश में नदी-नालों के उफान पर आने से पार्क में जाने वाले सभी मार्ग क्षतिग्रस्त हो जाते हैं इसलिए मानसून में यह जोन बंद रहता है।

### भवाली में प्रसिद्ध कैंची धाम मेला आज

**भवाली।** बाबा नीब करौरी के कैंचीधाम आश्रम का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मेले में पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं। हर वर्ष 15 जून को कैंचीधाम के स्थापना दिवस पर मेला आयोजित होता है। इसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने तैयारियां की हैं। बीती 12 जून से मथुरा से आए कारीगर देसी घी के छह लाख मालपुए बनाने में लगे हुए हैं। शनिवार को बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद सुबह 6 से रात्रि 9 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए शटल सेवा चलाई जा रही है। शनिवार को भवाली रूट पर यातायात बंद रहेगा। एसएसपी पीएन मीणा ने कैंचीधाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बाबा नीब करौरी की बहुत मान्यता है।

# जिस इफ्को पर खेती संवारने का जिम्मा, उसी के पानी से बंजर हो रही जमीन

## दर्जनों गांवों के किसानों ने लगाया इफ्को प्लांट से दूषित जल डिस्चार्ज का आरोप

- डीएम ने दिए जांच के आदेश, जन प्रतिनिधियों के साथ अगली बैठक में जल परीक्षण रिपोर्ट देने को कहा

प्रदीप यादव/ अतीक खान, बरेली

**अमृत विचार :** रुहेलखंड में कृषि क्षेत्र के जिस सबसे बड़े इफ्को प्लांट पर अपने उर्वरक उत्पादों से खेती की सूरत बदलने का दारोमदार है, उसके ही प्लांट के इर्द-गिर्द की सैकड़ों बीघा खेतिहर भूमि लगभग बंजर हो चुकी है। किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री के दूषित पानी के कारण उनके खेतों का यह हाल हुआ है। इफ्को से सटे दर्जनों खेत तालाब का रूप ले चुके हैं और इनमें दूषित पानी भरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को बीमारी फैलने का डर सता रहा है। आंवला के नव निर्वाचित सांसद नीरज मौर्या ने डीएम रविंद्र कुमार के सामने यह मुद्दा रखा तो उन्होंने जल परीक्षण के आदेश दिए हैं।

आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के इस्लामाबाद गांव में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफ्को) का प्लांट है। इसमें यूरिया, नैनो यूरिया और अन्य रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन होता है। करीब 695 एकड़ में फैले इस प्लांट के आसपास इस्लामाबाद, नौगवां, बागरपुर, हजरतपुर, कीरतपुर, ख्योराजपुर, सेंधी-सेंधा, भरताना, महातिया डांडी, पस्तोर, नबी नगर, मुहम्मद गंज, कुशारी, भरताना आदि गांव हैं। नौगवां के राम दयाल कहते हैं कि हमारे खेत बंजर हो गए। पटान के लिए कई खेत खोद दिए गए। उनमें दूषित पानी भर जाता है। केमिकल वाला पानी पीकर गाय-भैंस बीमार हो जाते हैं। इफ्को की चारदीवारी से सटी एक संकरी सड़क नौगवां जाती है। किनारे पर कुछ खेत और तालाबों में पानी भरा है। नौगवां के बलवीर ने तालाब की शक्ल वाले एक खेत की मिट्टी दिखाते हुए कहा कि केमिकल्स ने जमीन की क्या हालत कर दी है। काली हो चुकी मिट्टी में आखिर कौन सी फसल पैदा होगी। आए दिन गाय-भैंस यहां का पानी पीकर बीमार होते रहते हैं। आखिर शिकायत किससे करें। क्षेत्र पंचायत सदस्य जयवीर यादव गंभीर ने आरोप लगाया कि कई बार यहां हानिकारक गैसों का रिसाव हो चुका है। जब भी ऐसा होता है तो ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो जाता। प्लांट के पास ही अरिल नदी बहती है। इसमें दूषित पानी जाता है। दूषित जल और उसके नुकसान पर ग्रामीणों की चिंताएं, प्लांट प्रबंधन के समक्ष कई बार रखी जा चुकी हैं लेकिन कोई ठोस हल नहीं निकला।

### फैक्ट्री के पीआरओ ने आरोपों को बताया निराधार

इफ्को प्लांट के पीआरओ विनीत शुक्ला ने किसानों के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि चार-पांच साल पहले फैक्ट्री का दूषित पानी बाहर जाता था। किसानों के विरोध के बाद दूषित पानी प्लांट के अंदर बने तालाब में संरक्षित कर रीसाइकिल किया जा रहा है। वहीं आवासीय पानी अरिल नदी में बह रहा है। अब प्लांट से किसी तरह का पानी किसानों के खेत-खलिहानों में नहीं पहुंच रहा है।

### नवनिर्वाचित सांसद ने डीएम के सामने रखा मुद्दा

12 जून को जन-प्रतिनिधियों की बैठक में आंवला सांसद नीरज मौर्य ने इफ्को से जुड़ा यह मुद्दा जिला प्रशासन के समक्ष उठाया। सांसद ने क्षेत्रीय लोगों को रोजगार और प्लांट के वेस्ट मैटेरियल के उचित निस्तारण कराने आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने प्लांट से निकलने वाले पानी से बीमारी फैलने की समस्या भी उठाई। इस पर डीएम रविंद्र कुमार ने फैक्ट्री के आसपास एकत्रित पानी का नमूना लेकर जांच कराने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि अगली बैठक में जल परीक्षण की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से तीन की मौत, चार घायल

**नई दिल्ली/लातेहार।** सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में शुक्रवार शाम आग लगने की अफवाह के चलते कुछ यात्री ट्रेन से कूद गए और बगल की पटरी पर चल रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। तीन लोगों की मौत और चार यात्री घायल हुए हैं। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यह घटना रात करीब आठ बजे धनबाद मंडल के कुमांडीह रेलवे स्टेशन पर घटी। झारखंड के लातेहार जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। तीन शव बरामद कर लिए गए हैं।

# प्रधानमंत्री ने किया प्रोद्योगिकी क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने का आह्वान

## मोदी बोले-वैश्विक तनाव का नतीजा भुगत रहे ग्लोबल साउथ के देश

**जी-7 शिखर सम्मेलन**

बारी (इटली), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार को समाप्त करने का शुक्रवार को आह्वान किया और कहा कि समावेशी समाज की नींव रखने के लिए इसे रचनात्मक बनाया जाना चाहिए। मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 शिखर सम्मेलन के संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी माना है।

उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में हमने अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को अपना स्थायी सदस्य बनाया है। मोदी ने कहा कि भारत अफ्रीका के सभी देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने के महत्व पर विस्तार से बात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रौद्योगिकी को रचनात्मक बनाना होगा, विघटनकारी नहीं। तभी हम समावेशी समाज की नींव रख पाएंगे।

मोदी ने कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को लेकर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले शुरुआती कुछ देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसी रणनीति के आधार पर हमने इस वर्ष एआई मिशन की शुरुआत की है और इसका मूल मंत्र है सभी के लिए एआई। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शासन-प्रणाली के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बनाने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।



जी-7 सम्मेलन के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### पोप फ्रांसिस को दिया भारत आने का न्यौता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्यौता दिया और कहा कि वह लोगों की सेवा के प्रति पोप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। मोदी और पोप फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सत्र' में गर्मजोशी से मुलाकात की। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं के साथ महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

# राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो
- पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर मिल चुकी है धमकी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

### कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट हुई थी धमकी

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।



अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं। **-राज करण नैय्यर,** एसएसपी अयोध्या

# पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 झुलसे

- सूदनपुर गांव में किराए के मकान में संचालित की जा रही थी फैक्ट्री
- जिलाधिकारी ने लाइसेंस किया निरस्त, मालिक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** रजबपुर क्षेत्र में अमरोहा-अतरासी रोड पर पटाखा फैक्ट्री में बारूद में विस्फोट से चार महिलाओं समेत पांच मजदूर झुलस गए। गंभीर हालत में दो लोगों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बर्न सेंटर के लिए रेफर किया गया है। तीन का उपचार जिला अस्पताल में हो रहा है। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने फैक्ट्री का लाइसेंस निरस्त दिया है। एफएसओ अनुराग कुमार की तहरीर पर फैक्ट्री के मालिक कामरान अहमद के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

रजबपुर थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया कि गांव सूदनपुर में हापुड़ के शिवगढ़ी निवासी कामरान अहमद की पटाखा फैक्ट्री है। गांव अतरासी कलां के मो. आसिम ने फैक्ट्री के लिए मकान किराए पर दे रखा है। फैक्ट्री की देखरेख भोला करता है। गांव मंगूपुरा निवासी ममता व रीता, गांव देवीपुरा की अनीता, मनीषा भी फैक्ट्री में काम करती हैं। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तेज धमाके के बाद फैक्ट्री में आग लग गई। इससे भोला समेत चारों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। अग्निशमन टीम ने झुलसी महिलाओं समेत अन्य लोगों को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट से लगी है। एसडीएम सुधीर कुमार सिंह व सीओ अरूण कुमार भी मौके पर पहुंचे और जायजा लिया।



पटाखा फैक्ट्री में आग बुझाती दमकल विभाग की टीम।

# चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। वर्तमान में भीड़ सामान्य होने के बाद यह निर्धारित संख्या की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष जहां शुरुआती माह में 12,35,517 श्रद्धालु पहुंचे थे, वहीं इस वर्ष 19,64,912 श्रद्धालु पहुंचे हैं। यह पिछले वर्ष की अपेक्षा डेढ़ गुना अधिक है।

# कुवैत से 45 शव लेकर पहुंचा विमान

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के मुख्यमंत्री विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कोच्चि, एजेंसी

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी।



कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव।

# ट्रेन के पहियों से उठी चिंगारी व धुएं से मची अफरा-तफरी

- कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कोच से कूदकर हुए घायल
- लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट के पहियों के ब्रेक-शू हुए थे जाम

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार :** लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही सुपरफास्ट ट्रेन (15011) के पहियों में चंदक रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले चिंगारियां उठीं और धुआं निकलने लगा। धुआं कोच में भरने लगा तो घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कूद गए। इससे वे चोटिल हो गए। इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत को भी रोकना पड़ा।

चंदक के स्टेशन मास्टर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट शुक्रवार सुबह नौ बजे मुज्जमपुर नारायण स्टेशन पर पहुंची। चंदक रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किमी पहले ट्रेन की गति धीमी होते ही यात्री कूदने लगे। कुछ देर बाद ट्रेन रुकते ही सभी यात्री नीचे उतर गए और आग लगने की आशंका में जंगल की ओर दौड़े। सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पता चला कि ट्रेन के पहियों से धुआं निकल रहा है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने की वजह से चिंगारी और धुआं उठा था।

# गृहमंत्री ने की जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कई आतंकवादी घटनाओं के मद्देनजर शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। शाह ने 16 जून को एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक भी बुलाई है, जिसमें राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के शीर्ष अधिकारियों समेत अन्य लोग शामिल होंगे। सूत्रों ने कहा कि शुक्रवार को गृहमंत्री को जम्मू-कश्मीर के हालात और वहां आतंकवादी घटनाओं के बाद उठाए गए कदमों से अवगत कराया गया।

# सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र-एनटीए से मांगा जवाब

## नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।



- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

### खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

**नई दिल्ली।** नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

### सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।

**शहर में आज**

☞ कृष्णा विहार स्थित कृष्णा मंदिर में शनिदेव की पूजा-अर्चना शाम 6 :30 बजे।

☞ स्वार रोड स्थित फिजीकल कालेज स्टेडियम में योगाभ्यास प्रात : 5 :30 बजे।

**एक नजर**

### शाखा प्रबंधक पारुल अग्रवाल का किया स्वागत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** दि न्यू अर्बन कोऑपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक पारुल अग्रवाल ने कार्यभार ग्रहण कर लिया। बैंककर्मियों और लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया। शुक्रवार को बैंक के सहायक शाखा प्रबंधक अजीत कुमार जैन ने पारुल अग्रवाल को शाखा प्रबंधक का चार्ज सौंपा। इससे पहले वह रामपुर के मोहल्ला नसरुल्ला खां में शाखा प्रबंधक रहे। तीसरी बार स्थानीय बैंक के शाखा प्रबंधक के रूप में उन्होंने चार्ज लिया है। इस दौरान बैंककर्मियों तथा ग्राहकों ने नवनियुक्त शाखा प्रबंधक का फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर रवि यादव, रितु अग्रवाल, संजय जैन, नरेंद्र सिंह रंधावा, राजीव सिंह आदि मौजूद रहे।

# 630 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से छह घंटे ठप रही बिजली

## भीषण गर्मी में छह घंटे बिन बिजली परेशान रहे उपभोक्ता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर लोड नहीं झेल पा रहे हैं। अतिभार के कारण शहर के अधिकतर क्षेत्रों में रखे ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को शेड्यूल के मुताबिक बिजली नहीं मिल रही है। इससे लोगों में आक्रोश है। शुक्रवार सुबह शहर कोतवाली क्षेत्र में 630 केवीए का ट्रांसफार्मर फुंकने से करीब छह घंटे आपूर्ति ठप रही।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि भीषण गर्मी को देखते हुए उपभोक्ताओं को भरपूर आपूर्ति दिलाई जाए। लेकिन अधिकारी मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। कई-कई घंटे बिजली काटी जा रही है। इसके बावजूद जनपद में ट्रांसफार्मर फुंक रहे हैं। उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति देने के लिए किए गए अधिकारियों के दावों की पोल खुल रही है।

शहर कोतवाली के पीछे रखा 630 केवीए का ट्रांसफार्मर शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे फुंक गया। भीषण गर्मी में ट्रांसफार्मर के फूंकने से उपभोक्ताओं का हाल-बेहाल हो गया। सूचना मिलने पर बिजली विभाग के अधिकारियों में खलबली मच गई। आनन-फानन में अधिकारियों ने वर्कशाप से 630 केवीए का ट्रांसफार्मर मंगवाया। शुक्रवार दोपहर दो बजे तक आपूर्ति सुचारु करने के लिए कर्मचारी जुटे रहे। इस दौरान जैन मंदिर वाली गली, कन्या इंटर कॉलेज, बी अम्मा कॉम्प्लेक्स और बाजार नसरुल्लाह खां की आपूर्ति ठप रही।



शहर कोतवाली क्षेत्र में ट्रांसफार्मर रखते कर्मचारी। ● अमृत विचार

> ओवरलोड के चलते ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी। वैकल्पिक व्यवस्था के लिए 630 केवीए का दूसरा ट्रांसफार्मर रखवा दिया है। ताकि लोगों को गर्मी में दिक्कत न हो।
> – संजीव कुमार रवि, एसडीओ तृतीय

**मई में फुंके 180 ट्रांसफार्मर**

मई में 180 ट्रांसफार्मर फुंकने से बिजली विभाग को कई करोड़ रुपये की चपत लगी है। अधिकारियों के अनुसार गर्मी से राहत पाने के लिए उपभोक्ता पंखे, कूलर, एयरकंडीशन जैसे संसाधनों का प्रयोग कर रहे हैं। भार बढ़ने से उपकरण भी जवाब दे रहे हैं। मौसम की तपिश ट्रांसफार्मर, लाइनों व खंभों पर भी असर डाल रही है गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर लगातार फुंक रहे हैं।

## तत्काल बंद करें अघोषित कटौती : डीएम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **स्पार्किंग रोकने को ग्रामीण क्षेत्रों में ढीले तारों को तत्काल दुरुस्त कराएं**

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि अघोषित विद्युत कटौती को तत्काल प्रभाव से बंद कराया जाए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में ढीले तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए ताकि स्पार्किंग नहीं होने पाए। राजस्व संग्रह के लिए मासिक तौर पर निर्धारित लक्ष्य को पूरा करना संबंधित विभाग के अधिकारी की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। समीक्षा बैठकों में यदि संतोषजनक प्रगति नहीं मिलेगी तो अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कर-करेत्तर एवं राजस्व संग्रह की बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के राजस्व संग्रह की मासिक समीक्षा की। जिलाधिकारी ने परिवहन, आबकारी, वाणिज्य कर, विद्युत, वन, नगर पालिका एवं नगर पंचायत द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। विद्युत विभाग के राजस्व संग्रह की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अधीक्षण अभियंता एवं अधिशासी अभियंताओं द्वारा वसूली को प्रभावी बनाने में लापरवाही बरती जा रही है। अधिकारियों की लापरवाही पर जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के चेयरमैन को पत्र भेजने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि अघोषित विद्युत कटौती तत्काल प्रभाव से बंद कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में ढीले तारों को तत्काल दुरुस्त कराया जाए। उपभोक्ताओं के बिल एवं विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीओ और जेई अपने लैपटॉप व अन्य जरूरी संसाधन और स्टाफ के साथ मौजूद रहेंगे। विद्युत विभाग की शिकायतों का यथासंभव मौके पर ही निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

नगर पालिका और नगर पंचायतों में राजस्व वसूली को लेकर भी जिलाधिकारी ने सख्त रवैया अपनाते हुए कहा कि अधिशासी अधिकारी अवैध अतिक्रमण और प्रतिबंधित पॉलिथीन के प्रचलन को रोकने के लिए प्रभावी कार्रवाई के साथ ही भारी जुर्माना लगाना भी तय करें। संबंधित एसडीएम भी नगर पालिका और नगर पंचायतों में कराए जा रहे प्रवर्तन की कार्रवाई की मॉनिटरिंग करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, नगर मजिस्ट्रेट संदीप कुमार वर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की डीपीओ के निलंबन की संस्तुति

**रामपुर, अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना की शिकायत के बाद जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह ने जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) लवकुश भार्गव के निलंबन की संस्तुति की है।

विधायक को राजकीय शिशु सदन के निरीक्षण में तमाम कमियां मिली थीं। 12 अगस्त की रात को सिविल लाइंस पुलिस को राजकीय आश्रम पद्धति इंटर कालेज के पास दो साल का लावारिस बच्चा मिला था। इसकी सूचना पर विधायक सिविल लाइंस कोतवाली पहुंच गए थे। उन्होंने पुलिस से जानकारी लेने के बाद अपने सहयोगी से डीपीओ को फोन कराया था। लेकिन 25 कॉल के बाद भी डीपीओ ने फोन रिसीव नहीं किया था। इस पर खुद ही बच्चे को जिला अस्पताल ले गए थे। वहां चल रहे चाइल्ड लाइन में कोई कर्मचारी नहीं था। शहर विधायक ने जिलाधिकारी जोगेंद्र सिंह से डीपीओ की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने जांच के आदेश देने के बाद डीपीओ लवकुश भार्गव के निलंबन की संस्तुति करते हुए प्रमुख सचिव बाल विकास विभाग को सूचना भेज दी है।

# धन का दुरुपयोग करने पर गिरी ग्राम प्रधान व सचिव पर गाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विकासखंड स्वार की ग्राम पंचायत किशनपुर मौलागढ़ में धन का दुरुपयोग करने के मामले में ग्राम प्रधान और सचिव पर गाज गिर गई। विभागीय अधिकारियों की इस कार्रवाई से खलबली मची है।

गांव किशनपुर निवासी प्रेमपाल, फकीरचंद व मोहम्मद इश्तियाक ने ग्राम प्रधान इकबाल और सचिव पर धन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए उच्चाधिकारियों से शिकायत की थी। अधिकारियों ने इसकी जांच के लिए टीम का गठन किया था। जांच में टीम को ग्रामीणों की शिकायत सही मिली। इस पर जिला पंचायत राज विभाग ने ग्राम प्रधान को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। प्रधान ने नोटिस का जवाब नहीं दिया। इसके बाद सप्ताह भर में स्पष्टीकरण मांगा गया। मगर जो स्पष्टीकरण दिया गया, वह स्वीकार करने के योग्य नहीं था।

ग्रामीणों ने छह बिंदुओं पर शिकायत की थी। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि सचिव और ग्राम प्रधान ने मिलीभगत करके सरकारी धन निकाल लिया। लेकिन कोई काम नहीं कराया। सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में जिला पंचायत राज विभाग के अधिकारियों ने ग्राम प्रधान और सचिव को हटा दिया है। उनके अधिकार भी सीज कर दिए गए हैं।

> वित्तीय अनियमितताओं में ग्राम प्रधान के वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार प्रतिबंधित किए गए हैं। ग्राम पंचायत सचिव के विरुद्ध भी अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है।
> – जाहिद हुसैन, जिला पंचायत राज अधिकारी

## किसानों का पांच लाख रुपये का ऋण माफ करे सरकार : प्रमोद

**रामपुर, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रमोद सागर निरंकारी ने कहा कि नीट परीक्षा में धांधली से इंकार नहीं किया जा सकता। भाजपा शासन में हर परीक्षा पहले लीक हो जाती है। यह भाजपा की नाकामियों का सबूत है।

अब नीट के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कहा कि सरकार को गरीबों किसानों के पांच लाख रुपये तक के लोन माफ करने चहिए। क्योंकि इस महंगाई में किसान को कोई बचत नहीं हो रही है। डीजल, बीज, खाद बहुत महंगा है। जबकि किसान की फसल सस्ते दामों में खरीद ली जाती है। आज भारत का किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। सरकार को अपने वादे पूर्ण करने चाहिए।

# रक्तदान से बच सकती है किसी की जान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जनपदवासियों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान होता है। जब कहीं कोई दुर्घटना होती है तो रक्त की जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक से रक्त दिया जाता है। इससे ही घायल व्यक्ति की जान बचाने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कार्यों के लिए लोग प्रेरित हों और समाज में जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। दान किए हुए खून से किसी की जिंदगी को बचाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में रक्तदान किया।

विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में समाजसेवियों द्वारा आयोजित शिविर में जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने रक्तदान किया।





जिला अस्पताल में रक्तदान करते डीएम। साथ में एसपी एवं अन्य। ● अमृत विचार

● **जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने जिला अस्पताल में किया रक्तदान**

जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ रक्तदान शिविर का फीता काटकर शुभारंभ किया।

पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि जनपद में परंपरागत रूप से पुलिस के जवान समय-समय पर रक्तदान करते रहते हैं। शिविर में पुलिस के जवानों द्वारा भी रक्तदान किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा स्वयं रक्तदान किया गया है। लोगों को जिलाधिकारी से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जो लोग स्वस्थ हैं वह स्वैच्छिक रूप से रक्तदान कर करें। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसपी सिंह, सीएमएस डा. एचके मित्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## भीषण गर्मी में 24 तक बढ़ा परिषदीय स्कूलों में अवकाश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** परिषदीय स्कूल 18 जून से खुलने थे। लेकिन भीषण गर्मी को देखते हुए परिषदीय स्कूलों के अवकाश अब 24 तक बढ़ा दिए गए हैं। शिक्षक अब 25 जून से स्कूल जाएंगे। जबकि 28 जून तक स्कूली बच्चों के अवकाश रहेंगे। वह 29 जून से स्कूल जाएंगे। हालांकि बेसिक शिक्षा विभाग को इस तरह का कोई आदेश शासन से जारी नहीं हुआ है। जबकि 24 तक अवकाश का संदेश सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

20 मई से परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिए गए थे। ग्रीष्म अवकाश खत्म होने के बाद 18 जून को स्कूल खुल रहे थे, लेकिन लगातार चल रही लू ने लोगों को घरों में कैद कर दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने बताया कि गर्मी को देखते हुए स्कूल 24 जून तक बंद रहेंगे। जबकि बच्चों 29 जून से स्कूल जाएंगे। यह मैसेज सोशिल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का कहना है कि 24 तक स्कूल बंद रहने का उनके आदेश उनके पास नहीं आया है। इसलिए परिषदीय विद्यालय 18 जून से ही खुलेंगे।

> परिषदीय स्कूलों का अवकाश बढ़ने का कोई आदेश अभी तक नहीं मिला है। अभी स्कूल 18 जून से ही खुलेंगे।
> – संजीव कुमार, बेसिक शिक्षाधिकारी

● **शिक्षक नेता भीषण गर्मी तहत अवकाश बढ़ाने की कर रहे मांग**

● **जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कहा, 18 जून से खुलेंगे स्कूल**

# पूर्व मुख्यमंत्री मायावती पर टिप्पणी करने वाले पर की जाए सख्त कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भीम आर्मी जय भीम संगठन के जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना के नेतृव में काफी लोग एकत्र होकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके बाद प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर को सौंपा। इसमें कहा गया है कि पूर्व मुख्यमंत्री मायावती के लिए सोशल मीडिया एक्स ट्विटर पर बहुत ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इससे बहुजन समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। मांग की कि ट्वीट करने वाले पर कार्रवाई की जाए।

बहुजन समाज के प्रति अभद्र भाषा लिखने वाले के खिलाफ समाज कठोर कार्रवाई की मांग करता है। दलित समाज के लोगों का आह्वान किया कि घर से निकलकर इस लड़ाई को समर्थन दें। ताकि दोषी को गिरफ्तार कराया जा सके।

ज्ञापन में जिलाध्यक्ष राजेश खन्ना, वरिष्ठ उपाध्यक्ष भीम प्रिया गौतम, कपिल गौतम, अशोक बाबू, जिला कोषाध्यक्ष संघ प्रिया गौतम, राजीव आंबेडकर, सतपाल सिंह बादल, प्रमोद कुमार, बृजेश कुमार, सुनील कुमार, अंकित गौतम, अरविंद कुमार, आशीष कुमार, उमेश कुमार, नितिन कुमार, स्वदेश कुमार आदि मौजूद रहे।



डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन देते भीम आर्मी जय भीम संगठन के पदाधिकारी।

## ड्रोन के बॉक्स में निकले कागज के टुकड़े

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** ऑनलाइन ड्रोन बुक कराने पर आए बॉक्स को खोल कर देखा तो उसमें कागज के टुकड़े निकले। इस पर ड्रोन बुक कराने वालों के होश उड़ गए। मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

तहसील के गांव सोनकपुर निवासी फरहान अली ने एक सप्ताह पूर्व प्रतिष्ठित कंपनी से ड्रोन कैमरे की ऑनलाइन बुकिंग की थी। शुक्रवार को कंपनी का डिलीवरी मैन उसका ड्रोन लेकर गांव पहुंच गया। फरहान अली ने पैकेट को खोलकर देखा तो उसमें ड्रोन की जगह कागज के टुकड़े निकले। उसने डिलीवरी लेने से मना कर दिया।

इस पर डिलीवरी लेकर आये युवक ने फोन पर कंपनी के लोगों से बात की। मगर कंपनी वालों ने भी हाथ खड़े कर दिये। अभी पुलिस को सूचना नहीं दी गई है।



डिलीवरी युवक को कागज के टुकड़े दिखाता युवक। ● अमृत विचार

# 16 से 18 जून तक हरिद्वार में होगा चिंतन शिविर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि हरिद्वार में 16 से 18 जून तक भाकियू का चिंतन शिविर लगेगा। इसमें देश भर के किसान पहुंचेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी पदाधिकारियों को जिलेवार सौंपी गई है।

शुक्रवार को भाकियू के कार्यालय पर पंचायत हुई। इसमें प्रदेश महासचिव हसीब अहमद ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा किसान हरिद्वार रवाना होंगे। चिंतन शिविर में जिले के किसानों की समस्याएं भी उठाई जाएंगी। कहा कि विद्युत आपूर्ति का बुरा हाल है। भीषण गर्मी में अघोषित कटौती की जा रही है। उन्होंने हरिद्वार का पूरा प्लान समझाया। ज्यादा से ज्यादा किसानों से पहुंचने की अपील की।

पंचायत में हाफिज अय्यूब, चौधरी अजीत सिंह, राहत वली खान चौधरी, राजपाल सिंह, लखविंदर सिंह, महेंद्र सिंह, जजवीर सिंह, दीपचंद, मनीष, मोहम्मद तालिब, जुबैद आलम, छिद्दा नेता, जुगनू, चंद्रपाल सिंह, महेंद्र सिंह गंगवार, साबिर अली, नीरज त्यागी, सलामत जान, दिनेश बाबू आदि मौजूद रहे।



पंचायत को संबोधित करते प्रदेश महासचिव हसीब अहमद। ● अमृत विचार

● **किसानों को जिलेवार सौंपी कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी**

## हार का विश्लेषण कर पूर्व सांसद को बताएंगे

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय गो रक्षा वाहिनी युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री शाहरून खां के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी से मुलाकात की।

इसके बाद भारतीय गो रक्षा वाहिनी के प्रदेश महामंत्री ने कहा कि यह जाहिर हो गया है कि रामपुर ही नहीं बल्कि उत्तर प्रदेश की कई जीती हुई सीटें भारतीय जनता पार्टी भितरघात के चलते हारी हैं। जीती हुई लोकसभा सीट हारने से भाजपा समर्थकों को आघात पहुंचा है। कहा कि कुछ नेताओं ने सत्ता को कमाई का जरिया बना लिया है। विभागों को जनता से लूट करने की खुली छूट दे दी है। जल्द ही लोकसभा सीट पर हार के कारणों का विश्लेषण कर पूर्व सांसद को बताएंगे। इस अवसर पर जाकिर, अमजद, यासिर, इमरान शाह खां आदि मौजूद रहे।

**बैठक** वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सफाई अभियान के दिए निर्देश

# बारिश में गांवों में न हो जलभराव : जाहिद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी ने जूम एप पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से ग्राम पंचायत में 15 से 22 जून तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाने के लिए सभी ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिवों को निर्देश दिए। कहा कि ग्राम पंचायत में कहीं भी नालियों में सिल्ट इकट्ठी न हो, झाड़ियों की कटाई की जाये एवं बरसात के समय गांवों में जलभराव की स्थिति नहीं होने पाए।

नालियों की समय से सफाई कराते हुऐ गांवों में निर्मित सिल्ट कैचर, फिल्टर चैंबर आदि की समय से सफाई कर ली जाए। सहायक विकास अधिकारी पंचायत को निर्देश दिए कि अभियान अवधि में प्रतिदिन साफ-सफाई से संबंधित फोटो की डिजिटल डायरी बनाकर जिला स्तर पर प्रस्तुत करें। योग दिवस को लेकर 15 से 21 जून के मध्य योग प्रशिक्षक के माध्यम से कार्यक्रम आयोजित करते हुए 21 जून को वृहद योग शिविर लगाये जाएं । वृहद पौधरोपण कार्यक्रम के दृष्टिगत समस्त ग्राम पंचायतों में पौधरोपण के लिए गड्ढा खुदान के समय वर्मी कम्पोस्ट डालकर तैयार करें। पौधरोपण के लिए सुरक्षित स्थान जैसे शासकीय भवन, कब्रिस्तान, श्मशान, पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी, तालाब आदि का चयन करते हुए रोपित पेड़ों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड, वायर फेंसिंग कराकर कार्यक्रम को सकुशल संपन्न करायें।

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-दो के तहत ग्राम पंचायत में कराए जा रहे रेट्रोफिटिंग सर्वे की प्रगति बढ़ाने, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण, नये लाभार्थियों के आवेदन, ओडीएफ प्लस मॉडल ग्रामों की वित्तीय प्रगति बढ़ाने, पंचायत भवन नियमित रूप से खुलने, परिवार रजिस्टर की नकल ग्राम पंचायत में रखने एवं जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र समय से तैयार करने, गोवंश रजिस्टर तैयार कराने के निर्देश दिए गए।



जूम से ग्राम प्रधान एवं सचिव से बात करते जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन।

## ईद पर खुले में नहीं करने दी जाएगी कुर्बानी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** ईद-उल अजहा के त्योहार को लेकर कोतवाली में धर्मगुरुओं, जनप्रतिनिधियों व संभ्रांत नागरिकों की बैठक हुई। इसमें पुलिस प्रशासन ने खुले में कुर्बानी न करने देने व सड़क पर नमाज न पढ़ने देने की चेतावनी दी। क्षेत्राधिकारी रवि खोखर ने कहा कि इसका सभी ध्यान रखें और पालन करें। सीओ ने आसमाजिक तत्व या गतिविधि से भी कड़ाई से निपटने की बात कही। तहसीलदार निश्चय कुमार ने कहा कि सभी लोग शांति व सद्भाव का परिचय देते हुए त्योहार मनाएं। कोई नई परंपरा शुरू करके अनावश्यक विवाद पैदा न करें। इस मौके पर कोतवाल बलवान सिंह, व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल, राजीव अग्रवाल, हाफिज ताहिर, गुच्छन खां, इमरान खां, मोर सिंह, मुमताज खां, जोगपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार

सूचना

प्रिय पाठक,


यदि आपका अपना प्रिय अखबार "अमृत विचार" मिलने या शुरू करने में कोई असुविधा हो रही हो तो निम्न नम्बर पर हमें सम्पर्क करें।

मो0:- 9027872845, 9838333303





पढ़ते रहिये "अमृत विचार" सिर्फ ₹ 5/-........




### आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

43.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 07:14

# नायब तहसीलदार पर जानलेवा हमले में मसवासी के चेयरमैन समेत 80 पर रिपोर्ट

## लोगों ने 11 जून को किया था धरना प्रदर्शन, स्वार थाने में दर्ज हुई एफआईआर

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार :** सड़क हादसे में युवक के गंभीर रूप से घायल होने पर मसवासी नगर पंचायत के चेयरमैन ने अपने समर्थकों के साथ मार्ग पर जाम लगा दिया था। सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया। इससे क्षुब्ध चेयरमैन ने अपने समर्थकों के साथ नायब तहसीलदार से गाली-गलौज कर मारपीट की और उन पर जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने नायब तहसीलदार की तहरीर पर नगर पंचायत के चेयरमैन को नामजद कर 70-80 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मसवासी निवासी ब्रज किशोर 11 जून की सुबह अपने घर के बाहर ई-रिक्शा के निकट खड़ा था। तभी सुल्तानपुर पट्टी की ओर से खनन भरकर तेजगति से आ रहे डंपर ने ब्रज किशोर को रौंद दिया था। इसमें उसकी दोनों टांगे कट गई थीं। घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ लग गई थी। मसवासी नगर पंचायत के चेयरमैन दिनेश गोयल भी समर्थकों के साथ पहुंच गए थे। इसके बाद जाम लगाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया था। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। इस दौरान नायब तहसीलदार मानवेंद्र सिंह, राजस्व निरीक्षक जहीन आलम खां भी मौके पर पहुंच गए थे। नायब तहसीलदार ने जाम खुलवाने के लिए लोगों से वार्ता की। आरोप है कि इस दौरान नगर पंचायत के चेयरमैन भड़क गए थे। उन्होंने समर्थकों के साथ नायब तहसील से गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी थी। जान से मारने की नीयत से गर्दन दबोच कर जानलेवा हमला कर दिया था। नायब तहसीलदार के कपड़े भी फाड़ दिए थे। गुरुवार देर रात नायब तहसीलदार की तहरीर के आधार पर पुलिस ने चेयरमैन दिनेश गोयल को नामजद करते हुए 70-80 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


11 जून को इसी खंभे के गिरने से ई रिक्शा में बैठे चालक की दोनों टांगें कट गईं थीं। ● फाइल फोटो

> नायब तहसीलदार की तहरीर पर मसवासी के चेयरमैन व 70-80 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच की जा रही है।
> – संदीप त्यागी, कोतवाल, स्वार

> डीएम के आदेश के बाद भी नो एंट्री में खनन के वाहन निकल रहे हैं। इन वाहनों को नहीं निकलने दिया जाएगा। जनता को परेशानी होती है। –दिनेश गोयल, चेयरमैन, मसवासी

### घायल के भाई की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

सड़क हादसे में दोनों टांगे गंवाने वाले ब्रज किशोर के भाई की ओर से पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल ब्रज किशोर को उपचार के लिए उत्तराखंड के काशीपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। शुक्रवार को पुलिस ने घायल ई-रिक्शा चालक के भाई शिवकुमार की तहरीर पर अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### एक नजर

## नलकूप विभाग को दी धरना-प्रदर्शन की चेतावनी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक की खानपुर गांव में हुई पंचायत में नलकूप विभाग को आंदोलन की चेतावनी दी गई। जिलाध्यक्ष अजय बाबू गंगवार ने कहा कि कई गांवों में नलकूप खराब हैं। किसानों की फसलें प्रभावित हो रही हैं। अधिशासी अभियंता समेत कोई अधिकारी सुनवाई को तैयार नहीं हैं। ट्यूबवेल की नई पाइपलाइन भी नहीं डाली जा रही है। चेतावनी दी कि शीघ्र ही नलकूप विभाग के जिला कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पंचायत में हरपाल सिंह, वीरेन्द्र गंगवार, महेश बाबू, लखविंदर सिंह, राकेश गंगवार, अकीन शाह, अबरार, नरेश मंगवार, दानिश अली आदि मौजूद रहे।


झोपड़ी में लगी आग को बुझाते लोग। ● अमृत विचार

## झोपड़ी में आग से नकदी समेत एक लाख का सामान जला

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव इंदरपुर में एक झोपड़ी में अचानक आग लग गई। इस दौरान झोपड़ी में रखे 15 हजार रुपये समेत एक लाख रुपये का सामान जल गया।

गांव निवासी सैलिया साहनी रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में नौकरी करती है। शुक्रवार दोपहर बारह बजे वह झोपड़ी में पोते के साथ सो रहीं थीं। आग लगने के बाद इसी बीच अचानक झोपड़ी में आग लग गई। महिला की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों समेत ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।

ग्रामीणों ने महिला और उसके पोते को झोपड़ी के भीतर से जैसे-तैसे बाहर निकाला। ग्रामीणों ने निजी संसाधनों से जैसे तैसे आग पर काबू पाया। महिला ने बताया कि आग लगने से झोपड़ी में रखे 15 हजार रुपये, अनाज, बर्तन, कपड़े, चारपाई आदि जल गया। महिला ने आग से एक लाख रुपये का नुकसान होना बताया है।

## बंटवारे के विवाद में भाभी को किया घायल

**भोट, अमृत विचार :** जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में भाई ने अपने परिजनों के साथ मिलकर भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दो लोगों का शांति भंग में चालान कर दिया है।

थाना क्षेत्र के गांव महेशपुरा निवासी जाहिद और उसके भाई सादिक में जमीन के बंटवारे के लेकर विवाद चल रहा है। गुरुवार को जाहिद की पत्नी रुखसाना घर में अकेली थी। इस बीच दोनों पक्षों के बीच जमीन के बंटवारे को लेकर कहासुनी हो गया। विवाद बढ़ने पर सादिक ने अपने जुबैर तथा महिलाओं के साथ मिलकर रुखसाना को मारपीट कर घायल कर दिया।

सूचना पर जाहिद भी घर पहुंच गया। उसने पत्नी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक ज्योति सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गयी है। सादिक व जुबैर का शांति भंग में चालान कर दिया गया है अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।


पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी राजेश द्विवेदी। ● अमृत विचार

## पुलिस अधीक्षक ने किया पुलिस लाइन का निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और निरीक्षण किया। परेड में लगे पुलिसकर्मियों का टर्न आउट चेक किया । सभी को सख्ती के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए।

रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने परेड की सलामी ली। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया। इसके बाद उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, कैटीन, मनोरंजन कक्ष, पुलिस म्यूजियम, लाइब्रेरी आदि का निरीक्षण किया। परिसर की साफ-सफाई समेत आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुए की मौत

संवाददाता, स्वार

- वन विभाग ने पोस्टमार्टम के बाद पीपली वन में किया अंतिम संस्कार
- कई दिन से ग्रामीणों में थी तेंदुए की दहशत

**अमृत विचार :** पानीपत खटीमा मार्ग पर जंगल में भटक रहे तेंदुए की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी तेंदुए को पीपली वन ले गए। चिकित्सकों ने उसका पोस्टमार्टम किया। इसके बाद वनकर्मियों ने तेंदुए का वन में अंतिम संस्कार कर दिया।

उत्तराखंड से भटककर तेंदुआ मसवासी क्षेत्र में आ गया था। लगभग एक सप्ताह से क्षेत्र में तेंदुआ दिखाई देने से लोगों मे भय था। वन विभाग से लगातार तेंदुए को पकड़ने की मांग की जा रही थी। भय के कारण ग्रामीण घरों में कैद हो गए थे। वन विभाग ने जंगल में कांबिंग भी की थी लेकिन तेंदुआ हाथ नहीं लग सका था।

शुक्रवार तड़के पानीपत-खटीमा मार्ग स्थित गांव जगन्नाथपुर के निकट तेजगति से आ रहे अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहें तेंदुए को टक्कर मार दी। इसमें तेंदुए की मौके पर ही मौत हो गई। सड़क पर तेंदुए के शव को देख लोगों ने वन रेंजर मुजाहिद हुसैन व पुलिस को सूचना दी। वन दरोगा शील कुमार वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। मृत तेंदुए को देखने के लिए भारी भीड़ लग गई। इस बीच पुलिस भी पहुंच गई। वनकर्मी तेंदुए को पीपली वन ले गए। चिकित्सकों ने तेंदुए का पोस्टमार्टम करके वन विभाग को सौंप दिया। वनकर्मियों ने उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वन रेंजर मुजाहिद हुसैन ने बताया कि मादा तेंदुए का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार कर दिया है।


तेंदुए के पोस्टमार्टम के बाद चिकित्सकों के साथ डीएफओ एवं अन्य। ● अमृत विचार

## आग की चपेट में आकर महिला झुलसी, गंभीर

**स्वार, अमृत विचार :** गैस के चूल्हे पर काम करते समय आग की चपेट में आकर महिला बुरी तरह झुलस गई। ग्रामीणों ने उसे सीएचसी में भर्ती कराया। चिकित्सक ने हालत नाजुक बताते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

तहसील क्षेत्र के गांव खेड़ा पारसल निवासी 55 वर्षीया प्रवेश बेनीवाल के पति का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो गया है। उन्होंने दो बेटियों की शादी कर दी थी। बेटा हर्ष बेनीवाल आस्ट्रेलिया में रहता है। गुरुवार की रात व गैस के चूल्हे पर काम कर रही थीं। इस दौरान महिला गैस चूल्हे की आग की चपेट में आकर बुरी तरह झुलस गई। शुक्रवार की सुबह कोई ग्रामीण उनके घर गया तो देखा कि प्रवेश बेनीवाल झुलसी पड़ी थीं। ग्रामीण के बताने पर आसपास के तमाम लोग एकत्र हो गए। इसके बाद उन्होंने महिला को सीएचसी में भर्ती कराया।


ग्राम तुमड़िया स्थित तालाब का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार

## तेजी से शुरू कराएं तालाब की खोदाई व सुंदरीकरण

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने तहसील सदर के ग्राम तुमड़िया स्थित तालाब का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि तालाब की खोदाई और सुंदरीकरण तेजी से शुरू कराया जाए। ताकि बारिश के दौरान वहां भारी मात्रा में जल संरक्षित हो सके।

पूर्व में तालाब के रूप में राजस्व अभिलेखों में दर्ज जमीन के कुछ हिस्से पर तालाब था, परंतु कुछ जमीन पर अवैध कब्जा था। इसे एसडीएम के नेतृत्व में राजस्व टीम ने खाली कराया था। खाली कराई गई इस जमीन को भी तालाब में शामिल करके उसे वृहद तालाब के रूप में विकसित करने के लिए जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर मोनिका सिंह भी मौजूद रहीं।

**सुझाव** विधायक ने सीएमएस को दिए जिला अस्पताल के कर्मियों के आईकार्ड बनवाने के निर्देश

## क्यूआर आधारित होंगे पहचान पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने कहा कि जिला अस्पताल के स्टॉफ की पहचान के लिए क्यूआर कोड आधारित आई कार्ड होने चाहिए। सात दिन में यह कार्य कर लिया जाए। ताकि अस्पताल में आने वाले बाहरी तत्वों पर रोक लग सके।

शुक्रवार को शहर विधायक ने जिला अस्पताल स्थित ब्लड बैंक, मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं का निरीक्षण किया। इस बीच किसी ने ब्लड बैंक के कर्मचारियों के व्यवहार को लेकर शिकायत कर दी। इस पर उन्होंने तुरंत संबंधित कर्मचारी को तलब कर लिया। समझाया कि आगे से शिकायत नहीं आनी चाहिए। उन्होंने ब्लड बैंक में रक्तदान के लिए आने वाले रक्तदाताओं की जानकारी ली। सीएमएस डॉ. एसके मित्रा को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल में रात के समय स्टॉफ के अलावा बाहरी तत्वों का जमावड़ा लगने की शिकायतें मिल रही हैं। कई बार तो यह बाहरी तत्व मरीज के उपचार में बाधक बनते हैं।

उनका आर्थिक शोषण करते हैं। वार्डों में भर्ती मरीजों के सामान आदि गायब होने की भी शिकायतें आम हैं। ऐसे में जरूरी है कि स्टाफ की जानकारी होनी चाहिए। इसके लिए जिला अस्पताल के सभी कर्मचारियों के क्यूआर कोड आधारित आई कार्ड बनाए जाएं। ताकि कोई यहां आए और क्यूआर कोड को स्कैन करे तो स्टाफ की जानकारी मिल जाएगी। इससे अस्पताल में बाहरी तत्वों पर रोक लग सकेगी और सुविधाएं भी बेहतर हो जाएंगी। कहा कि एक सप्ताह बाद वह फिर से जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लेंगे।


जिला अस्पताल में सीएमएस से बात करते विधायक आकाश सक्सेना।

## डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में दूसरे गवाह से हुई जिरह

**रामपुर, अमृत विचार :** डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में अभियोजन पक्ष ने बचाव पक्ष के दूसरे गवाह से जिरह की, जो पूरी हो गई। अब इस मामले में 20 जून को सुनवाई होगी। इस मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है।

डूंगरपुर से जुड़े एक मामले की सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। इसमें सपा नेता आजम खां पर मकानों पर बुलडोजर चलवाने, मारपीट और लूटपाट करने के आरोप लगे थे। इस मामले में आजम खां सहित कई लोगों पर मुकदमे दर्ज हुए थे। पुलिस ने इस मामले में विवेचना के बाद चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इसकी सुनवाई एमपी- एमएलए सेशन कोर्ट में चल रही है। बुधवार को बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह इकराम और फुरकान पेश किए थे। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि शुक्रवार को गवाह इकबाल से जिरह की गई, जो पूरी हो गई। अब इस मामले में 20 जून को सुनवाई होगी।

# पिकअप से टकराकर नदी में गिरा डंपर, तीन घायल

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार की सुबह शाहबाद-रामपुर मार्ग पर बड़ा हादसा हो गया। सामने से आ रही पिकअप को बचाने के चक्कर में डंपर रेलिंग तोड़ता हुआ रामगंगा में जा गिरा। हादसे के बाद चीख-पुकार मच गई। रामपुर में आयोजित बैठक में शामिल होने जा रहे अधिकारियों ने राहगीरों की सहायता से डंपर के साथ गिरे चालक को नदी से निकलवाया। इसके बाद एंबुलेंस से घायलों को सीएचसी भेज दिया।

पंजाब के पटियाला जनपद के दुलका थाना क्षेत्र के गांव देवीनगर निवासी हरप्रीत खाली डंपर लेकर रामपुर की ओर से आ रहा था। इधर, जनपद बरेली के थाना शाही के गांव वसाई निवासी राधेश्याम और इरशाद पिकअप लेकर रामपुर की ओर जा रहे थे। रामगंगा पुल पर पिकअप ओवरटेक करते हुए अचानक डंपर के सामने आ गई। पिकअप को बचाने के चक्कर में हरप्रीत का डंपर बेकाबू हो गया। पिकअप को साइड मारकर पुल की रेलिंग तोड़ता हुआ डंपर नदी में जा गिरा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

वहीं, पिकअप में सवार दोनों लोग भी जख्मी हो गए। इस दौरान एसडीएम सुनील कुमार प्रथम और तहसीलदार शिव कुमार शर्मा रामपुर में होने वाली बैठक में शामिल होने जा रहे थे। हादसा देख वह भी रुक गए। उन्होंने लोगों की मदद से नदी में गिरे डंपर के अंदर के फंसे हरप्रीत को बाहर निकलवाया और सीएचसी भिजवाया। सीएचसी से हरप्रीत और राधेश्याम को रामपुर रेफर कर दिया गया।


शाहबाद-रामपुर मार्ग पर हादसे के बाद लगा जाम।


हादसे के बाद रामगंगा में गिरे डंपर को देखते राहगीर।

### दुर्घटना

- शाहबाद-रामपुर मार्ग स्थित रामगंगा सेतु पर हुआ हादसा
- पिकअप को बचाने के चक्कर में रेलिंग तोड़कर नदी में गिरा डंपर

### हादसे के बाद आधा घंटा लगा रहा जाम

रामगंगा पुल पर डंपर समेत चालक के नदी में गिरने के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इस घटना की वजह से करीब आधा घंटा शाहबाद-रामपुर मार्ग बाधित रहा। डंपर की साइड लगने से पिकअप बीच सड़क पर आ गई। इससे वाहनों की लंबी कतार लग गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप को हटवाकर जाम खुलवाया।

## एक नजर


अवैध खनन में सीज किए गए ट्रैक्टर-ट्राली के साथ नायब तहसीलदार।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर व ट्रॉली को किया सीज

**शाहबाद, अमृत विचार :** मिट्टी के अवैध खनन पर प्रशासन की छापामारी जारी है। शुक्रवार को नायब तहसीलदार अरविंद कुमार शर्मा ने ट्रैक्टर-ट्रॉली सीज कर दी। ट्राली को तहसील परिसर में खड़ा करा दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली कि रुस्तमपुर गांव में मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा है। इस पर वह मौके पर पहुंच गए। गांव में एक ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी को अवैध खनन करते पकड़ा गया। बताया कि खननकर्ता के पास कोई परमिट नहीं मिला। इस पर ट्रैक्टर-ट्राली को सीज कर दिया गया।

### युवक ने घर में घुसकर युवती को पीटा, रिपोर्ट

**स्वार, अमृत विचार :** मामूली बात पर युवक ने घर में घुसकर युवती को पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली के गांव सवाई की मडैया निवासी रितिका के परिजन बाहर मजदूरी करने गए थे। किसी बात को लेकर गांव के ही रोहित से उसका विवाद हो गया। आरोप है कि रोहित उसके घर में घुस गया और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। युवती की चीख सुनकर आसपास के ग्रामीण आ गए। तब युवक जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। घायल युवती को सीएचसी में भर्ती कराया। युवती की मां ने रोहित के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में चोर दरवाजे के आगे खड़ी बाइक चुराकर ले गए। पुलिस को तहरीर दे दी गई है। भजनपुर गांव निवासी मुस्लिम ने बताया कि शुक्रवार की दोपहर उसने अपनी बाइक अपने घर के आगे दरवाजे पर खड़ी की थी। कुछ देर बाद उसने दरवाजे पर जाकर देखा तो बाइक वहां से गायब थी। यह देख उसके होश उड़ गये। काफी देर तक बाइक को तलाश किया लेकिन, कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी।

# इमाम का जहूर होने पर पाक-ओ-पाकीजा हालत में हों लोग : मौलाना

## इमाम ने कर्बला से कूफा और शाम तक के सफर को दिमाग में रखा महफूज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- मकबरा जनाबे आलिया में हुआ मजलिस का आयोजन


मजलिस को खिताब करते मौलाना अली मोहम्मद नकवी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मौलाना अली मोहम्मद नकवी ने कहा कि इमाम मेहंदी का जहूर होने पर लोग पाको-पाकीजा हालत में हों। लोग पाको-पाकीजा रहेंगे तो इमाम का जहूर होने पर वह सीधे उनके पास पहुंच सकते हैं। मौलाना ने कहा कि कर्बला के मैदान में पांचवें इमाम जनाब बाकर अलैहिस्सलाम तीन वर्ष के थे। उन्होंने कर्बला से कूफा और शाम तक के सफर को अपने दिमाग में महफूज रखा।

शहर के मोहल्ला गुइया तालाब स्थित मकबरा जनाबे आलिया में जुमे की नमाज के बाद हुई सैयद अली जामिन जैदी, सैयद रियाज हैदर, सैयद सुहेल अब्बास आबदी और फाखरा बेगम की ईसाले सवाब की मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा कि कर्बला के मैदान में पांचवें इमाम बाकर अलैहिस्सलाम ने भरे घर को लुटते हुए देखा। तीन साल की उम्र में उन्होंने कर्बला से कूफा तक के सफर में अपनों के सिरों को नोके नेजा पर देखा। इन्होंने कर्बला से कूफा और शाम तक के सफर की तमाम दुश्वारियों को बर्दाश्त किया।

कहा कि उन्होंने हजरत जैनुल आबेदीन के गले में खारदार तौक, हाथों में हथकड़ियां और पैरों में बेड़ियां देखीं। शाम के दरबार में मां और बहनों को खड़े देखा। कहा कि हजरत बाकर अलैहिस्सलाम ने बचपन से जवानी तक बहुत दुख और दुश्वारियों को सहा। यही वजह है कि हजरत बाकर अलैहिस्सलाम ने जो कुछ भी लिखा है वह सब कुछ आंखों देखा और आपबीती है। कहा कि यजीद की फौज ने कर्बला से कूफा और शाम तक के सफर में नबी जादियों पर बहुत जुल्म किए। ऊंटों पर बीबियों को बिना अमारियों के बैठा दिया गया और बच्चे ऊंट से गिर कर शहीद हो जाते थे। बाकर अलैहिस्लाम ने कहा कि हजरत बाकर अलैहिस्सलाम के बाप, बेटा, दादा सब इमाम हैं। हजरत बाकर अलैहिस्सलाम ने अपनी किताबों में तमाम जुल्मों का जिक्र किया है। कहा कि जल्दी ही इमाम का जहूर होगा। इसलिए लोग पाको-पाकीजा रहें। मजलिस में मिर्जा मुज्तबा बेग, कमल रिजवी, इरफान जैदी, राशिद ऐजाज, अकरम जैदी, आरिफ हुसैन, मेहंदी अब्बास, अली जाफर, असलम महमूद, सैयद मोहम्मद अली जैदी, शब्बर मियां, जहीर अब्बास, जौहर सैफी आदि मौजूद रहे।

### स्पीड ब्रेकर पर गिरे बाइक सवार युवक की मौत



**मसवासी, अमृत विचार :** स्पीड ब्रेकर पर उछलकर गिरे बाइक सवार युवक की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। इससे परिजनों में कोहराम मचा है।

क्षेत्र के गांव मंसूरपुर निवासी 38 वर्षीय मनोज कुमार बुधवार को पट्टीकलां की ओर जा रहे थे। मिलक-नौखरीद गांव में बने स्पीड ब्रेकर पर मनोज की बाइक फिसल गई थी और वह उछलकर दूर जा गिरे। सिर सड़क पर लगने से मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन-फानन में उसे काशीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मनोज ने शुक्रवार की सुबह दम तोड़ दिया। इससे परिजनों में कोहराम मच गया। मनोज की मौत से उसकी पत्नी व तीनों बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि स्पीड ब्रेकर की वजह से क्षेत्र के गांव बिजारखाता में भी बुधवार की देर रात खनन लदा डंपर अनियंत्रित होकर ईश्वर देव की दुकानों में घुस गया था। दुर्घटना में दुकानों के शटर और आगे लगा टीनशेड क्षतिग्रस्त हो गया था।

## एचटी लाइन का क्षतिग्रस्त खंभा बदला, लोगों को मिली राहत

अमृत विचार — खबर का असर

संवाददाता, दढ़ियाल


क्षतिग्रस्त खंभा। ● अमृत विचार


विभाग द्वारा लगाया गया नया खंभा।

**अमृत विचार :** काशीपुर मार्ग पर रतन पेट्रोल पंप के पास एचटी लाइन का खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था। विभाग के कर्मचारियों ने टूटे हुए खंभे से पर ही 11 हजार केवीए लाइन चालू कर रखी थी। इस खंभे को न बदले से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। अमृत विचार ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने इसका संज्ञान लेते हुए क्षतिग्रस्त खंभे को बदलवा दिया।

नया गांव अकबराबाद बिजली घर से नगर को आ रही 11 हजार केवीए की लाइन का पोल तीन सप्ताह पूर्व अज्ञात वाहन की टक्कर से टूट गया था। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मियों ने क्षतिग्रस्त पोल पर ही एचटी लाइन को चालू कर दिया था। इससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने कई बार क्षतिग्रस्त पोल को सही कराने की मांग की थी। लेकिन किसी अधिकारी ने ध्यान नहीं दिया था। लोगों की समस्या को देखते हुए अमृत विचार ने चार जून के अंक में टूटे हुए पोल से गुजर रही एचटी लाइन, हादसे का अंदेशा शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। इसके बाद अधिकारियों ने मामले का संज्ञान लिया था। क्षतिग्रस्त पोल की जगह नया पोल लगा दिया गया। इसके बाद राहगीरों ने राहत की सांस ली।

# ईदगाह में होगी ईद उल अजहा की नमाज

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पुलिस लाइन में बैठक के दौरान मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कहा कि ईद उल जुहा के दौरान नमाज ईदगाह के अंदर ही होगी। नगरीय क्षेत्रों में नगर पालिका और नगर पंचायतों द्वारा व्यापक स्तर पर साफ-सफाई कराई जाएगी। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। इसलिए कोई भी व्यक्ति भ्रामक खबरों का प्रसार न करें। इससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

ईद उल अजहा को लेकर पुलिस लाइन में शुक्रवार को बैठक हुई। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति शांति व्यवस्था को किसी भी रूप में प्रभावित करने का प्रयास करेगा तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई होगी। सम्भ्रांतजनों की भी यह जिम्मेदारी है कि वह लोगों को अपनी धार्मिक मान्यता के अनुसार शांतिपूर्ण माहौल में अपने त्योहार मनाने के लिए प्रेरित करें। बैठक में मौजूद लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। कहा कि यदि कोई समस्या हो तो समय से बता दें, ताकि समाधान हो सके। सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के साथ प्रशासनिक स्तर से मजिस्ट्रेट भी तैनात कर दिए गए हैं। यह शांति एवं कानून व्यवस्था के लिए भ्रमणशील रहेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध भी प्रशासनिक स्तर से अभियान शुरू कर दिया है। इसमें सभी संभ्रांतजन सहयोग करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन लालता प्रसाद शाक्य, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक अतुल श्रीवास्तव सहित सभी एसडीएम, क्षेत्राधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### प्रशासन ने भूमि को कराया कब्जा मुक्त

**बिलासपुर, अमृत विचार :** प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए हाईवे की जद में आने वाली भूमि को कब्जा मुक्त करा लिया। दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

एनएचएआई के अधिकारियों ने तहसील पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों से हाईवे की जद में आने वाली भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की थी। उनका आरोप था कि मुआवजा मिलने के बाद भी कुछ लोग हाईवे की भूमि से कब्जा छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। तहसीलदार निश्चय कुमार द्वारा गठित ठीम बुल्डोजर लेकर मौके पर पहुंच गई। टीम ने सबसे पहले भूमि की पैमाइश की। इसके बाद हाईवे की जद में आने वाले अवैध निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इस मौके पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार और सचिन कुमार के अलावा राजस्वकर्मी भी मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

## अवशेष फेंकने को बोरियों की व्यवस्था कराए पालिका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबर खान ने कहा कि 17 जून को ईद उल अजहा का त्योहार मनाया जाएगा। इसके तहत पालिका प्रशासन कुर्बानी के जानवरों के अवशेष फेंकने के लिए बोरियों और कट्टों की व्यवस्था कराए।

पहाड़ी गेट स्थित ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के कार्यालय में शुक्रवार को हुई बैठक में जिलाध्यक्ष असलम खान कहा कि ईद का त्योहार तीन दिन तक मनाया जाता है। इस दौरान बिजली कटौती न की जाए। नगर अध्यक्ष अर्शी खान ने कहा कि मस्जिदों के बाहर साफ-सफाई कर पालिका प्रशासन चूना डलवाए। इस अवसर पर जमीर रिजवी, राहत जान खां, फैजान खान, मौलाना शादाब कादरी, बाबू खान और अफसर खां आदि मौजूद रहे।

### पुलिस से लगाई किशोरी को वापस दिलाने की गुहार

**मसवासी, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते शाहजहांपुर की किशोरी मसवासी पहुंच गई। इससे परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उसे तलाश करते हुए मसवासी पहुंच गए। किशोरी को वापस देने की गुहार लगाई मगर दोनों युवकों ने किशोरी को वापस देने से इन्कार कर दिया। किशोरी के परिजनों ने पुलिस ने किशोरी को वापस दिलाने की गुहार लगाई है।

मसवासी क्षेत्र के दो युवक शाहजहांपुर में सिलाई का काम करते थे। एक युवक का किशोरी से मोबाइल पर प्रेम प्रसंग हो गया। बाद में दोनों युवक किशोरी को मसवासी ले आए। परिजन उसे तलाशते हुए शुक्रवार को मसवासी पहुंच गए। उन्होंने युवकों से किशोरी को वापस देने की गुहार लगाई। लेकिन उन्होंने मना कर दिया। तब परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर किशोरी को दिलाने गुहार लगाई। चौकी प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि जांच की जा रही है।

## शाहबाद के ताईक्वांडो खिलाड़ी ने मुरादाबाद में बिखेरा जलवा

संवाददाता, शाहबाद


अंश यादव को सम्मानित करतीं एएसपी अनुकृति शर्मा। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंश यादव ने एक बार फिर शाहबाद का नाम रोशन किया है। उसने मुरादाबाद में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर शाहबाद का परचम लहराया है। मुरादाबाद की आरएसडी एकेडमी की ओर से आयोजित प्रतियोगिता में अमरोहा, संभल, नजीबाबाद, बरेली एवं बदायूं के लगभग 300 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

इनमें शाहबाद के ठिरिया जदीद गांव निवासी सुनील यादव के बेटे अंश यादव (12) ने स्वर्ण पदक जीतकर जनपद व तहसील का नाम रोशन किया है। स्वर्ण पदक जीतने पर बहजोई की एएसपी अनुकृति शर्मा ने अंश यादव को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। अंश के पिता ने बताया कि इससे पहले भी उनका बेटा कई स्वर्ण पदक अपने नाम कर चुका है। अंश के स्वर्ण पदक जीतने पर परिवार में खुशी का माहौल है।


निरीक्षण के बाद जिला कारागार से निकलते अधिकारी। ● अमृत विचार

## अधिकारियों ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिला जज सत्य प्रकाश त्रिपाठी, जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने जिला जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल अधीक्षक से कैदियों के बारे में जानकारी ली। पूरी जेल का भ्रमण करके व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं।

# प्लास्टिक-पॉलीथिन रखने वालों पर कसा शिकंजा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह के निर्देश पर जनपद की समस्त नगर पालिका एवं पंचायतों में प्रतिबंधित प्लास्टिक व पॉलीथिन के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। इसमें अधिशासी अधिकारियों ने 46 प्रतिष्ठानों से 26 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त की। 1.7 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

प्रभारी अधिकारी संदीप कुमार वर्मा ने बताया कि शहर से 41,000 रुपये जुर्माने के वसूले गए। जबकि स्वार से 3,000, टांडा से 6,000, मिलक से 5,000, बिलासपुर से 26,000, केमरी से 3,000, शाहबाद से 4,000, मसवासी से 3,000, सैफनी से 6,000, दढ़ियाल से 5,000 एवं नरपतनगर दूंदावाला से 5,000 रुपये जुर्माना वसूला गया। इस दौरान 46 दुकानों व संस्थानों पर छापे मारे गए।


दुकान में छापेमारी करती टीम। ● अमृत विचार


साप्ताहिक बाजार में छापेमारी करती टीम। ● अमृत विचार

### 370 ग्राम पॉलीथिन जब्त कर चार हजार रुपये जुर्माना वसूला

**शाहबाद, अमृत विचार :** दुकानदारों को पॉलीथिन का इस्तेमाल करना भारी पड़ गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत की टीम ने बाजार में छापेमारी की। इस दौरान दस दुकानों पर पॉलीथिन का इस्तेमाल करने पर जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप रहा। एसबीएम प्रभारी मुजीब मियां ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर शुक्रवार को छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दस दुकानों से 370 ग्राम पॉलीथिन जब्त की गई। इनसे चार हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। दोबारा पॉलीथिन का प्रयोग न करने की हिदायत भी दी गई। कहा कि यदि कोई दुकानदार प्रतिबंधित पॉलीथिन का इस्तेमाल करता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। टीम में रिजवान खान, अरशद, जसवंत, राजू, शोएब, प्रमोद, विजय आदि शामिल रहे।

बैठक — सामूहिक योगाभ्यास और अन्य गतिविधियां चलाने पर दिया जोर, 15 से 21 जून तक मनाए जाएगा योग सप्ताह : सीडीओ

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने की तैयारियों में जुटा प्रशासन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


बैठक में बोलते सीडीओ डा. नंद किशोर कलाल। ● अमृत विचार


रोशनबाग में योगाभ्यास करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी डा. नंद किशोर कलाल ने बताया कि सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में शिक्षकों, शहरी आंगनबाड़ी, आशाओं, शहरी सफाई कर्मी, विकास भवन एवं कलेक्ट्रेट में संचालित सभी कार्यालयों के कर्मचारी, पीआरडी जवान, नेहरू युवा केन्द्र, आर्ट ऑफ लिविंग से सम्बन्धित सभी एनजीओ तथा छात्र-छात्राएं शामिल होंगे। शासन के निर्देशानुसार सभी विकास खंडों, तहसीलों, नगर पंचायत, नगरपालिका, ग्राम पंचायत, पब्लिक पार्क एवं समस्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों आदि में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम एवं अन्य गतिविधियां कराई जाएं।

विकास भवन सभागार में शुक्रवार को हुई बैठक में सीडीओ ने कहा कि 21 जून को महात्मा गांधी स्टेडियम फिजिकल ग्राउंड में होने वाले दशम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन के लिए समीक्षा बैठक की। मुख्य विकास अधिकारी ने क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी को नोडल अधिकारी तथा जिला विकास अधिकारी एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को सह नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए। 15 से 21 जून तक योग सप्ताह मनाने तथा योग सप्ताह में रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, योगासन प्रदर्शन तथा सेमीनार व संगोष्ठी कराने के लिए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि खंड विकास अधिकारियों द्वारा विकास खंड स्तर पर तथा अधिशासी अधिकारी द्वारा नगर पालिका स्तर पर बड़े कार्यक्रम का आयोजन कराया जाए। कार्यक्रम में टैंट, पानी, साउंड आदि की समुचित व्यवस्था के लिए क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी तथा चिकित्सा व एंबुलेंस आदि की व्यवस्था के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए। बैठक में जिला विकास अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय आर्युर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

### रोशन बाग में भी चल रहीं तैयारियां

**रामपुर, अमृत विचार :** चेतना योग संस्था के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र गुप्ता ने बताया कि 11 जून से सरकारी प्रोटोकॉल के अनुसार सतीश चन्द्र भाटिया द्वारा प्रातः 5:30 से योगाभ्यास कराया जा रहा है। 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर तैयारी की जा रही हैं। लोग पार्क में आयोजित योगाभ्यास में हिस्सा ले रहे है। इस वर्ष भी चेतना योग संस्था की ओर से रोशन बाग औद्योगिक स्थान में 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस योग होगा। इसकी तैयारी जोर शोर से चल रही है। इसमें प्रतिदिन 35-40 सदस्य योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करते हैं। इस दौरान संस्था के संरक्षक लक्ष्मीनारायण, विशिष्ट अतिथि रमेश चन्द्र अग्रवाल के अलावा प्रतिदिन काफी सदस्य उपस्थित रहते हैं।


नवागत कोतवाल को स्मृति चिन्ह भेंट करते गोरक्षा वाहिनी के कार्यकर्ता।

## गोरक्षा वाहिनी ने नवागत कोतवाल का किया स्वागत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** शुक्रवार को गोरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष धर्मपाल सिंह लोधी की टीम के साथ नवागत कोतवाल प्रिंस शर्मा का स्वागत किया। उन्होंने कोतवाल को स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

गोरक्षा वाहिनी के सदस्यों ने उन्हें क्षेत्र में व्याप्त गोवंश की समस्या से अवगत कराया। कोतवाल ने उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष गंगाराम लोधी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष जाकिर अली एवं किसान मोर्चा के बाबू हुसैन चौधरी आदि शामिल रहे।

# रास्ते पर पड़े घूर हटवाए, ग्रामीणों को राहत

## रास्ता साफ होने से लोगों को आवाजाही में हो रही आसानी, खबर का अधिकारियों ने लिया संज्ञान

अमृत विचार
खबर का असर

संवाददाता, शाहबाद


**अमृत विचार :** विकास खंड के गांव लश्करगंज में घूर डालकर किए गए अवैध कब्जे खबर को अमृत विचार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। खबर का असर हुआ और सचिव व ग्राम प्रधान ने घूर डालकर सड़क पर किए गये कब्जे हटा दिए। इससे ग्रामीणों को आवागमन में सहूलियत मिली है।

विकास खंड के गांव लश्करगंज में कुछ लोगों ने घूर डालकर सड़क पर कब्जे कर लिए थे। इससे ग्रामीणों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। घूर डालने से फैली गंदगी से मच्छर भी पनप रहे थे। बीमारी फैलने की आशंका थी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि रोस्टर जारी होने के बावजूद गांव में सफाई नहीं हो रही है।

उन्होंने सड़क किनारे पड़े घूर हटाने व साफ-सफाई को लेकर ग्राम प्रधान व सचिव से शिकायत भी की, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। सड़क पर अवैध कब्जे की शिकायत को अमृत विचार ने 29 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया था। विभागीय अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेते हुए सड़कों पर पड़े घूर हटवा दिए।


घूर डालकर सड़क पर किए कब्जे, पसरी गंदगी

29 मई के अंक में प्रकाशित खबर। ● अमृत विचार


घूर हटवाने के बाद मौके पर मौजूद सचिव व ग्राम प्रधान। ● अमृत विचार

"रोस्टर जारी होने के बाद भी गांव में सफाई नहीं हो रही थी। जिम्मेदारों से शिकायत के बावजूद सुनवाई नहीं हुई। हम अमृत विचार को धन्यवाद देते हैं। खबर प्रकाशित होने के बाद सड़क से घूर हटाए गए। - वीरेश शर्मा, क्षेत्र पंचायत सदस्य


"सड़क पर घूर डलने से गंदगी पसरी थी। इससे आवागमन में भी मुश्किल हो रही थी। बीमारी पनपने का खतरा अभी मंडरा रहा था। अमृत विचार में खबर छपने के बाद घूर हट सके। - किशनपाल, ग्रामीण


"सड़क से घूर हटाने के लिए कई बार शिकायतें की गई लेकिन, नहीं हटे। घूरों से फैली गंदगी से बुरा हाल था। अच्छा हुआ कि बरसात से पहले ही घूर हटा दिए गए। - नोनीराम, ग्रामीण


"लोगों ने सड़क पर घूर डालकर कब्जा कर लिया था। शिकायतों के बाद भी घूर नहीं हटाए गए तो मीडिया का सहारा लेना पड़ा। अमृत विचार में खबर छपने के बाद घूर हट सके। - रामपाल वर्मा, ग्रामीण

## एक नजर

### जेठानी ने देवरानी को किया लहूलुहान

**बिलासपुर, अमृत विचार :** विवाद के चलते जेठानी ने अपने पति के साथ मिलकर धारदार हथियार से देवरानी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। केमरी पुलिस ने घायल का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार व परीक्षण कराया है। रिपोर्ट भी दर्ज कर ली गई है। थाना क्षेत्र के पजावा गांव निवासी सोनी ने बताया कि रास्ते में उसके पति की बाइक खड़ी थी। इसी बात को लेकर जेठानी ने गाली-गलौज शुरू कर दी। मना करने पर जेठानी समरीन जहां व जेठ मोहम्मद इरशाद ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान जेठानी ने उसके सिर में कोई धारदार वस्तु मार दी। जिससे वह लहूलुहान हो गई।

### तोड़फोड़ करने में पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट

**सैफनी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के सराय महेश गांव निवासी शिव औतार की ओर से पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें कहा गया है कि उसने सैफनी के शाहबाद-बिलारी रोड पर मोटर साइकिल बाजार के सामने प्लाट खरीद कर चहारदीवारी बनाई थी। इस पर टीन शेड डालकर ऑफिस बनाया था। शिवालय मंदिर मोहल्ला निवासी शमीम व उसके भाई लईक, रईस और पुत्र वसीम सहित कुछ अज्ञात लोगों ने 13 जून की रात टीन शेड को जेसीबी से गिरा दिया। आरोप है कि टीन शेड में रखा सरिया, सीमेंट के कट्टे, सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर तथा कुर्सी चुराकर ले गए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### ग्रामीण की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**रामपुर, अमृत विचार :** रिश्तेदार के यहां गए युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने पुलिस को तहरीर दे दी है। खजुरिया थाना क्षेत्र के गांव वैनपुर निवासी तेज सिंह पत्नी गीता देवी के साथ अपने साढ़ू चन्द्रपाल निवासी लाम्बाखेड़ा थाना नवाबगंज जिला बरेली के घर गया था। वहां उसका अपने साढ़ू चंद्रपाल से विवाद हो गया था। इसके बाद अचानक उसकी तबियत खराब हो गई। पत्नी गीता देवी व अन्य लोग उसे बरेली निजी अस्पताल ले गये। जहां डाक्टरों ने तेज सिंह को मृत घोषित कर दिया। गीता देवी पति के शव को ग्राम वैनपुर ले गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचायतनामा भरकर तेज सिंह के शव को जिला अस्पताल में रखवा दिया है।


प्रशस्ति पत्र दिखाते डीएम-एसपी। ● अमृत विचार

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने डीएम और एसपी को दिया प्रशास्ति पत्र

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी को प्रशस्ति पत्र दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान उत्कृष्ट प्रबंधन तथा शांतिपूर्ण एवं सकुशल माहौल में मतदान तथा मतगणना संपन्न कराने के लिए डीएम और एसपी के प्रयासों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सराहा गया है।

जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में आयोजित बैठक में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। बैठक में मौजूद लोगों को बधाई भी दी। कहा कि जनपद वासियों के सकारात्मक सहयोग और जिम्मेदार रवैया के परिणामस्वरूप ही प्रशासनिक स्तर से लोकसभा चुनाव में मतदान और मतगणना को निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप शांतिपूर्ण, सकुशल और निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराना संभव हो सका है।

# साप्ताहिक बंदी के दिन चलाया अभियान

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** साप्ताहिक बंदी के चलते शुक्रवार को नगर का बाजार बंद रहा। इसके बाद भी पालिका की टीम ने पालीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया। टीम ने खानापूरी करते हुए दो दुकानदारों पर 26 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया।

शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी के चलते बाजार पूरी तरह बंद रहता है। साप्ताहिक बंदी के दिन पालिका द्वारा पॉलीथिन के विरुद्ध अभियान चलाया गया। टीम ने सिनेमा मार्ग, माठखेड़ा मार्ग, नैनीताल हाईवे, केमरी तिराहा, मुख्य चौराहा, डाकखाना मार्ग आदि स्थानों पर चेकिंग अभियान के नाम पर खानापूर्ति की। अधिशासी अधिकारी नवनीत कुमार सिंह ने नगर के दो दुकानदारों के पास से अधिक मात्रा में पालीथिन बरामद होने पर लगभग 26 हजार का जुर्माना लगाया। भविष्य में पालीथिन रखने या बेचने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

उधर, पालीथिन के विरुद्ध अभियान चलाने की सूचना पाकर गलियों में बैठे छोटे परचूनी दुकानदार अपनी-अपनी दुकान बंद करके घर में बैठ गए। ईओ ने बताया कि अभियान के दौरान दो लोगों के चालान काटे गए हैं।


पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाते अधिकारी। ● अमृत विचार

### नगर पालिका ने पॉलीथिन के खिलाफ चलाया अभियान

**टांडा, अमृत विचार :** शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देश पर ईओ के मार्गदर्शन में पालिका की टीम ने नगर में पॉलीथिन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने दुकानों, ठेलों और फड़ों पर छापेमारी कर दो किलो दो सौ ग्राम पॉलीथिन जब्त की। सम्बन्धितों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई भी की गई। शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह के निर्देश पर ईओ पुनीत कुमार के मार्गदर्शन में पालिका की टीम ने नगर में पॉलीथिन के खिलाफ अभियान चलाकर प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की। विभिन्न दुकानों, ठेले वालों एवं फड़ वालों के यहां से दो किलो दो सौ ग्राम पॉलीथिन बरामद की गई। इस दौरान आठ दुकानदारों पर चार हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इस दौरान लिपिक शुभम, अब्दुल रऊफ, राकेश, राजेश, मुस्तजाब, फैजान व सलमान आदि शामिल रहे।

## सार-संक्षेप


मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लेते एएसपी। ● अमृत विचार

### एएसपी ने लिया मेले की तैयारियों का जायजा

**शाहबाद, अमृत विचार :** ज्येष्ठ के दशहरे पर रविवार को श्रद्धालु रामगंगा में डुबकी लगाएंगे। इस दौरान ढकुरिया घाट पर मेला भी लगेगा। शुक्रवार को एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्राधिकारी संगम कुमार व कोतवाल प्रिंस शर्मा के साथ ढकुरिया घाट पर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहा कि श्रद्धालु गहरे जल में न जाने पाएं। इसके लिए बल्ली बांधकर रस्सी बंधवाई जाएं। दुकानदरों को रास्ता छोड़कर दुकान लगाने के निर्देश दिए। ग्राम प्रधान पप्पू से भी श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सहयोग मांगा। ग्राम प्रधान ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस दौरान एसआई आदेश कुमार भी मौजूद रहे।


लोगों को शर्बत पिलाते सिख समाज के लोग। ● अमृत विचार

### गर्मी में शर्बत पिलाकर बुझाई लोगों की प्यास

**मसवासी, अमृत विचार :** गुरु श्री अर्जुन देव के शहीदी पर्व पर बिजारखाता चौराहे पर सिख समाज ने शर्बत वितरण किया। भीषण गर्मी में लोगों ने शर्बत पीकर राहत महसूस की। सिख समाज द्वारा आज ही के दिन 14 जून को शहीदों के सरताज धन-धन गुरु श्री अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया जाता है। इस दौरान अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला मंत्री संदीप सिंह, हैप्पी, रक्षपाल सिंह, हरपाल, साहब सिंह, बग्गा,चीनू, बलवीर, अकरम, गुरदास, सोनी सुखविंदर आदि मौजूद रहे।

### गर्मी से बीमार हुए उप प्राचार्य की इलाज के दौरान मौत



**सैफनी, अमृत विचार :** कॉलेज में ड्यूटी के दौरान गर्मी से हालत बिगड़ने के बाद दो सप्ताह से चल रहे उपचार के दौरान उप प्राचार्य की मौत हो गई। कालेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। लगभग 15 दिन पूर्व महाविद्यालय में परीक्षाएं चल रहीं थीं। शाम की पाली की परीक्षा पूर्ण कराकर उप प्राचार्य 49 वर्षीय मनोज कुमार अग्रवाल निवासी आकाशदीप अपार्टमेंट रामगंगा विहार मुरादाबाद उत्तर पुस्तिका जमा करने जा रहे थे। तभी अचानक अधिक गर्मी के कारण उनकी हालात बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें सिद्ध हॉस्पिटल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया। गुरुवार शाम उनकी मौत हो गई। उनकी आत्मा की शांति के लिए शुक्रवार को महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय के स्टाफ ने दो मिनट का मौन धारण किया।


विजयी टीम को पुरस्कार देते अतिथि। ● अमृत विचार

### नेहरू क्लब ने ताज क्लब को 60 रन से हराया

**टांडा, अमृत विचार :** नगर के मंसब अली स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में नेहरू क्लब ने ताज क्रिकेट क्लब को 60 रन से हराकर अगले राउंड में प्रवेश कर लिया। नेहरू क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। 16 ओवर की समाप्ति पर तीन विकेट खोकर 146 रन का स्कोर बनाया। नेहरू क्लब की तरफ से कमाल ने अपनी इनिंग में चार चौकों की मदद से 46 बॉल में 37 रन बनाये। वहीं दूसरे टॉप स्कोरर शहजाद ने अपनी इनिंग में 6 चौकों की मदद से 28 गेंदों में 32 रन बनाये। अनीस ने 14 बॉल में 32 रन बनाये। ताज क्लब की तरफ से रय्यान ने 14 गेंदों में दो चौकों की मदद से 17 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ताज क्लब की शुरूआत काफी खराब रही। पावर प्ले में ही पांच विकेट गंवा दिए। इसका नुकसान यह हुआ कि उन्होंने यह मैच 60 रन से गंवा दिया। नेहरू क्लब के गेंदबाज मफाज ने दो-दो ओवर के स्पेल में सात रन देकर तीन विकेट चटकाये। मफाज को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### पुलिस चौकी में खड़े वाहनों में लगी आग

**रामपुर,अमृत विचार :** अजीतपुर चौकी में खड़े वाहनों में आग लग गई। इससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना पर फायर ब्रिगेड आ गई। इसके बाद अग्निशमन कर्मियों ने किसी तरह आग पर काबू पा लिया। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली अजीतपुर चौकी में काफी संख्या में वाहन खड़े हैं। इनमें शाम को अचानक आग लग गई। जानकारी मिलने के बाद पुलिस कर्मियों ने आग बुझाने का प्रयास किया मगर सफलता नहीं मिली। तब फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। इस घटना से काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

# समस्याओं का समाधान न होने पर हड़ताल पर रहे अधिवक्ता

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार व अन्य समस्याओं को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। अधिवक्ता कई दिन से सांकेतिक हड़ताल पर थे। शुक्रवार से अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। उनका कहना है कि समस्याओं का समाधान होने तक हड़ताल एवं विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

सात जून को आयोजित बार एसोसिएशन की बैठक में अधिवक्ताओं ने तहसील स्थित न्यायालयों एवं कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार सहित अन्य समस्याओं को लेकर रोष जताया था। उनका कहना है कि दाखिल खारिज की अविवादित पत्रावलियों का समय से निस्तारण नहीं किया जा रहा है। वर्ग मीटर में लिखे बैनामों का दाखिल खारिज भी नहीं किया जा रहा है। विभिन्न कार्यालयों में प्राइवेट व्यक्तियों द्वारा कार्यों को अंजाम देने से गोपनीयता भंग हो रही है। कई माह पूर्व स्थानांतरण होने के बावजूद रजिस्ट्रार कानूनगो को आज तक कार्यमुक्त नहीं किया गया। क्षेत्रीय लेखपाल एवं अन्य कर्मी स्थानीय तहसील में कार्यरत हैं। इनके द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। समय पर कार्य न होने से अधिवक्ता एवं वादकारी परेशान हैं।

समस्याओं पर रोष जताते हुए तहसील प्रशासन से उनके समाधान की मांग की थी। उचित समाधान न होने पर 10 से 12 जून तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने एवं मामले की शिकायत जिलाधिकारी तथा मंडलायुक्त से करने की चेतावनी दी थी। अधिवक्ताओं का आरोप है कि तहसील प्रशासन द्वारा उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया गया। नतीजतन बार एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिला मुख्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को ज्ञापन देकर समस्याओं के समाधान की मांग की। मंडलायुक्त से मिलने वह मुरादाबाद भी गए, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी।

तीन दिन तक सांकेतिक हड़ताल पर रहने और जिलाधिकारी को समस्याओं के बारे में बताने के बावजूद समस्याओं का समाधान न होने पर शुक्रवार को अधिवक्ताओं का धैर्य जवाब दे गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल भारद्वाज एवं महासचिव दिनेश कुमार चौहान के नेतृत्व में वकीलों ने शुक्रवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करने के साथ ही एसडीएम कार्यालय के सामने हंगामा एवं नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। वकीलों ने एक स्वर में कहा कि तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं को दूर किये बिना हड़ताल खत्म नहीं होगी।


तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

- समस्याओं का समाधान न होने पर वकीलों ने एसडीएम कार्यालय पर की नारेबाजी

### धरना-प्रदर्शन में यह रहे शामिल

जफर उद्दीन खां, कुंवर संजय सिंह, प्रताप सिंह चौहान, श्योराज सिंह, सोमवीर सिंह, समर सिंह, मुबशशर अली, खुर्शीद अहमद, अशोक पाल सिंह, केपी सिंह, राजवीर सिंह, प्रमोद चौहान, प्रेम सिंह, जय प्रकाश सिंह, वेद प्रकाश, सतवीर सिंह, जसपाल सिंह, नसीम परवेज, तारिक हुसैन, फारूक सैफी और गौरीशंकर वर्मा आदि।

## दुष्कर्म के दोषी को दस साल की सजा, जुर्माना

**रामपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में एफटीसी प्रथम की कोर्ट ने दोषी को दस साल कैद की सजा सुनाई। अदालत ने उस पर 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है।

मिलक थाना क्षेत्र के गांव रजपुरा निवासी राहुल का खजुरिया निवासी अपने रिश्तेदार के यहां आना-जाना था। इस दौरान उसका एक गांव निवासी युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। युवक ने खुद को सरकारी शिक्षक बताकर उसकी नौकरी लगवाने की बात भी कही। शादी का झांसा देकर उसने युवती के साथ दुष्कर्म भी किया। बाद में आरोपी ने शादी से मना कर दिया। पीड़िता ने दो जून 2021 को खजुरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। एडीजे/एफटीसी प्रथम के एडीजीसी प्रताप सिंह मौर्या ने बताया कि दोषी को अदालत दस साल की कैद और 20 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

# वॉलीबॉल में वेदान के खिलाड़ी चमके

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** वॉलीबॉल प्रतियोगिता में वेदान की टीम का जलवा रहा। वेदान की टीम ने नई बस्ती की टीम को शिकस्त देकर टूर्नामेंट अपने नाम कर लिया। गुरुवार की रात मोहल्ला अफगानान में नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष के पति वसीम खां ने किया।

टूर्नामेंट में नगर की आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच मोहल्ला वेदान और मोहल्ला नई बस्ती की टीम के बीच हुआ। वेदान की टीम ने मोहल्ला नई बस्ती की टीम को हराकर ट्रॉफी पर कब्जा किया। रेफरी रेहान और फैजान रहे। शाहबाद में खेला गया यह पहला रात्रि कालीन वॉलीबॉल टूर्नामेंट है। इसे देखने के लिए नगर व क्षेत्र के लोग भारी संख्या में पहुंचे। अलग-अलग खेमों में बैठे दर्शकों ने प्वाइंट होने पर उत्साहवर्धन कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

मुख्य अतिथि वसीम खां ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलें। खेल में हार जीत नहीं होती है। उन्होंने विजेता टीम को बधाई दी। इस मौके पर ओसामा वसीम, खालिद, फराज, मोहम्मद शहजाद सहित अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।



विजेता टीम के कप्तान को ट्रॉफी देते कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

- वेदान की टीम ने नई बस्ती की टीम को दी शिकस्त
- टूर्नामेंट में नगर की आठ टीमों ने किया प्रतिभाग

दिक्कत | बिजली विभाग के रवैये से ग्रामीणों में रोष, अधिकारियों पर लगाया समस्याओं पर ध्यान नहीं देने का आरोप

# क्षतिग्रस्त खंभों के कारण दूसरे दिन भी नहीं मिली बिजली, बेहाल रहे ग्रामीण

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** डंपर की टक्कर से टूटे बिजली के दो खंभे दूसरे दिन भी नहीं बदले जा सके। निगम के अधिकारी 40 घंटे बाद भी आपूर्ति सुचारू नहीं कर पाए। एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते नजर आए। उधर, भीषण गर्मी और तपन के चलते बिना बिजली के लोग व्याकुल रहे।

बुधवार की रात गांव गोकुल नगरी-मानपुर ओझा जाने वाले मार्ग पर लगे बिजली के दो खंभों को मिट्टी से भरे डंपर ने टक्कर मारकर ध्वस्त कर दिया था। मुख्य लाइन के खंभे टूटने से गांव की आपूर्ति बाधित हो गई थी। गुरुवार की सुबह ग्रामीणों ने इसकी शिकायत प्रशासनिक और बिजली विभाग के अधिकारियों से की थी। ग्रामीणों ने अवैध खनन रोकने और ओवरलोड डंपरों के विरुद्ध कार्रवाई तथा गांव की आपूर्ति सुचारु कराने की मांग की थी। इसके बाद भी किसी ने ग्रामीणों की समस्या पर संज्ञान नहीं लिया। बल्कि गांव से डंपरों का अवागमन अगले दिन रात में भी जारी रहा। करीब 40 घंटे बाद भी गांव की आपूर्ति सुचारु नहीं की गई तो आक्रोशित ग्रामीण बिजलीघर पहुंच गए। विभागीय कर्मियों से नोकझोक करने लगे।

ग्रामीणों को हंगामा करते देख अचानक अधिकारी सक्रिय हो गए। समस्या का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन देने लगे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के सख्त आदेशों के बावजूद अधिकारी ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। शिकायतों और समस्याओं को हवा में उड़ा दिया जाता है। वह लोग 40 घंटे से अंधेरे में हैं। भीषण गर्मी में बिजली गुल होने से परेशान हैं। प्रशासन अवैध खनन और डंपर संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने में पूरी तरह असफल है।

इस मौके पर करन हलदर, विशाल वाइन, प्रणब, सोनू बाइन, सुशांत कुमार, विप्लप घरामी, नर्मदा, बिरेन्द्र सिंह, हरपाल सिंह, ब्रजलाल, सोनू, राजीव आदि ग्रामीण मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी अभय सिंह ने बताया कि मरम्मत कराई जा रही है। बहुत जल्द आपूर्ति सुचारु करा दी जाएगी। मरम्मत के एवज में रुपये मांगने का ग्रामीणों का आरोप निराधार है।


मानपुर ओझा मार्ग पर टूटा पड़ा खम्भा। ● अमृत विचार

- बुधवार की रात मिट्टी लदे डंपर की टक्कर से टूट गए थे दो खंभे

### ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित करके शुरू कराई मरम्मत

ग्रामीणों ने बताया कि दो खम्भों को बदलवाने और तारों की मरम्मत आदि काम कराने के लिए उन्होंने शुक्रवार को चंदा एकत्र किया। आरोप लगाया कि चंदा एकत्र करने के बाद अशोक नगर बिजली घर गए। यहां चंदे से रकम देने के बाद ग्रामीणों ने खुद बिजली के खम्भों को निजी वाहन में भरा। इसके बाद ग्रामीण खम्भे लेकर गांव पहुंचे और यहां भी उन्होंने स्वयं ही खम्भों को उतारा। बिजली घर से पहुंचे कर्मियों ने मरम्मत शुरू की। इसके बावजूद प्रशासन डंपर चालक या खनन करने वालों से इस नुकसान की भरपाई नहीं करा सका। ग्रामीणों ने 40 घंटे गुजरने के बाद चंदा जमा करके स्वयं ही लाइन ठीक कराई। तहसील के किसी भी अधिकारी ने उनकी समस्या पर दो दिन तक संज्ञान नहीं लिया।

## एक नजर

### पाठ्यक्रम को लेकर भ्रामक जानकारी से बचें विद्यार्थी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने छात्रों और अभिभावकों को 2024-25 के सत्र के पाठ्यक्रम, संसाधनों और नमूना प्रश्न पत्रों पर भ्रामक जानकारी के प्रति सचेत किया। बोर्ड ने कहा कि छात्र और अभिभावक गैर-सत्यापित खबरें फैलाने वाले ऑनलाइन पोर्टलों का शिकार न बनें। सीबीएसई की सिटी को-आर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि गाइडलाइन में बताया गया है कि पता चला है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट नमूना प्रश्न पत्रों, पाठ्यक्रम, सीबीएसई संसाधनों और गतिविधियों से संबंधित पुराने लिंक और गैर-सत्यापित समाचार प्रसारित कर रहे हैं। बोर्ड के मुताबिक, ये लिंक और समाचार सत्र 2024-25 की अपडेट जानकारी प्रदान करने का झूठा दावा करते हैं। जनहित में हम जोर देकर कहना चाहते हैं कि अनधिकृत स्रोतों से प्राप्त जानकारी भ्रामक हो सकती है और स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों व अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक भ्रम पैदा कर सकती है। ऐसी किसी भी सामग्री पर विश्वास न करें।

# कृषि प्रदर्शनी की विद्युत व्यवस्था फेल, जिम्मेदार बन रहे अनजान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रोजाना कई बार बिजली सप्लाई हो रही गुल, हादसे की आशंका

**अमृत विचार :** जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी भगवान भरोसे है। प्रदर्शनी की व्यवस्था की पूर्ण तैयारी का दावा करने वाले प्रशासनिक अधिकारी भी अब नजर नहीं आ रहे है। यहां अव्यवस्थाओं से हादसे की आशंका है। प्रदर्शनी में पिछले चार दिन से बिजली आपूर्ति परेशानी का सबब बनी है। बिजली आपूर्ति कई बार ठप हो रही है। ऐसे में व्यवस्थाओं की जिम्मेदार अनदेखी कर रहे हैं।

कंपनी बाग में हर वर्ष लगने वाली जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में जिले भर से शाम के वक्त हजारों लोगों का आना होता है। कुछ लोग परिवार के साथ मनोरंजन के लिए आते हैं। यहां की सारी व्यवस्था व सुरक्षा की जिम्मेदारी प्रशासनिक अधिकारियों की होती है। लेकिन इस बार सारी व्यवस्था भगवान भरोसे नजर आ रही है। पिछले चार दिन से बिजली आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं मिल पा रही है। शाम सात बजे से रात 12 बजे तक कई बार बिजली आपूर्ति 30 से 45 मिनट तक गायब रहती है।

वहीं ठेकेदार द्वारा जनरेटर की व्यवस्था भी नहीं की जा रही है। चार दिन से लगातार फेल हो रही है। जिससे अंधेरा होने के कारण महिला, बच्चों के साथ हादसे की आशंका होती है। लेकिन पांच दिन से होने वाली परेशानी का कोई अधिकारी निस्तारण करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। वहीं, प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि कई बार ठेकेदार को प्रदर्शनी में प्रकाश व्यवस्था सुधारने के लिए कहा गया है। लेकिन ठेकेदार खुद को मेरठ में बताकर फोन काट देता है।

## जिला कृषि विकास, औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी में अनामिका अंबर की कविताओं ने किया श्रोताओं को मंत्रमुग्ध

# राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के... पर तालियों से गूंज उठा मंच

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिला कृषि विकास औद्योगिक एवं सांस्कृतिक प्रदर्शनी अनुगूंज के मंच पर भरतनाट्यम की नृत्यांगना कोपल सिन्हा ने प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। वहीं, अनामिका अंबर ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। सबसे पहले कोपल सिन्हा ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। वहीं प्रसिद्ध कवयित्री अनामिका अंबर ने हास्य, प्यार और भावुक कर देने वाली कविता, अकेले हो गए हो तुम तुम्हीं ने खो दिए अपने, लोगों को भावुक कर दिया।

शुक्रवार को जिगर मंच पर भारतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना कोपल सिन्हा ने मंच पर प्रस्तुति दी। वहीं, दर्शक दीर्घा में बैठे लोग बुंदेलखंड की कवयित्री डॉ.अनामिका अंबर जैन का इंतजार कर रहे थे। जब



जिगर मंच पर कविता पाठ करतीं कवयित्री अनामिका अंबर।



मंच पर कविता पढ़ते दमदार बनारसी। ● अमृत विचार

अनामिका अंबर मंच पर पहुंची तो लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। इसके बाद गीत-गजलों, हंसी-ठहाकों और राष्ट्र वंदना की खूबसूरत शाम शुरू हुई। उन्होंने एक बाद एक कविता सुनाई और श्रोताओं तालियों के साथ समय का पता ही नहीं चला। वहीं, कार्यक्रम का संचालन कर रहे बाबा संजीव आकांक्षी ने भी श्रोताओं का भरपूर साथ दिया। इसके बाद, सबसे पहले तय कर लो अब सत्य सनातन की छाया हो शासन पर, राम भक्त ही राज करेगा दिल्ली के सिंहासन पर, राम प्रतिष्ठित किए जिन्होंने अवधपुरी के आसन पर। इस पर दर्शक दीर्घा में बैठे श्रोताओं जय श्रीराम के जयघोष के नारे लगाए।

इसके बाद अनामिका ने कुछ प्रसिद्ध कविताओं की पंक्तियां पढ़ी : मोहब्बत के सफर को एक हंसी आगाज दे देना, मेरा कल मुस्कुरा उठे तुम ऐसा आज दे देना, वफाएं देख लेना तुम तुम्हारी प्यार की खातिर, चली आऊंगी मैं सब छोड़ कर आवाज दे देना। ना दो तन्हाई इल्जाम को हम भी तुम्हारे थे, अकेले हो गए हो तुम तुम्हीं ने खो दिए अपने। कवि दमदार बनारसी ने भी कविताओं के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। अंत में जिला कृषि प्रदर्शनी समिति व जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अनामिका अंबर का पटका पहनाकर स्वागत किया।

### महिलाओं को आजीविका मिशन की जानकारी दी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अनुगूंज 2024 के तहत चल रहे कार्यक्रम के मद्देनजर पंचायत भवन सभागार में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह की संगोष्ठी हुई। गोष्ठी में उपायुक्त स्वत :रोजगार राजनाथ प्रसाद भगत, जिला मिशन प्रबंधक एवं बीएमएम और ऑपरेटर के साथ सैकड़ों की संख्या में समूह की महिलाओं ने प्रतिभाग किया। महिलाओं को आजीविका मिशन द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

# गंगा दशहरा कल, जिलाधिकारी ने किया घाट का निरीक्षण

## घाटों पर महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनवाने का दिया निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गंगा दशहरा पर नदियों में स्नान को देखते हुए जिला प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। शुक्रवार को जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने अटल घाट और काली मंदिर घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों पर सफाई कराने व महिलाओं के लिए अस्थायी चेंजिंग रूम बनवाने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के अधिकारियों को अभियान चलाकर घाटों पर सफाई व्यवस्था बेहतर करने के लिए कहा। इन दोनों घाटों पर महिलाओं के लिए अस्थाई चेंजिंग रूम बनवाने, पर्याप्त पेयजल का प्रबंध करने का निर्देश दिया। कहा कि गंगा दशहरा के लिए सभी की जिम्मेदारी तय की गई है। इसमें कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये। निरीक्षण के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, डिप्टी कलेक्टर प्रीति सिंह सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गंगा दशहरा को लेकर नदी के घाट का निरीक्षण करते जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह, साथ में सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव व अन्य।

### गंगा दशहरा स्नान के लिए छोड़ा जा रहा 2500 क्यूसेक पानी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गंगा दशहरा पर स्नान में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कालागढ़ बांध से 12 जून से प्रतिदिन 500 क्यूसेक पानी गंगा नदी में छोड़ा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर यह क्षमता बढ़ सकती है। सिंचाई कार्य मंडल मुरादाबाद के अधीक्षण अभियंता राजीव मित्तल ने बताया कि गंगा दशहरा पर स्नान को देखते हुए जिला प्रशासन की मांग पर कालागढ़ बांध से 12 से 16 जून तक प्रतिदिन 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर इसकी क्षमता बढ़ाई जा सकती है। मुरादाबाद और उसके आसपास गंगा दशहरा पर्व पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु रामगंगा में स्नान करते हैं। लगातार कम हो रहे जल स्तर के कारण रामगंगा नदी का जल स्तर भी काफी कम हो गया है। जिसके चलते श्रद्धालुओं की सुविधाओं के मद्देनजर आवश्यकता अनुसार रामगंगा नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। कालागढ़ जलाशय से लगातार 12 जून से प्रतिदिन 500 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। यह क्रम 16 जून तक जारी रहेगा।

## गंगा दशहरा के दिन स्नान, दान से मिलता है पुण्य : पं.केदार मुरारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



**अमृत विचार:** ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। इसी दिन महादेव की जटाओं से मां गंगा धरती अवतरित हुई थी। इस दिन गंगा स्नान के बाद दान से विशेष लाभ मिलता है। मां गंगा सभी की मनोकामनाओं को पूरा करती हैं। पितृ दोष से छुटकारा मिलता है। इसके साथ ही कुंडली में ग्रहों की स्थिति भी ठीक होती है।

ज्योतिषाचार्य पं. केदार मुरारी ने बताया कि इस बार गंगा दशहरा और भी विशेष है। इस बार दशहरा पर तीन अद्भुत संयोग बन रहे हैं। यह संयोग 100 साल बाद बन रहे हैं।

हिंदू पंचांग के अनुसार, गंगा दशहरा ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को मनाया जाता है। इस बार दशमी तिथि की शुरुआत 16 जून रविवार को सुबह 2 बजकर 32 मिनट पर होगी।

### इस बार तीन शुभ योग

पं.केदार मुरारी ने बताया कि गंगा दशहरा पर तीन ऐसे अद्भुत संयोग बनने जा रहे हैं, जिनका राशियों से लेकर जातकों पर विशेष लाभ होगा। गंगा दशहरा पर सर्वार्थ सिद्धि योग, अमृत सिद्धि योग और रवि योग बनेगा। वहीं मिथुन राशि में सूर्य, बुध और शुक्र एक होंगे। ऐसे में त्रिग्रही योग के साथ बुधादित्य, शुक्रादित्य के साथ-साथ ही लक्ष्मी नारायण योग का निर्माण होगा।

### दशहरा का पौराणिक महत्व

हिंदू धर्मग्रंथों के अनुसार, महाराज भागीरथ के पूर्वजों का उद्धार करने के लिए मां गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाने के लिए कठिन तपस्या की थी। भगवान विष्णु की कृपा से गंगा स्वर्ग से अवतरित तो हुईं, लेकिन उनके वेग को रोक पाना किसी के वश में नहीं था। अंतत: भगवान शिव ने अपनी जटाओं में उन्हें समेट लिया, जिससे उनके प्रवाह को नियंत्रित किया जा सका। इसी तरह 10 जन्मों के पापों को धोने की शक्ति के कारण भी इस पर्व को दशहरा कहा जाता है।

## पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र को भेजा जेल, तमंचा बरामद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर हुए विवाद में हर्ष की गोली मारकर कर दी थी हत्या

**अमृत विचार :** पुरानी रंजिश में बुधवार रात रास्ते में खड़ी बाइक हटाने को लेकर गोली मारकर युवक की हत्या मामले में गिरफ्तार पिता-पुत्र को पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया है। इनके पास घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद हो गया है।

कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह ने बताया कि अभियुक्त पिता-पुत्र ने घटना को स्वीकार भी कर लिया है। इनके पास से धारदार हथियार भी बरामद हो गया है। इस धारदार हथियार से इन लोगों ने मृतक युवक के दोस्त पर जानलेवा हमला किया था। गनीमत रही कि उसे अधिक चोट नहीं आई और वह बाल-बाल बच गया था। थानाध्यक्ष ने बताया कि हर्ष उर्फ सिद्दू (19) पुत्र गुड्डू को तमंचा से गोली मारकर उसे मौत के घाट उतारने के आरोप में लक्षित और उसका पिता राजेश रस्तोगी नामजद था। इन दोनों आरोपियों को पुलिस ने घटना की सुबह गुरुवार को ही गिरफ्तार कर लिया था। इन्हें शुक्रवार को न्यायालय में पेश कराकर जेल भेजा गया है। घटना के समय मृतक हर्ष वाल्मीकि बस्ती के ही अपने दोस्त सुमित वाल्मीकि, ध्रुव वाल्मीकि और आदर्श नगर पंजाबी कालोनी के अस्मित व मनी के साथ महबुल्लागंज में दोस्त की बर्थ-डे पार्टी से लौट रहा था। रास्ते में जोशियान मुहल्ले में गली में कुछ बाइकें खड़ी थीं। कार नहीं निकल पा रही थी। हर्ष और सुमित नीचे उतरकर बाइक हटाने लगे थे। मृतक के पिता गुड्डू का आरोप है कि मार्ग से बाइकों के हटाने के समय ही जोशियान मोहल्ला निवासी लक्षित रस्तोगी आ गया और हर्ष से गाली-गलौज करने लगा था। सुमित से भी कहासुनी हुई थी। शोर सुनकर लक्षित का पिता राजेश रस्तोगी भी आ गया था। पिता-पुत्र ने हर्ष और सुमित को जाति सूचक गाली दी थी। विरोध करने पर लक्षित ने तमंचे से हर्ष के पेट में गोली मार दी थी। फिर आरोपी पिता-पुत्र ने सुमित पर तलवार से हमला कर दिया था। इसमें वह घायल हो गया था।

# मांगें पूरी न होने पर प्रदर्शन की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने 1989 में ठाकुरद्वारा क्षेत्र के पांच गांव भुड़ानपुर एतमाली गझेड़ाशैद, मानपुर, बथुखेड़ा, ऐतमाली मुस्तकीम, पैसापुर गन्नु मुस्तकाम के ग्रामीणों की 800 एकड़ जमीन अधिग्रहण की थी। जमीन अधिग्रहण के वक्त सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लगाने की बात और मुआवजा देने की बात की गई थी। इसके बाद न तो इंडस्ट्री लगी और न ही न्यायालय के आदेश पर बढ़ा हुआ मुआवजा दिया गया। जिसको लेकर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट धरना प्रदर्शन किया। मांगें नहीं माने जाने पर धरने की चेतावनी दी है।

शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के कार्यालय पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी के कार्यकर्ता एकत्र हुए। जहां ठाकुरद्वारा क्षेत्र में 800 एकड़ जमीन पर सेंचुरी टेक्सटाइल इंडस्ट्री बनाने और मुआवजे की बढ़ी राशि देने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। जिसमें कहा कि कई बार प्रशासन की ओर से मामले के निस्तारण के वादे किए गए। लेकिन अभी तक कोई वादा पूरा नहीं किया गया। भाकियू चढ़ूनी के जिलाध्यक्ष व प्रदेश प्रभारी सूबे सिंह डागर ने कहा कि न्यायालय ने भी फैसला किसानों के हक में किया है। 25 जून तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया गया तो 26 जून को मुरादाबाद कलेक्ट्रेट परिसर में धरने की चेतावनी दी। इसके बाद किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के कार्यालय में न मिलने पर एडीएम सिटी को अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।



कलेक्ट्रेट में धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

## जिले में योग दिवस पर भव्य आयोजन की तैयारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में 21 जून को 10वां अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के संबंध में बैठक में तैयारियों पर चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि जिले में योग दिवस का भव्य आयोजन होगा। इससे संबंधित तैयारियों को पूरा कराएं।

उन्होंने कहा कि योग दिवस हर तहसील, ब्लॉक, नगर पंचायत/नगर पालिका में अच्छे से मनाया जायेगा। बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह, अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, सिटी मजिस्ट्रेट किंशुक श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरूण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अजीत कुमार, उपजिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह वीरवाल, क्षेत्रीय क्रीडाधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# कड़ा देख पत्नी ने की थी अजय के शव की पहचान

**अजय हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडी चौक साहू स्ट्रीट में मेसर्स फूल कुमार-रमेश कुमार एंड संस (अलंकार ज्वेलर्स) के कारोबारी अलंकार अग्रवाल के नौकर अजय कुमार हत्याकांड में अभी कई राज का पर्दाफाश होना बाकी है। अजय ने सोना किसे बेचा है, ये पुलिस को नहीं पता है। गोल्ड बेचने को उसने किसे कॉल की थी, ये अभी राज है। इसके अलावा मोबाइल मिले तो सार्वजनिक हो कि अजय और अनमोल अलंकार ज्वेलर्स को ठगने की योजना कब से बना रहे थे। योजना को साकार करने के लिए अजय ने किस-किस से फोन पर क्या-क्या बातें की हैं। पुलिस की एक टीम अजय के मोबाइल की तलाश में लगी है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने मृतक के मोबाइल को ऑन कर गाजियाबाद-दिल्ली के बीच दिलशाद गॉर्डन मैट्रो स्टेशन के पास झाड़ियों में फेंका था। इसकी लोकेशन भी ट्रेस हुई थी लेकिन, अब वह फोन बंद जा रहा है। इसलिए खोजने में दिक्कत आ रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही मृतक अजय का मोबाइल बरामद होगा और फिर सभी संदेह से पर्दा उठेगा।

कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह के मुताबिक, मुख्य आरोपी अनमोल मृतक अजय से मुरादाबाद में आकर मिलता था। अनमोल और अजय अलंकार ज्वेलर्स के यहां से मोटी रकम मिलने के इंतजार में थे।

### 11.30 तक आरोपी ने कर दी थी अजय की हत्या

एसएसपी हेमराज मीना का कहना है कि मृतक अजय चार जून की सुबह करीब 8.40 बजे अलंकार ज्वेलर्स के यहां से रुपये व गोल्ड लेकर निकला था। इसके बाद सुबह के 9.30 बजे के दौरान उसका मोबाइल डबल फाटक पर बंद हो गया था। फिर नहटौर में एक बार उसके मोबाइल की लोकेशन ट्रेस हुई थी। शायद इसने गोल्ड खरीदने वाले को फोन करने को मोबाइल ऑन किया हो, उसके बाद फिर बंद हो गया था। एसएसपी ने बताया कि इस तरह आरोपियों ने अजय को उसी दिन सुबह करीब 11.30 बजे मार दिया था।

### इस तरह हुई अजय के शव की पहचान

कटघर थानाध्यक्ष तेजवीर सिंह के मुताबिक, अनमोल ने अजय के शव की शिनाख्त कराई थी। उसके बताने पर ही उसे उत्तराखंड में लैंसडाउन थाना क्षेत्र के जंगल में ले जाया गया था। अजय का शव अधजला था। लेकिन, वह अपने हाथ में जो कड़ा पहने था वह नहीं जला, जिसे देखकर उसकी पत्नी ने शव अजय का ही होने की पहचान की थी। कार में मृतक का ड्राइविंग लाइसेंस मिला था। अनमोल के अन्य दोनों साथियों ने घटना का विधिवत खुलासा किया है।

### सीसीटीवी फुटेज व ज्वेलर्स से मिले थे अहम बिंदु

थानाध्यक्ष ने बताया कि अलंकार अग्रवाल ने नौकर के लापता होने की जब थाने पर सूचना दी थी तभी से पुलिस पड़ताल में लग गई थी। रुपये व गोल्ड लेकर जब अजय दिल्ली के लिए निकला तो पुलिस उसी जगह से सीसीटीवी फुटेज खंगालनी शुरू कर दी थी। जिसमें वह पहचान में आया और उसने रास्ता भी बदला था। सीसीटीवी फुटेज व अलंकार अग्रवाल से पूछताछ में भी कई ऐसे बिंदु मिले, जिनके उत्तर ने उन्हें मुख्य अभियुक्त अनमोल तक पहुंचाया। दूसरे, अजय के मोबाइल की लोकेशन बिजनौर के नहटौर में मिली थी। फिर पुलिस अनमोल की तलाश में जुट गई थी। मुख्य आरोपी अनमोल के गिरफ्त में आते ही सारे राज खुल गए थे।

**समर लीग**

## जूनियर समर लीग में खेले गए दो मैच, दूसरे मैच में एमआई ने आरसीबी को हराया

# राजस्थान रॉयल्स ने पांच विकेट से जीता मैच



रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में चल रही क्रिकेट लीग में गेंदबाजी करता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी में चल रही जूनियर समर लीग में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में राजस्थान रॉयल्स ने चेन्नई सुपर किंग को पांच विकेट से हराया। जबकि दूसरे मैच में मुंबई इंडियंस ने रॉयल चैलेंजर को हराया।

पहले मैच में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 21.4 ओवर में 90 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए शब्बू पाशा ने 19, अलवाब ने 16 व नजरान और आयुष ने 13-13 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रायल्स ने 17.4 ओवर में 5 विकेट खोकर जीत हासिल की। टीम के लिए हमजा तुर्क 21, रचित पाल ने 20 रन बनाए। सीएसके के लिए अम्मार अहमद ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच अब्दुल हननान व गेम चेंजर ऑफ द मैच अम्मार अहमद को चुना गया।

दूसरे मुकाबले में रॉयल चैलेंजर बैंगलोर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 25 ओवर में 9 विकेट खोकर 149 रन बनाए। टीम के लिए हमदान ने 33, सजल ने 27 व अयान हुसैन ने 17 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई इंडियंस ने 22.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। टीम के लिए कप्तान मोहम्मद आजम ने नाबाद 75 बॉल में 87 व विराज ने 18 रन बनाए। इस तरह मुंबई इंडियंस ने 7 विकेट से मुकाबला जीत लिया। मैन ऑफ द मैच मोहम्मद आजम और गेम चेंजर हमदान को चुना गया।

अंपायर की भूमिका में शमशाद अल्वी व मोहम्मद सायम रहे। स्कोरर अफजल खान रहे। मैच के दौरान रुक्मणी ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन सिद्धार्थ मलिक, टूर्नामेंट आयोजक बदरूद्दीन सिद्दीकी, कोच मोहम्मद हसीन, नजाकत अली, सोनू कुमार, मोहम्मद हसीब, ओम दत्त शर्मा, शिवकुमार रावत, तरुण चिमा, कमाल पाशा, मोहम्मद अहमद, मोहम्मद उमर आदि मौजूद रहे।

## बालक-बालिका वर्ग की मंडल स्तरीय टीम चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुक्रवार को मंडल स्तरीय टीम के लिए ट्रायल्स आयोजित हुए। जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय जूनियर, सब जूनियर तैराकी प्रतियोगिता 20 से 23 जून तक सिद्धार्थनगर में होगी। इसके लिए गोल्डनगेट स्कूल में मंडल स्तरीय टीम का चयन हुआ। चयन समिति में जिला तैराकी संघ के सचिव रवि शर्मा, सतीश कुमार, शुभम तौमर मौजूद रहें।

**चयनित टीम बालक वर्ग :** आकाश, कृष्णा, शौर्य सिंह, राघव, ओम बघेल, शौर्य रुहेला, अस्तित्व शर्मा, कौस्तुब गुप्ता, यश अग्रवाल, हर्ष चौहान व तीर्थ जैन। **बालिका वर्ग:** ऐश्वर्या अग्रवाल, नाव्या, आरोही, परिधि, आध्या शर्मा, सुदीप्ती राज, हिमांशु गुप्ता, आरोही सिंह, रमिता, कृतिका, अर्पिता गौतम, अविषा रावत व रियषा पाण्डेय।

# ईयूडीआर को लेकर किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) द्वारा सहारनपुर में ईयू रेग्युलेशन ऑन डीफॉरेस्टेशन फ्री प्रोडक्ट्स वे फॉरवर्ड पर संवाद सत्र का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य निर्यातकों को नए ईयू रेग्युलेशन यानी ईयूडीआर और इसके अनुपालन के बारे में जागरूक करना था।

कार्यक्रम में ईपीसीएच के उपाध्यक्ष नीरज खन्ना ने कहा कि इस इंटरैक्टिव सत्र का उद्देश्य हस्तशिल्प निर्यातकों को नए ईयू रेग्युलेशन डी फारेस्टेशन फ्री प्रोडक्ट्स यानी ईयूडीआर के बारे में जागरूक करना है। यूरोपीय यूनियन (ईयू) ने सात श्रेणियों जैसे मवेशियों 2024, कोको, कॉफी, ताड़ के तेल, रबर, सोया और लकड़ी के वनों की कटाई और गिरावट की समस्या उत्पादों से जुड़े को संबोधित करने के उद्देश्य से एक नया रेग्यूलेशन यानी ईयू रेग्युलेशन ऑन डीफॉरेस्टेशन फ्री प्रोडक्ट्स (ईयूडीआर) पेश किया है। ईयूडीआर 30 दिसंबर से लागू होगा और इसका लक्ष्य यूरोप और विश्व स्तर पर वनों की कटाई मुक्त बाजार के निर्माण को प्रोत्साहित करना है। इस मौके पर ईपीसीएच के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक राजेश रावत, ईपीसीएच के सीओए सदस्य सलमान आजम, ईपीसीएच के सीओए सदस्य नवेदउर्रहमान, युवा उद्यम सोसायटी के केंद्रीय सचिव रोहित ढल्ल, सहारनपुर वुड कार्विंग हैंडीक्राफ्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष इरफान उल हक, सचिव मोहम्मद औसाफ, यस के राष्ट्रीय सचिव सनद कोठीवाल, उपाध्यक्ष करण दुग्गल, भारतीय उद्योग संघ सहारनपुर के पूर्व अध्यक्ष रामजी सुनेजा शामिल रहे।




ईपीसीएच के कार्यक्रम में मौजूद महानगर के निर्यातक। ● अमृत विचार

## एक नजर

### जंगल जा रहे युवक पर किया जानलेवा हमला

**रहरा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी मदनपाल का पुत्र विशाल गुरुवार शाम अपने खेत पर जा रहा था। रास्ते में पहले से ही मौजूद रवि, अंकुल, मनोज, अर्जुन ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे विशाल को काफी चोटे आई। झगड़े की सूचना के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को उठाकर सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। वहां तबीयत में सुधार न होने पर परिजन उसे मेरठ ले गओ। जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा है। इस मामले में थाना अध्यक्ष रहरा रमेश सहरावत ने बताया कि मदनपाल की तहरीर पर गांव के ही रवि, अंकुल, मनोज, अर्जुन के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। अंकुल को गिरफ्तार करके न्यायालय में पेश किया गया है। न्यायालय से उसे जेल भेज दिया गया है।

### युवक पर हमला करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार** : कोर्ट में मुकदमे की पैरवी के लिए अमरोहा आए युवक पर लौटते वक्तसमय कुछ लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना थाना डिडौली क्षेत्र के जोया कस्बे की है। दिल्ली के पहाड़गंज निवासी अमित कुमार का अमरोहा कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। बीते साल 29 नवंबर को अमित मुकदमे की तारीख पर अमरोहा कचहरी आए थे। तभी लौटते समय जोया के लिए टेंपो में सवार हुए। टेंपो से उतरकर वह दिल्ली जाने वाली बस का इंतजार कर रहे थे। तभी शहर के मोहल्ला कुरैशी निवासी जीवन, कपिल, किरण समेत अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट कर दी। धारदार हथियार से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उसने कोर्ट की शरण ली। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। सीओ सिटी अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी किरण, कपिल, जीवन नासिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शिविर में किया रक्तदान

**किरतपुर, अमृत विचार** : विश्व रक्तदान दिवस पर शुक्रवार को रक्तदान महादान बसी किरतपुर ट्रस्ट की ओर से नगर स्थित हरि हर मंदिर निकट जैन चौराहा पर रक्तदान शिविर लगा। शिविर का उद्घाटन 55 बार रक्तदान कर चुके रक्तवीर मोहम्मद आरिफ ने किया।

# एसडीएम ने दो गोदामों से 100 क्विंटल चावल किया बरामद

## राशन की कालाबाजारी का मामला, गोदामों पर जड़े गए ताले

संवाददाता, गजरौला



छापेमारी करतीं एसडीएम चंद्रकांता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : क्षेत्र में राशन की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। सरकारी छाप लगी बोरियों में से प्लास्टिक के कट्टों में चावल की लोडिंग कराई जा रही थी। सूचना के बाद रात में ही अधिकारियों ने छापेमारी कर एक वर्कशाप व पास में ही बने दूसरे गोदाम से करीब 100 क्विंटल चावल बरामद किया। एसडीएम ने दोनों गोदामों पर ताले जड़वाए। विभाग मामले की जांच में जुटा है।

नगर के लक्ष्मीनगर में भजन होटल से आगे वाली गली में सरकारी राशन की कालाबाजारी की सूचना तहसीलदार को मिली। तहसीलदार ने उच्चाधिकारियों को जानकारी देकर यहां टीम सहित छापेमारी की। सरकारी छाप लगी बोरियों से प्लास्टिक के कट्टों में सरकारी राशन भरा जा रहा था। एक वर्कशाप में कट्टे रखवाए जा रहे थे, 135 कट्टे वर्कशाप से बरामद हुए तो वही पास में ही बने दूसरे गोदाम से 67 कट्टे बरामद हुए। दोनों स्थानों से करीब 100 क्विंटल चावल बरामद हुआ। एसडीएम चंद्रकांता ने निरीक्षण कर दोनों गोदामों पर ताले जड़वा दिए हैं। पूर्ति निरीक्षक मनोज कुमार ने दस्तावेज तैयार करके मामले की जांच शुरू कर दी है। यह कालाबाजारी का धंधा टोकरा पट्टी गांव के मुनाजिर व मोहरका पट्टी के रहने वाले आरिफ ने किया था। बताते हैं कि राशन डीलरों से यह माल सस्ते दामों पर खरीदा जाता था और फिर इस राशन को प्लास्टिक के कट्टों में भरकर दिल्ली जैसे बड़े शहरों की मंडी में बेचकर मोटा लाभ कमाया जाता था। बाजार मूल्य के हिसाब से बरामद राशन की कीमत लाखों रुपये है।

## पशुओं के लिए चारा लेने गई युवती ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**हसनपुर, अमृत विचार** : कोतवाली क्षेत्र के गांव में पशुओं के लिए चारा लेने गई युवती ने जंगल में दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया है।

यह घटना हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की है। दरअसल गुरुवार को गांव निवासी एक युवती पशुओं के लिए चारा लेने जंगल गई। शाम तक वह घर नहीं आई। परिजन जंगल में युवती की तलाश कर रहे थे। तभी गांव निवासी एक व्यक्ति के खेत में दुपट्टे के फंदे पर युवती का शव लटका मिला। परिजनों ने पेड़ पर लटके शव को नीचे उतारा और उसका अंतिम संस्कार कर दिया। मृतका सात बहन भाइयों में सबसे बड़ी थी। युवती की मौत के कारण का पता नहीं लग सका है। उसकी मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। रिश्तेदार उन्हें समझाते रहे।

# अस्पताल संचालक पर रिपोर्ट, ओटी सील

संवाददाता, गजरौला



अस्पताल में चिकित्सक से वार्ता करते पुलिसकर्मी व डॉक्टर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : शहर के मोहल्ला अतरपुरा स्थित आशीर्वाद नर्सिंग होम की ओटी को नोडल अधिकारी ने सील कर दिया गया। इस मामले में मृतका महिला के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने अस्पताल संचालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज की है।

बुधबाजार निवासी कुलदीप अग्रवाल की पत्नी नीतू अग्रवाल को परिजनों ने 10 जून को प्रसव के लिए आशीर्वाद नर्सिंग होम में भर्ती कराया था। ऑपरेशन से नीतू ने बेटी को जन्म दिया था। परिजनों का आरोप है कि ठीक उपचार न मिलने के कारण नीतू की हालत बिगड़ती चली गई। उन्होंने अस्पताल स्टाफ से कहा कि यदि हालत में सुधार नहीं हो तो हम समय से मरीज को बाहर ले जाएं, मगर स्टाफ ने कहा कि हालत ठीक है। लेकिन गुरुवार सुबह नीतू की हालत बिगड़ने पर अस्पताल स्टाफ ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। मेरठ पहुंचने से पूर्व ही नीतू ने दम तोड़ दिया। इसके बाद परिजनों ने

● **महिला की मौत मामले में आरोपी के खिलाफ हुई कार्रवाई**

थाने पहुंचकर आशीर्वाद नर्सिंग होम के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने अस्पताल संचालक प्रमोद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला संज्ञान में आने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी भी अलर्ट हो गए। नोडल अधिकारी डॉ. शरद गर्ग ने शुक्रवार को यहां पहुंचकर अस्पताल की ओटी को सील कर दिया। बताया कि जब तक इस मामले की जांच चलेगी, तब तक ओटी पर सील लगी





ओटी सील करते नोडल अधिकारी।

रहेगी। वहीं पुलिस ने भी अस्पताल पहुंचकर जांच की। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि मामले में कुलदीप अग्रवाल की तहरीर पर आरोपी प्रमोद कुमार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# कीटनाशक खाने से पिता-पुत्र की हालत बिगड़ी, किशोर की मौत

संवाददाता, आदमपुर

● **बेटी के प्रेम प्रसंग से तंग आकर किसान ने उठाया यह कदम**

**अमृत विचार** : क्षेत्र के एक गांव में बेटी के प्रेम प्रसंग से तंग आकर किसान और उसके बेटे ने कीटनाशक खा लिया। इससे किशोर की मौत हो गई, जबकि किसान की हालत गंभीर है।

सैदनगली क्षेत्र के एक गांव में कश्यप का एक परिवार रहता है। एक किशोर की बड़ी बहन व मां का गांव के ही एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। किशोरी ने 10 दिन पहले मां को बहन के प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देख लिया था। इसके बाद गांव में पंचायत हुई। पंचायत के माध्यम से मामला नहीं निपटा तो पीड़ित ने सैदनगली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई मांग की। लेकिन पुलिस ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया। बताया गया थाने में एक दूसरे से सम्बन्ध न रखने की बात की सहमति बनी। लेकिन किसान की पत्नी व बेटी ने प्रेमी से नजकीदियां बनाए रखी थीं। इसके बाद किसान व उसके 15 वर्षीय बेटे ने शुक्रवार सुबह कीटनाशक का सेवन कर लिया। किसान के बेटे की मौत हो गई और किसान की हालत गंभीर है। किसान का उपचार चल रहा है।

उधर, किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। देर शाम उसके अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। घर में लोगों को तांता लगा हआ था। उधर, गांव में दिनभर कई तरह की चर्चाएं चलती रहीं।

## स्नान के लिए बने घाटों की हो सफाई : डीएम

**गजरौला, अमृत विचार** : जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने गंगा ज्येष्ठ दशहरा में लगने वाले गंगा मेला व गंगा स्नान के दृष्टिगत मौके पर जाकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने गंगा तिगरी स्थल और स्नान के लिए बनाए घाटों की साफ सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को देखकर प्लास्टिक मुक्त तिगरी कराए जाने को लेकर उपजिलाधिकारी धनौरा को निर्देश दिए। कहा किसी भी स्थिति में श्रद्धालुओं द्वारा प्लास्टिक प्रयोग न किया जाए। श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत न हो। इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कर लिया जाए। डीएम ने बताया कि 18 जून को तिगरी स्थल पर बृहद स्तर पर योग अभ्यास किया जाएगा। इसके लिए भी सभी व्यवस्थाएं समय से हो जाएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेंद्र सिंह, उप जिलाधिकारी चंद्रकांता आदि मौजूद रहे।



झुलसे मजदूरों का हालचाल जानते जिलाधिकारी। ● अमृत विचार



घटनास्थल पर जुटी भीड़। ● अमृत विचार

# झाड़ियों तक पहुंची आग, लोगों में मची अफरा तफरी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**आग का कहर**

● **जिलाधिकारी ने झुलसे मजूदरों का जाना हालचाल**

**अमृत विचार** : पटाखा फैक्ट्री में धमाके की आवाज से आसपास के लोग सहम गए। आग अमरोहा-अतरासी रोड किनारे झाड़ियां तक पहुंच गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने झुलसे लोगों का जिला अस्पताल में पहुंचकर हालचाल जाना। साथ ही बेहतर उपचार के निर्देश दिए।

रजबपुर क्षेत्र के गांव सुदनपुर में स्थित पटाखा फैक्ट्री में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई थी। शुक्रवार सुबह लगी आग से अफरा तफरी मच गई। अमरोहा अतरासी रोड पर वाहनों के पहिए थम गए। हर कोई धमाके से सहम गया।

आग से महिलाओं समेत कई मजदूर झुलस गए। मजदूरों को जिला अस्पताल में भर्ती करया गया। दो की हालत नाजूक होने पर दिल्ली रेफर कर दिया गया। दोपहर को डीएम ने जिला अस्पताल में पहुंचकर भर्ती झुलसे लोगों को हालचाल जाना। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को डॉक्टरों से प्राथमिकता के साथ मरीजों को बेहतर देखभाल करने के निर्देश दिया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुरेन्द्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सतपाल सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी व जिला अस्पताल के डॉक्टर व स्टाफ गण मौजूद रहे।



जेसीबी से तालाब की सफाई करते लोग। ● अमृत विचार

# गंदगी से परेशान थे लोग जेसीबी से कराई सफाई

संवाददाता, डिडौली

**अमृत विचार** : गल्लों वाली तालाब की सफाई होने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। सफाई के लिए ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर मांग उठाई थी। अमृत विचार समाचार पत्र में छपी इस का खबर का संज्ञान लेकर प्रशासन ने जेसीबी से सफाई कराई।

डिडौली में कीचड़ एवं जलभराव में फंसकर कई पशु अपनी जान गंवा चुके हैं। जलनिकासी का कोई माध्यम नहीं है। गर्मियों में पशुओं के नहाने एवं पानी पिलाने के लिए कोई अन्य संसाधन नहीं है। इसे लेकर ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा था। अमृत विचार समाचार पत्र ने तालाब की सफाई नहीं कराने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया था तो तालाब की जेसीबी से सफाई कराई। अब जल निकासी होकर पानी संचय हो सकेगा।

# प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें : वसीम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : ईद उल अजहा की नमाज को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए ईदगाह कमेटी ने तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। शुक्रवार को नगर की जामा मस्जिद में आयोजित ईदगाह कमेटी की बैठक में शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद ने कहा कि मुसलमान खुले में कुर्बानी हरगिज न करें। कुर्बानी किए हुए जानवरों के अवशेष रास्तों में न डालें। सरकार से जारी गाइडलाइन का पालन करें।

ईदगाह कमेटी के सदर हाजी वसीम अहमद एडवोकेट ने बताया ईदगाह पर नमाजियों के लिए गर्मी को देखते बड़े-बड़े कूलर रखे जाएंगे। पानी पीने के लिए वाटर कूलर रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि मुसलमान प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न करें। सोशल मीडिया पर कुर्बानी के जानवरों की तस्वीरें शेयर न करें। जानवरों के अवशेषों को ऐसी जगह दफन किया जाए, जहां बदबू न आए।

इस मौके पर शहर इमाम मुफ्ती मेराज अहमद, ईदगाह कमेटी का अध्यक्ष हाजी वसीम अहमद, सभासद हमज़ा अली, अलीमुद्दीन, नौशाद एडवोकेट, पूर्व सभासद लईक सैफी, हाजी अब्बास अली, जीशान कुरैशी, हाजी इरशाद, नईम सलमानी आदि मौजूद थे। उधर, ईदगाह पर ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6:45 बजे अदा की जाएगी। यह जानकारी ईदगाह कमेटी के सदर हाजी वसीम अहमद एडवोकेट ने दी है।



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद एसडीएम व अन्य। ● अमृत विचार

### एसडीएम ने की पीस कमेटी की बैठक

**गजरौला, अमृत विचार** : गंगा दशहरा और बकरीद को लेकर शुक्रवार को थाने में पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में एसडीएम ने लोगों से भाईचारा और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने की अपील की। एसडीएम चंद्रकांता व थाना प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने थाने में मौजूद लोगों से सौहार्द के साथ गंगा दशहरा व बकरीद मनाने की अपील की।

### आस्था और त्याग का प्रतीक है ईद उल अजहा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार** : वाईएमएस डिग्री कॉलेज के प्रबंधक रियाज अहमद सैफी ने ईद उल अजहा को लेकर कहा कि यह आपसी सौहार्द व भाईचारे का पैगाम देता है। ईद उल अजहा का त्यहार पैगंबर इब्राहिम के प्रति आज्ञाकारिता और भक्ति का प्रतीक है। यह सिर्फ एक त्योहार नहीं है बल्कि त्याग, समर्पण और आस्था का प्रतीक है। इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोग अपनी क्षमता के अनुसार कुर्बानी देते हैं, जो न सिर्फ अल्लाह के प्रति समर्पण का प्रतीक है बल्कि समाज में भाईचारे और सद्भावना को बढ़ावा देने का माध्यम भी है।



बाजार में बिक्री के लिए आए बकरे। ● अमृत विचार

# बकरीद के लिए खरीदे जा रहे बकरे, कीमत 50 हजार तक

संवाददाता, सैदनगली

**अमृत विचार** : मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बकरीद मनाने के लिए तैयारी तेज कर दी है। बकरा बाजारों में लोग उमड़ रहे हैं और बकरों की खरीदारी कर रहे हैं। शुक्रवार को सैदनगली के साप्ताहिक बाजार में खूब बकरे बिके। आठ हजार रुपये से लेकर 50 हजार रुपये तक के बकरों की बिक्री हुई।

बकरीद के मौके पर लोग जानवरों की कुर्बानी करते हैं। खास तौर पर बकरे की कुर्बानी दी जाती है। लोग अपनी हैसियत के मुताबिक बकरा, बकरी, भेड़ और बड़े जानवरों की कुर्बानी देते हैं। इसलिए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने बाजारों में बकरे, भेड़ और अन्य जानवरों की खरीदारी शुरू कर दी है। व्यापारी सोनू, शकील व गफ्फार का कहना है कि अभी उम्मीद के मुताबिक, बकरों की बिक्री कम है।

**मौसम** तेज धूप से बचने के लिए छाता लेकर और कपड़े से चेहरा ढककर निकल रहे लोग

# लू के बीच घरों से निकलना हुआ मुश्किल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी से नगर वासियों का बुरा हाल हो रहा है। लोग गर्मी से बचने के लिए तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। जून में पड़ रही भीषण गर्मी से तापमान तेजी के साथ बढ़ रहा है। इससे पशु-पक्षियों एवं लोगों का बुरा हाल हैं। धूप से बचने के लिए बाइक सवार कपड़े का नकाब तो पैदल चलते राहगीर छाता या चेहरे पर कपड़ा लपेट गुजरते दिखाई दे रहे हैं। उधर, किसानों की फसलें धूप से झुलसकर सूखने की कगार पर पहुंच रही हैं।

**बिजली कटौती से किसान परेशान, सूख रहीं फसलें**

**मुबारिजपुर, अमृत विचार** : ब्लाक गंगेश्वरी के दड़ियाल क्षेत्र में बिजली कटौती व लो वोल्टेज से भीषण गर्मी में लोग बेहाल हैं। बिजली न मिलने से खेतो में खड़ी फसलें भी सूखने लगीं हैं। विद्युत निगम के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। भीषण गर्मी में बिजली कटौती के साथ ही लो वोल्टेज की समस्या से नलकूप नही चल रहे हैं। लो वोल्टेज आने पर फसल में सिंचाई के लिए किसान परेशान हैं। दर्जनों गांवों में पिछले दो सप्ताह से पर्याप्त बिजली नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते ट्यूबवेल बंद हैं। पानी न मिलने से किसानों की फसलें सूख रही हैं। इस संबंध में किसानों ने विद्युत निगम के अधिकारियों से बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से देने की मांग की है।



चेहरे ढककर जातीं युवतियां।

### प्यास बुझाने के लिए भटक रहे बेजुबान

**रहरा, अमृत विचार** : भीषण गर्मी के चलते लोगों के साथ पशु-पक्षी भी बेहाल हैं। दिन निकलते ही सूरज आग उगलने लगता है। एक तरफ सरकार जगह-जगह क्षेत्र के गांवों में गोशाला बनना रही हैं तो दूसरी तरफ गोशाला में पशुओं की मृत्यु भी हो रही है। भीषण गर्मी के चलते लोग तो अपने घरों में रहते हैं। लेकिन पशु-पक्षी खुले में घूमते हुए नजर आ रहे हैं। गंगेश्वरी ब्लॉक क्षेत्र के गांव खरपड़ी में घूमते गोवंशीय पशु पानी के लिए तरस रहे हैं। गांव में लगी पानी की टंकी पर पशु पानी पीने को मजबूर हैं।



टंकी पर पानी पीता गोवंशीय पशु।



फैक्ट्री में छापेमारी के लिए जाती आयकर विभाग की टीम। ● अमृत विचार

# टीम ने फैक्ट्री में मारा छापा

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार** : नेशनल हाईवे किनारे संचालित फैक्ट्री में शुक्रवार सुबह आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। इससे फैक्ट्री कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। देर शाम तक टीम ने फैक्ट्री में रिकार्ड खंगाला और अन्य जांच भी की। हालांकि इस संबंध में स्थानीय अधिकारियों ने कोई भी जानकारी देने से इनकार कर दिया।

मुरादाबाद आयकर विभाग की टीम शुक्रवार दोपहर फैक्ट्री में पहुंची। बताया है कि गार्ड ने काफी देर तक यहां फैक्ट्री का गेट नहीं खोला। अधिकारियों ने खुद के आयकर विभाग से होने की जानकारी भी दी। लेकिन गेट नहीं खोला गया। अधिकारियों ने फैक्ट्री कर्मचारियों व मालिक से बात की। इस पर फैक्ट्री गेट खोल दिया गया। टीम ने फैक्ट्री में प्रवेश करने के साथ ही सबसे पहले एचआर समेत चार कर्मचारियों के फोन जब्त कर लिए। फैक्ट्री के मुख्य गेट को बंद रखा गया। बताया जा रहा है कि छापेमारी टैक्स चोरी को लेकर सामने आए किसी प्रकरण को लेकर की गई है। हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

### वासुदेव तीर्थ को पर्यटक स्थल के रूप में करें विकसित

**अमरोहा, अमृत विचार** : कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार डीएम राजेश कुमार त्यागी ने वासुदेव तीर्थ व जोया रोड पर रायपुर खुर्द में अमृतसर सरोवर को अमृत योजना के अंतर्गत पुनरुद्धार को लेकर बैठक की। मॉडल के रूप में विकसित करने के दृष्टिगत प्रेजेंटेशन कलेक्ट सभागार में दिखाया गया। जिलाधिकारी ने वासुदेव तीर्थ को आकर्षक, भव्य दिव्य बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि वासुदेव तीर्थ प्राचीन काल से महत्वपूर्ण स्थल है। कहा कि वासुदेव मंदिर में चारों ओर आकर्षक रंगीन लाइटें, बैठने की व्यवस्था, कलरयुक्त फाउंटेन, पार्क, झूले, सेल्फी प्वाइंट की व्यवस्था कराई जाए। उधर, डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

UMMEED HOUSING FINANCE
We bring your dreams to life

**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**
सीआईएन:U65922HR2016PTC057984।
कॉर्पोरेट कार्यालय: यूनिट 809-815,8वीं मंजिल, टॉवर - ए, ईएमएआर डिजिटल ग्रीन्स गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड, सेक्टर-61, गुरुग्राम (हरियाणा)-122002")

**सरफेसी अधिनियम की धारा(13)2 के तहत मांग सूचना**

चूंकि ऋण खाता एनपीए बन गया है, इसलिए **यूएचएफपीएल** के प्राधिकृत अधिकारी ने तालिका में दिए गए उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बन्धककर्ता को **वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13[2] के तहत** मांग नोटिस जारी किया है। नोटिस के अनुसार यदि उधारकर्ता 60 दिनों के भीतर पूरी राशि जमा नहीं करते हैं, तो राशि नीचे उल्लिखित बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की नीलामी से वसूल की जाएगी। इसलिए, उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे मांग नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और खर्चों के साथ पूरी ऋण राशि जमा कर दें, अन्यथा उक्त अधिनियम के प्रावधान 13 [4] और 14 के तहत प्राधिकृत अधिकारी नीचे दिए गए अनुसार बंधक संपत्ति/सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री के लिए कब्जा ले लेंगे।
उधारकर्ताओं को ध्यान देना चाहिए कि अधिनियम, 2002 के 13 [13] के संदर्भ में इस नोटिस की प्राप्ति के बाद, आपको सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्य किसी भी माध्यम से किसी भी सुरक्षित संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित और रोका जाता है।
उधारकर्ताओं का ध्यान सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 अधिनियम की धारा-13[8] आर/डब्ल्यू नियम 3[5] की ओर आकर्षित किया गया है कि उधारकर्ता नीलामी नोटिस के प्रकाशन से पहले नीचे उल्लिखित पूर्ण बकाया राशि के भुगतान पर अपनी सुरक्षित संपत्तियों को प्राप्त करने का हकदार होगा, जो उसके बाद समाप्त हो जाएगी।

| उधारकर्ता/आवेदक/गारंटर/बंधककर्ता का नाम | धारा 13 [2] के तहत मांग नोटिस की तारीख और राशि | बंधक संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **(1) पप्पी देवी पत्नी स्वर्गीय प्रेमपाल गिरी (सह-उधारकर्ता सह कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी-** दबल फाटक, दास सराय, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश 244401 **(2) अमरदीप पुत्र मुन्नी लाल (गारंटर) निवासी** सरखरा खास, मुरादाबाद उत्तर प्रदेश-244926 **ऋण संख्या** LXMOR02823-240030784 **ऋण अनुबंध दिनांक-** 25-नवंबर-2023 **ऋण राशि** रु.7,50,000/- | **11-जून-24, रु.790529/- (सात लाख नब्बे हजार पांच सौ उनतीस रुपये मात्र)11-जून-2024 तक + 12-जून-2024 से अतिरिक्त ब्याज और अन्य शुल्क** | संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 75.62 वर्ग मीटर है का समस्त अंश एवं खंड, खसरा संख्या 156, मौजा भदौरा, परगना एवं जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश, सीमाएं- पूर्व- आराजी प्रथम पक्ष, पश्चिम- रास्ता 9 मीटर चौड़ा, उत्तर- रास्ता 15 फीट चौड़ा, दक्षिण- आराजी राजारा |

**दिनांक: 15-जून-2024**
**स्थान: गुरूग्राम**
**प्राधिकृत अधिकारी श्री गौरव त्रिपाठी मोबाइल- 9650055701**
**उम्मीद हाउसिंग फाइनेंस प्रा. लिमिटेड**

## एक नजर

### बाइकों की भिड़ंत में दो लोग घायल

संभल, अमृत विचार : नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी मजदूर फईम शुक्रवार को पुरानी तहसील के पास से एक मजदूर को बाइक पर बैठाकर लेंटर डालने की मशीन किराए पर लेने संभल मुरादाबाद मार्ग पर जा रहा था। सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी चौराहे के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास संभल मुरादाबाद मार्ग पर पीछे से आ रही बाइक ने फईम की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे फईम व दूसरी बाइक का चालक घायल हो गया। आसपास के लोगों ने फईम को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

### कूड़ा उड़कर घर में पहुंचने पर चले लात घूंसे

संभल, अमृत विचार : हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव कमालपुर सराय निवासी टिंकू का प्लाट उसके चाचा विपिन के घर के पास खाली पड़ा है। शुक्रवार की सुबह टिंकू की पत्नी सर्वेश कूड़ा डालने प्लाट में गई थी। हवा की वजह से कूड़ा उड़कर विपिन के घर में चला गया। इसी बात को लेकर विपिन व सर्वेश के बीच विवाद होने लगा। सूचना मिलने पर टिंकू भी मौके पर आ गया। जिसके बाद विवाद इतना बढ़ गया कि विपिन उसकी पत्नी मंजू और टिंकू व सर्वेश के बीच जमकर लात घूंसे चले। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और विपिन, मंजू, टिंकू व सर्वेश को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने शांतिभंग में विपिन, मंजू, टिंकू व सर्वेश का चालान कर दिया है।

### सात दिवसीय योग शिविर आज से

संभल, अमृत विचार : योग दिवस के उपलक्ष्य में पतंजलि योग समिति एवं नगर पालिका परिषद संभल के संयुक्त तत्वाधान में 15 जून से नगर के शंकर इंटर कॉलेज में सात दिवसीय योग शिविर शुरू हो रहा है। योग शिविर सुबह 5 बजे से 7 बजे तक चलेगा। यह जानकारी पतंजलि योग समिति के जिला मीडिया प्रभारी हरनाम सिंह ने दी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

संभल, अमृत विचार : मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव फतेहुल्लागंज निवासी जैकी पुत्र जगदीश शुक्रवार को बाइक से मनोटा सैदनगली मार्ग से थाना ऐंचौड़ा कम्बोह क्षेत्र गांव गांव रझा जा रहा था। भटपुरा पेट्रोल पंप से पेट्रोल लेकर जैसे की बाइक सड़क की तरफ मोड़ी तो सैदनगली की ओर से आई तेज रफ्तार कार ने बाइक टक्कर मार दी। जिससे जैकी गंभीर रूप से घायल हो गया।

# अल्ट्रासाउंड सेंटर सील, युवती सहित चार गिरफ्तार

## नियम विरुद्ध संचालित सेंटर पर प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मारा छापा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अल्ट्रासाउंड सेंटर पर छापेमारी की डॉक्टर की अनुपस्थिति में युवती मरीज का अल्ट्रासाउंड करती मिली, जो नियम विरुद्ध है। सेंटर पर घंटों तक कार्रवाई के बाद चार युवतियों, डॉक्टर और सेंटर मालिक को कोतवाली भेजा गया। स्वास्थ्य विभाग ने अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करते हुए मशीन और दस्तावेज कब्जे में ले लिए। मामले में रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी।

शुक्रवार को एसडीएम विनय कुमार मिश्र, एसीएमओ डॉ.पंकज कुमार विश्नोई, नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी, डॉ.नीरज शर्मा और पुलिस बल ने रोडवेज बस अड्डा के सामने वीनस अल्ट्रासाउंड पर छापेमारी की तो यहां एक युवती मरीज का अल्ट्रासाउंड करती मिली जबकि सेंटर पर डॉ.एमजेड अंसारी नहीं थे। टीम को सेंटर पर तीन अन्य युवतियां भी मिली। बिना डॉक्टर की मौजूदगी में युवती द्वारा अल्ट्रासाउंड करना नियम विरुद्ध है, इसलिए कार्रवाई शुरू की गई। इस बीच डॉक्टर भी पहुंचे तो उनसे जानकारी ली गई। सेंटर मालिक महबूब अली से भी पूछताछ हुई।

टीम ने सेंटर में जांच पड़ताल करते हुए अल्ट्रासाउंड से संबंधित दस्तावेज कब्जे में लिए। युवतियों से नाम पते के बारे में जानकारी ली। युवतियों, डॉक्टर और मालिक को कोतवाली भेजा गया। वहीं सेंटर से अल्ट्रासाउंड मशीन भी कब्जे में ली गई। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग ने सेंटर को सील कर दिया।

घंटों तक चली कार्रवाई के दौरान आसपास के लोगों की भीड़ जुटी रही। नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है।



अल्ट्रासाउंड सेंटर को सील करने की कार्वाई करते नोडल अधिकारी डा. मनोज चौधरी व एसीएमओ डा. पंकज विश्नोई। ● अमृत विचार



अल्ट्रासाउंड सेंटर का संचालन करने वाली युवती को पकड़कर ले जाती पुलिस।

- अल्ट्रासाउंड के दौरान डॉक्टर नहीं थे मौजूद, जांच पड़ताल के बाद रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी
- अल्ट्रासाउंड से संबंधित दस्तावेज कब्जे में लिए

### रोजाना औसतन तीस अल्ट्रासाउंड होने की मिली जानकारी

संभल, अमृत विचार : सेंटर पर रोजाना औसतन 30 अल्ट्रासाउंड होने की जानकारी दस्तावेज से मिली। शुक्रवार को भी दोपहर तक 37 अल्ट्रासाउंड हो चुके थे। नोडल अधिकारी ने बताया कि रिकॉर्ड से पता चलता है कि सेंटर पर प्रतिदिन औसतन 30 अल्ट्रासाउंड होते रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं हुआ कि डॉक्टर की गैर मौजूदगी में भी पहले अल्ट्रासाउंड होते रहे या नहीं।



किशोरी की मौत के बाद बिलखते परिजन। ● अमृत विचार

# बीमारी से किशोरी की मौत परिवार में मचा कोहराम

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** कैलादेवी थाना क्षेत्र में दौरा पड़ने के बाद किशोरी की कुछ ही देर में मौत हो गई। परिजन किशोरी को जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

थाना क्षेत्र के गांव रोरादीप निवासी साहब सिंह की 14 वर्षीय पुत्री चंद्रवती को दौरे पड़ते थे। गुरुवार की रात आठ बजे दौरा पड़ने के बाद हालत बिगड़ी तो परिजन आनन फानन में चंद्रवती को लेकर पास के ही गांव में स्थित निजी डॉक्टर के पास पहुंचे। हालत में सुधार होने पर परिजन शुक्रवार की सुबह बालिका को लेकर घर आ गए। इसके बाद परिजन हरिबाबा धाम चले गए तो बालिका की हालत फिर से बिगड़ने लगी। परिजन उपचार कराने के लिए बालिका को लेकर जिला अस्पताल आ गए। यहां डॉक्टर ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन कानूनी कार्रवाई करने से मना करते हुए चंद्रवती का शव लेकर घर चले गए। परिजनों ने बताया कि चंद्रवती को दौरे पड़ते थे। वह कक्षा छह की छात्रा थी।

# क्लीनिक संचालक को बंधक बना कर मारपीट, छत से फेंकने का आरोप

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचार :** रजपुरा थाना क्षेत्र में दवा दिलाने के बहाने अपंजीकृत क्लीनिक संचालक को घर में बंधक बनाकर मारपीट की गई। आरोप है कि क्लीनिक संचालक को दो मंजिला मकान की छत से फेंक दिया गया। गंभीर रूप से घायल क्लीनिक संचालक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। पुलिस को तहरीर दी गई है।

जनपद बुलंदशहर के डिबाई थाना क्षेत्र के गांव यावापुर निवासी सोनू पुत्र भगवानदास ने थाने में तहरीर देकर कहा कि वह करीब 20 वर्षों से रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव तुमरिया घाट में भोजराज डीलर के मकान में क्लीनिक चलाता है। शुक्रवार को गांव का ही एक युवक क्लीनिक पर आया और अपनी बहन की तबीयत खराब होने की बात कही। युवक क्लीनिक संचालक को अपने घर ले गया। आरोप है कि क्लीनिक संचालक को घर में बंधक बनाकर जमकर मारपीट की गई। जिसके बाद दो मंजिला मकान की छत से नीचे फेंक दिया।

सूचना के बाद डायल 112 पुलिस भी मौके पर पहुंची तो आरोपी भाग गए। क्लीनिक संचालक का सीएचसी में उपचार हुआ। थाना प्रभारी निरीक्षक अमरपाल सिंह ने बताया कि मारपीट का मामला संज्ञान में है। रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी।

**आरोप**

- बहन को दवा देने के बहाने युवक क्लीनिक संचालक को ले गया था घर
- मारपीट का मामला संज्ञान में है रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी

# सात सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट किए नियुक्त

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन तैयारी में जुट गया है। एसडीएम ने संभल तहसील क्षेत्र को सात सेक्टरों में बांटकर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। अधिकारियों को कड़ी निगरानी रखते हुए त्योहार को शांतिपूर्वक से संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

एसडीएम विनय कुमार मिश्र ने तहसीलदार रवि सोनकर को कोतवाली संभल, नायब तहसीलदार अनुज कुमार को हयातनगर एवं सरायतरीन, नायब तहसीलदार सतेंद्र सिंह को हजरतनगर गढ़ी, खंड शिक्षा अधिकारी पंवासा को नखासा थाना, चकबंदी अधिकारी संभल को असमोली थाना, खंड विकास अधिकारी संभल को पुलिस चौकी मढ़न, खंड विकास अधिकारी असमोली को पुलिस चौकी सिरसी संपूर्ण क्षेत्र के लिए मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है। श्रम प्रवर्तन अधिकारी कोतवाली संभल, बाट माप निरीक्षक असमोली थाना, खंड शिक्षा अधिकारी संभल थाना नखासा, एडीओ पंचायत संभल थाना हयातनगर में रिजर्व में रहेंगे। एसडीएम ने कहा कि पशुओं की कुर्बानी के बाद ओझ को एक ही स्थान पर फेंकने की व्यवस्था की जाए। जिससे जगह-जगह गंदगी न हो।

- बकरीद का त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न कराने के एसडीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

### निषिद्ध जानवरों की कुर्बानी की जांच को लगाई ड्यूटी

संभल, अमृत विचार : एसडीएम ने कहा है कि निषिद्ध जानवरों की कुर्बानी का मामला सामने आने पर तत्काल अवगत कराया जाएगा। जांच के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई है। पशु चिकित्सा अधिकारी संभल की कोतवाली संभल, पशु चिकित्सा अधिकारी सिरसी की पुलिस चौकी सिरसी, पशु चिकित्सा अधिकारी असमोली की थाना असमोली, पशु चिकित्सा अधिकारी पंवासा की थाना हयातनगर पर ड्यूटी लगाई है। एसडीएम ने अधिकारियों को पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।

### बकरीद पर दुरुस्त रहे सफाई और पेयजल व्यवस्था

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के जिला सचिव सईद अख्तर इसराईली के नेतृत्व में बकरीद पर व्यवस्थाओं को लेकर एसडीएम विनय कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा गया। कहा कि ईदगाहों, मस्जिदों, कब्रिस्तानों, इमामबाड़ों और मदरसों के आसपास बेहतर सफाई कराई जाए। नगर पालिका द्वारा कुर्बानी के समय ट्रैक्टर ट्राली की व्यवस्था की जाए ताकि सड़कों पर गंदगी न रहे। ज्ञापन में मुख्य चौराहों और ईदगाहों के आसपास सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों की तैनाती किए जाने, 24 घंटे बिजली आपूर्ति किए जाने, जर्जर तारों की मरम्मत कराने, दिन में चार बार पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग उठाई। इस दौरान रमेज राजा, तालिब मलिक, निजामउद्दीन, अनीस आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### मस्जिदों में इमामों की हत्या के खुलासे की उठाई मांग

संभल, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी फिरोज खां के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने डीएम मनीष बंसल और एसपी कुलदीप सिंह गुनावत को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद से प्रतापगढ़, रायबरेली और मुरादाबाद जिले की मस्जिदों में इमामों की हत्या किया जाना प्रदेश में गंभीर चिंता का विषय है। सपा नेता फिरोज खां ने सरकार से मांग की कि घटनाओं में किस संगठन का हाथ, अल्पसंख्यक वर्ग को निशाना बनाना ठीक नहीं, इसका खुलासा होना चाहिए। इमामों की सुरक्षा के प्रबंध किए जाए। इस मामले को लेकर जल्द ही लखनऊ में मुख्यमंत्री और डीजीपी से मिलेंगे। उन्होंने बकरीद पर डीएम और एसपी से उचित व्यवस्था कराने की मांग उठाई। इस दौरान मियां असलम खां, हाफिज यासीन, कारी राशिद, मुफ्ती शाहिद, मुफ्ती कासिम, मुफ्ती नाजिम, भूरा प्रधान आदि रहे।



जुनावई में मुख्य मार्ग पर आपस में भिड़ते सांड। ● अमृत विचार

### हाईवे पर भिड़े छुट्टा सांड, लोग सहमे

संभल/जुनावई, अमृत विचार : जुनावई थाना क्षेत्र में गांव धनीपुर के पास बदायूं-मेरठ हाईवे पर शुक्रवार को तमाम छुट्टा गोवंश पशु घूम रहे थे। इस बीच सांड आपस में भिड़ गए। सांडों को उत्पात मचाते देखकर हाईवे से गुजर रहे लोग भी सहम गए। सांडों के भिड़ने के दौरान कई बाइक सवार भी टकराने से बाल-बाल बच गए। काफी देर तक सांड उत्पात मचाते रहे। इस बीच आसपास के ग्रामीण लाठी डंडे लेकर हाईवे पर पहुंचे। ग्रामीणों ने किसी तरह सांडों को अलग किया। तब जाकर हाईवे पर लोगों ने मंजिल की तरफ बढ़ना शुरू किया। बताते चलें कि हाईवे पर रोजाना ही छुट्टा गोवंश कब्जा जमाए बैठे रहते हैं। फिर भी छुट्टा गोवंश को पकड़कर संरक्षित नहीं किया जा रहा है।



मंडी किशनदास सराय के उर्स में कव्वाली पेश करते कव्वाल। ● अमृत विचार

### उर्स में कव्वालों ने पेश किए कलाम तो झूमे अकीदतमंद

संभल, अमृत विचार : हजरत शाह अली मुत्तकी मियां रहमतुल्ला अलैह के सालाना उर्स में गुरुवार को रात हुई महफिले कव्वाली में कव्वालों ने अकीदतमंदों को झूमने के लिए मजबूर कर दिया। मंडी किशनदास सराय अली सराय में स्थित हजरत शाह अली मुत्तकी मियां इसराईली चिश्ती कादरी के सालाना उर्स में अकीदतमंद शिरकत कर रहे हैं। गुरुवार को कव्वाली की महफिल सही। जिसमें कव्वाल असलम, मुकर्रम साबरी ने सूफियाना कलाम पेश करके अकीदतमंदों को झूमने के लिए मजबूर किया। जब मौला अली का कलाम पढ़ा गया तो हर तरफ से नजरानों की बौछार हो गई। बताया गया कि 15 जून को रात में उर्स का समापन कुल शरीफ की रस्म के साथ किया जाएगा। इस दौरान मनाजिर हुसैन वारसी, उमर तुर्की, महफूज तुर्की, फहीम वारसी, सैफ अली वारसी, मरगूब अशरफी, बबलू मेंबर, अनस तुर्की, एहतेशाम अशरफी, शफीक वारसी, मोहसिन अली वारसी, अजीम सैफी, बाबू मंसूरी, फिरोज अशरफी आदि रहे।

### इमाम मोहम्मद बाकिर का निकला शबीहे ताबूत जुलूस

संभल/सिरसी, अमृत विचार : सिरसी के मुहल्ला शर्की इमाम बारगाह सादात से शियाओं के पांचवें इमाम मोहम्मद बाकिर की शहादत पर शबीहे ताबूत का जुलूस निकाला गया। जिसमें अंजुमन जुल्फाकारे हैदरी और अंजुमन पंजेतनी ने नौहा पढ़ा और मातम किया। जुलूस में बड़ी तादाद में अजादार शामिल हुए। शुक्रवार को रात इमाम बारगाह सादात में मजलिस शुरू हुई। जिसमें मर्सिया महताब हुसैन और उनके हमनवां ने पढ़ा। मजलिस को मौलाना असगर अब्बास ने खिताब करते हुए कहा कि हमें अपनी जिंदगी में अच्छे काम करने चाहिए। कभी भी गरीब, यतीम और मजलूम पर जुल्म नहीं करना चाहिए। अगर अच्छा इंसान मर जाता है तो इंसानियत बाकी रहती है। इंसानियत का पैगाम हमें कर्बला से लेना चाहिए। मजलिस के आखिर में इमाम मोहम्मद बाकिर और हजरत इमाम हुसैन की शहादत बयान की गई। जिसे सुनकर अजादारों की आंखें नम हो गईं। मजलिस के बाद इमाम मोहम्मद बाकिर का शबीहे ताबूत का जुलूस निकला। जुलूस इमाम बारगाह में ही संपन्न हुआ।

### गोकशी में फंसाने की साजिश में पांच पर रिपोर्ट

संभल/असमोली, अमृत विचार : ऐचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव नहरौली में ग्रामीण को फंसाने के लिए गांव के कुछ लोगों ने साजिश रचकर पुलिस को गोकशी की झूठी सूचना दे दी। अब पुलिस ने ग्रामीण की पत्नी की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। नहरौली निवासी अशोक की पत्नी मुन्नी का कहना है कि आठ- दस दिन पहले किसी व्यक्ति ने उसके पति को फंसाने के लिए झूठी गोकशी करने की सूचना पुलिस को दी थी। मंगलवार की शाम चार बजे गांव के ही तौहीद की पुत्री छिदिया, हसनैन, रिजवान जीशान और इकराम गाली गलौज करते हुए मुन्नी की बेटी काजल से कह रहे थे कि अशोक के द्वारा गोकशी करने की सूचना पुलिस को हमने ही दी थी। विरोध किया तो लात घूंसों से काजल के साथ मारपीट करते हुए गांव से भगा कर जमीन पर कब्जा करने की धमकी दी। तहरीर मिलने पर पुलिस ने छिदिया, हसनैन, रिजवान जीशान और इकराम के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# अब गांव बंजरपुरी में अंडरपास की उठी मांग, मौके पर पहुंचे एसडीएम

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** अब बंजरपुरी गांव के लोगों ने गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडरपास निर्माण की मांग उठाई है। डीएम के निर्देश पर मौके पर पहुंचे एसडीएम संभल ने जांच पड़ताल कर ग्रामीणों को जल्द ही इस मामले में उचित निर्णय का आश्वासन दिया।

थाना क्षेत्र के गांव बंजरपुरी निवासी ग्रामीण शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेस वे पर अंडपास बनवाने की मांग को लेकर बहजोई में डीएम कार्यालय पहुंचे।

यहां डीएम मनीष बंसल से ग्रामीणों ने कहा कि गांव बंजरपुरी से कुछ दूर मझरा स्थित है। गांव बंजरपुरी से मझरा जाने वाली सड़क को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है। जिससे गांव बंजरपुरी में स्थित प्राइमरी व हाईस्कूल में मझरा के दर्जनों छात्रों के पढ़ने आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों की शिकायत को सुनकर जिलाधिकारी मनीष बंसल ने जांच पड़ताल करने के लिए मौके पर एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा को भेजा। जांच करने के बाद एसडीएम ने ग्रामीणों को जल्द ही अंडरपास के निर्माण कार्य को लेकर उचित निर्णय का आश्वासन दिया।



बंजरपुरी गांव में किसानों की समस्या सुनते एसडीएम विनय मिश्रा। ● अमृत विचार

## सामाजिक कार्यकर्ता ने उपलब्ध कराया खून

**गुन्नौर, अमृत विचार :** खून की कमी से जीवन व मौत के बीच संघर्ष कर रही किशोरी को सामाजिक कार्यकर्ता ने रक्त उपलब्ध कराकर मानवता की मिसाल पेश की है।

मोहल्ला सराय निवासी गरीब परिवार की 17 वर्षीय फरहीन एनीमिया की शिकार है। उसके पिता रफीक की काफी दिनों पहले मौत हो चुकी है। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ी तो पड़ोसी व्यापारी नेता अब्दुल मतीन फरहीन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। चिकित्सक डॉ. अजहर अली ने उसके शरीर में रक्त की कमी बताई लेकिन आसपास ब्लड बैंक न होने से अब्दुल मतीन परेशान होने लगे। उन्होंने इसकी जानकारी समाजसेवी केवी यादव को दी और बताया कि किशोरी को ओ पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की जरूरत है।

केवी यादव बुलंदशहर जिले के डिबाई पहुंचे और ब्लड बैंक से रक्त खरीदकर लाए। इसके बाद डॉक्टर ने किशोरी को ब्लड चढ़ाया।

# सुबह 10 से 12 तक आमजन की समस्याएं सुनें अधिकारी

संवाददाता, बहजोई

- डीएम ने तहसील व ब्लॉक पर समस्या निस्तारण के दिए निर्देश
- प्रत्येक माह के अंत में जनता दर्शन की समस्याओं की समीक्षा करेंगे डीएम

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को सुबह 10 से 12 तक कार्यालय में बैठकर जनसुनवाई करने के निर्देश दिए हैं। वहीं तहसील ब्लाक स्तर की समस्याएं उनके दफ्तर पर ही निस्तारित करने की बात कही है। माह के अंत में विभिन्न अधिकारियों द्वारा की जाने वाली जनसुनवाई के निस्तारण की डीएम ने समीक्षा करने की बात कही है।

लोकसभा चुनाव के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ा रुख अपनाते हुए डीएम व एसपी को जनसुनवाई को लेकर निर्देश दिए हैं। इसके बाद ही डीएम मनीष बंसल ने अब जनसुनवाई को लेकर जनपद में आदेश जारी किए हैं। कहा है कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी सुबह 10 से 12 बजे तक अपने दफ्तर में बैठकर जनसुनवाई करेंगे। जन सामान्य की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र निस्तारण करेंगे। डीएम ने निर्देश देते हुए कहा है कि सभी एसडीएम, तहसीलदार व खंड विकास अधिकारी अपने दफ्तर पर ही समस्याओं का निस्तारण करें। तहसील की समस्याएं तहसील पर ब्लॉक की समस्याएं ब्लॉक पर ही निस्तारित होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जनता दर्शन के अंतर्गत की जाने वाली जनसुनवाई की रिपोर्ट उनके दफ्तर पर तलब की जाएगी। उन्होंने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि जो भी अधिकारी जनसुनवाई के समय औचक निरीक्षण में नहीं मिलेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रचंड गर्मी देख बढ़ा स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित कक्षा 1 से 8 तक के परिषदीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में प्रचंड गर्मी को लेकर ग्रीष्मकालीन अवकाश 24 जून तक बढ़ा दिया गया है। इस संबंध में शिक्षा निदेशक बेसिक ने फरमान जारी कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों के निर्देश दिए हैं।

शिक्षा निदेशक बेसिक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश में कहा है कि स्कूलों में 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान एवं गर्मी के मद्देनजर 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि को बढ़ाया गया है। 25 जून से शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र, अनुदेश और शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर अन्य प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। 28 जून से छात्र छात्रा विद्यालय में सुबह 7.30 बजे से 10 बजे तक उपस्थित रहेंगे। एक जुलाई से विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

बीएसए चन्द्रशेखर के अनुसार निर्धारित समय सारिणी के अनुसार शैक्षिक कार्य किया जाएगा। शिक्षा निदेशक बेसिक ने कहा है कि 25 जून से 30 जून तक की अवधि में विद्यालयों में अन्य गतिविधियां, साफ सफाई एवं स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के संबंध में निर्देश दिए जाएंगे।

**फरमान**

- शिक्षा निदेशक बेसिक ने 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाने को लेकर जारी किया आदेश
- एक जुलाई से विद्यालय सुबह 7.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संचालित किए जाएंगे

**अनदेखी** शहर में लोगों को ठंडा पानी मुहैया कराने के इंतजाम नाकाफी, नगर पालिका नहीं दिख रही गंभीर

# दिखावा बने कई वाटर कूलर, गर्मी में कैसे बुझे प्यास

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में पांच मिनट ही गला सूख रहा है लेकिन शहर में लोगों को ठंडा पानी नसीब नहीं हो रहा। प्रमुख चौराहा के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर तो लगे हैं मगर अधिकांश खराब हैं। ऐसे में लोग प्यास बुझाने के लिए भटकने को मजबूर हैं। फिर भी नगर पालिका परिषद वाटर कूलर की व्यवस्था दुरुस्त कराने की ज़हमत नहीं उठा रही है।

वर्तमान में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। मिनट-मिनट पर ठंडे पानी से गला तर करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। बावजूद इसके नगर में विभिन्न स्थानों पर लोगों की प्यास बुझाने के इंतजाम नहीं हैं। अमृत विचार ने शुक्रवार को कई प्वाइंटों पर पड़ताल की तो यह बात सामने आई। चंदौसी चौराहा पर पुलिस बूथ के बराबर में लगा वाटर कूलर खराब है। जबकि यहां पुलिसकर्मियों की मौजूदगी के अलावा बसों का इंतजार करने के लिए तमाम यात्री भी खड़े रहते हैं। चौराहा पर दूसरी तरफ भी वाटर कूलर शोपीस बना है। वाटर कूलर से टोंटियां भी गायब हैं। बाल विद्या मंदिर स्कूल के सामने दोनों वाटर कूलर खराब हैं। इन्हें चालू नहीं कराया गया है। सीएचसी के पास लगे वाटर कूलर में मशीन ही नहीं है। रोडवेज बस अड्डा पर वाटर कूलर में नॉर्मल पानी आ रहा है। जिला अस्पताल में इमरजेंसी के पास वाटर कूलर थोड़ा थोड़ा सादा पानी दे रहा है। ऑक्सीजन प्लांट पर लगा वाटर कूलर से कम मात्रा में ठंडा पानी आ रहा है। वहीं ओपीडी गेट के सामने लगा वाटर कूलर में नॉर्मल पानी आ रहा है। ऐसे में हालात से साफ है कि प्रचंड गर्मी के बावजूद लोगों को ठंडा पानी नहीं मिल पा रहा है और दिक्कतों से जूझ रहे हैं। सवाल उठता है कि अगर चिलचिलाती धूप में किसी की हालत बिगड़ी तो जिम्मेदार कौन होगा?



चंदौसी चौराहा पर खराब पड़ा वाटर कूलर। ● अमृत विचार





सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट पर खराब पड़ा वाटर कूलर।

- नगर में विभिन्न स्थानों पर लोगों की प्यास बुझाने के इंतजाम नहीं हैं
- वाटर कूलर से टोंटियां भी गायब हैं

# मैंथा प्लांट का लिंटर गिरा, किसान की मौत

## पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने गांव बिचैटा में पहुंच कर जानकारी प्राप्त की

कार्यालय संवाददाता, कुढ़फतेहगढ़/चन्दौसी

**अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव बिचैटा में शुक्रवार की दोपहर मेंथा प्लांट का लिंटर भरभरा कर नीचे आ गिरा। मलबे में दब कर मेंथा प्लांट स्वामी किसान की मौत हो गई। सूचना पाकर थाना पुलिस और राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जानकारी की।



गांव बिचैटा निवासी तोताराम (50 वर्ष) पुत्र चौबे सिंह का गांव के बाहर जंगल में मेंथा पेराई का प्लांट है।

रोजाना की तरह शुक्रवार को अपराह्न करीब तीन बजे किसान तोताराम प्लांट पर अपने बेटों के साथ मेंथा पेराई का कार्य कर रहे थे। वहीं मेंथा प्लांट पर एक माह पहले ही तोताराम ने एक बड़ा कमरा बनवा कर लिंटर डलवाया था। लिंटर की तराई करने के लिए दिन में लिंटर पर पानी भरा था और मेंथा प्लांट पर मेंथा की पेराई का कार्य चल रहा था। गर्मी अधिक होने के कारण तोताराम एवं बेटे मुकेश, धर्म सिंह व देवपाल लिंटर के नीचे बैठे थे।



हादसे के बाद घटनास्थल पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

- प्लांट पर अपने बेटों के साथ मेंथा पेराई का कार्य करते थे

> गांव बिचैटा में लिंटर गिरने से मलबे के नीचे दब कर किसान की मौत हो गई। राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर जानकारी ली है। शव कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।
> –संदीप कुमार बालियान, थानाध्यक्ष, कुढ़फतेहगढ़

उसी समय थोड़ी देर बाद मेंथा की टंकी खुलने पर मुकेश, धर्म सिंह व देवपाल मेंथा की टंकी खाली करने के लिए चले गए। जबकि तोताराम लिंटर के नीचे ही बैठे थे। उसी समय अचानक कमरे की दीवार ढ हने से लिंटर भरभरा कर नीचे गिरा। तोताराम लिंटर के मलबे के नीचे दब गए।

वहीं लिंटर गिरने पर धमाके की आवाज सुन कर बेटे व आसपास मौजूद ग्रामीण दौड़ कर मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने मलबे को हटाते हुए तोताराम को खींच कर बाहर निकाला। तब तक तोताराम की मौत हो चुकी थी।

सूचना पाकर थानाध्यक्ष संदीप कुमार बालियान अपनी पुलिस टीम के साथ तथा लेखपाल लल्ला सिंह राजस्व विभाग टीम के साथ मौके पर पहुंच गए।

पुलिस ने तोताराम को सीएचसी चन्दौसी भेज दिया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

## किशोरी से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**संभल/ओबरी, अमृत विचारः** असमोली थाना क्षेत्र से एक माह पहले बहला-फुसलाकर घर से भगाकर किशोरी के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने गांव मुबारकपुर बंद तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया।

नखासा थाना क्षेत्र के गांव सलारपुर कला निवासी फिरोज की असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में ननिहाल है। ननिहाल में आते जाते फिरोज ने मुहल्ला के ही एक किशोरी के साथ अपने प्रेम संबंध बना लिए थे। फिरोज 10 मई को बहला फुसलाकर किशोरी को घर से कहीं ले गया। इसके बाद फिरोज ने किशोरी के साथ निकाह कर लिया। जानकारी होने पर किशोरी के तहेरे भाई ने फिरोज के खिलाफ 30 मई को रिपोर्ट दर्ज कराई। तीन दिन पहले बरामद होने के बाद किशोरी ने फिरोज पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। शुक्रवार को फिरोज थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद तिराहे के पास खड़ा हुआ था। पुलिस ने फिरोज को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

## एक नजर

### ससुराल वालों पर मारपीट का आरोप

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी मोहम्मद अकील की पत्नी समरा ने शुक्रवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि किसी बात को लेकर ससुराल वालों से चल रहे विवाद की वजह से दो वर्षीय बेटे के साथ पति से अलग किराए के मकान पर रहती हूं। शुक्रवार को समरा किसी काम से अपने बेटे को साथ लेकर मोहम्मद अकील के घर गई थी। आरोप है कि घर पहुंचते ही मोहम्मद अकील सहित अन्य ससुराल वाले समरा के साथ गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो लात घूसों से मारपीट की और समरा से बेटे को छीनकर उसे घर से धमकी देते हुए निकाल दिया।

### धोखाधड़ी के मामले में वांछित गिरफ्तार

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक वांछित को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। बता दें कि पूर्व में एक होटल में ठहर कर कुछ लोगों ने नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी की थी। इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज है। मुख्य आरोपी संजय कुमार पुत्र प्रकाश चंद्र निवासी वार्ड नंबर 01 हटवास थाना नगरौटा बंगुवा जनपद कांगड़ा हिमाचल प्रदेश वांछित चल रहा था। एसएसआई सदाकत अली ने सर्विलांस टीम की मदद से अपनी पुलिस टीम के साथ संजय कुमार को कजहेरी सैक्टर 51 थाना सैक्टर चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया।

### सोशल मीडिया पर किशोरी के फोटो वायरल, तहरीर दी

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर किशोरी के फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए गए। पीड़ित किशोरी के पिता ने थाना बनियाठेर पुलिस को मामले की जानकारी देते हुए तहरीर दी है। थाना बनियाठेर के एक गांव निवासी पीड़ित पिता का पुलिस को दी तहरीर कहना है कि उसकी 12 वर्षीय बेटी है। गांव एक एक युवक गुंडागर्दी करता है और गांव कि बहन बेटियों के साथ छेड़छाड़ करता है। उक्त युवक ने उसकी बेटी के फोटो इंस्टाग्राम, वाट्सएप व फेसबुक पर वायरल कर दिए हैं। इतना ही नहीं युवक अपने दोस्तों से उसकी बेटी को भगा ले जाने की बात भी कहता है। पीड़ित पिता ने युवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# आंधी से मिली राहत, गुल हुई कई क्षेत्रों की बिजली

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच शुक्रवार की शाम अचानक मौसम का मिजाज बदला। आंधी आई तो लोगों को राहत मिली। हालांकि शहर से लेकर देहात तक की बिजली गुल हो गई। पेट्रोलिंग के बाद फीडरों की बिजली आपूर्ति सुचारू करने का काम शुरू हुआ।

शुक्रवार को दिनभर भीषण गर्मी रही। शाम को साढ़े छह बजे तक चिलचिलाती धूप के कारण लोग बेहाल नजर आए। इस बीच अचानक मौसम का मिजाज बदलने लगा और आंधी शुरू हो गई। जिससे राहत मिलने लगी। इसी के साथ बिजली आपूर्ति भी लड़खड़ा गई। संभल शहर के साथ-साथ ऐंचौड़ा कम्बोह और कई गांवों की बिजली बाधित हो गई। करीब आधा घंटे के बाद आंधी रुकी तो बिजली विभाग ने पेट्रोलिंग शुरू कराई। जिसके बाद बिजली आपूर्ति सुचारू की जाने लगी। एसडीओ तृतीय महेंद्र सिंह ने बताया कि आंधी के दौरान वैसे कोई फाल्ट नहीं हुआ है। एहतियातन बिजली बाधित रही। पेट्रोलिंग करके फीडरों को चालू किया गया।

### दस मिनट की आंधी से मिली राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भीषण गर्मी अपने तेवर दिखा रही है। जहां तेज धूप में दिन में घर से निकलना दुश्वार हो गया है। वहीं कमरों में भी पंखे की हवा से भी काम नहीं चल रहा। कूलर व एसी ही सहारा बने हुए हैं। शुक्रवार की शाम करीब दस मिनट तक चली आंधी से घर के बाहर राहत महसूस की गई। वहीं आंधी के चलते ही बिजली गुल हो गई। करीब डेढ़ घंटे बाद बिजली सुचारु हो सकी लेकिन इसके बाद भी बिजली की ट्रिपिंग चलती रही।

# चोरी के दो दोषियों को 15-15 माह की सजा

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**फैसला**

- अदालत ने दोनों पर छह-छह हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचारः** न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने चोरी के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए एक-एक वर्ष और तीन-तीन माह के कठोर कारावास व छह-छह हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना कोतवाली संभल क्षेत्र में पांच अप्रैल 2016 को हुई थी।

वादी मो. आकिल ने कोतवाली संभल में दी तहरीर में बताया था कि पांच अप्रैल 2016 की रात चोरों ने उसके मकान के ताले तोड़ कर घर का सामान चोरी कर लिया। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य शादी में शामिल होने के लिए छोटा हसनपुर गए हुए थे। अगले दिन सुबह पास पड़ोस के लोगों ने फोन पर जानकारी दी। उसने तत्काल घर पर जाकर देखा तो सभी कमरों के ताले टूटे हुए थे। चोर सोने के दो तोले के खडुआ, डेढ़ तोले की चम्पाकली, लचकारा, दो अंगूठी, एक पैंडिल, एक तोला के कंगन, चांदी की 20 तोले की पाजेब, आधा किलोग्राम चांदी, 90 हजार रुपये के अलावा इनवर्टर, बैटरी, टीवी, तांबा व पीतल के बर्तन आदि सामान ले गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सात अप्रैल को अज्ञात के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली। विवेचना में प्रकाश में आए सुल्तान उर्फ मोटा पुत्र आबिद निवासी मोहल्ला चौधरी सराय कोतवाली संभल व गुड्डू कबाड़ी पुत्र शाहिद हुसैन निवासी आदमपुर रोड कोतवाली संभल के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। तब ही से मुकदमा न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जनपद संभल स्थित चन्दौसी में विचाराधीन था। अभियोजन पक्ष से ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी धनन्जय पाण्डेय ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। शुक्रवार को मुकदमे पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश आरती फौजदार ने सुल्तान उर्फ मोटा व गुड्डू कबाड़ी को दोषी करार देते हुए धारा 457 आईपीसी में एक-एक वर्ष तीन-तीन माह के कठोर कारावास व तीन-तीन हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कठोर सजा भुगतनी होगी। धारा 380 आईपीसी में एक-एक वर्ष के कठोर कारावास व एक-एक हजार रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह का अतरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। धारा 411 में एक-एक वर्ष के कठोर कारावास तथा दो-दो हजार रुपये अर्थदण्ड तथा अर्थदण्ड अदा न करने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कठोर सजा भुगतनी होगी। धारा 414 में एक-एक वर्ष का कठोर कारावास भुगतना होगा। सभी सजाएं साथ चलेंगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समायोजित की जाएगी।

## सार-संक्षेप



राहगीरों को शर्बत वितरित करतीं वूमेन शिखर की पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### राहगीरों को शर्बत वितरित कर दी गर्मी से राहत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर की ओर से शुक्रवार को भीषण गर्मी को देखते हुए गोशाला रोड पर शर्बत वितरण किया गया। पदाधिकारियों ने राहगीरों को शीतल शर्बत पिला कर गला तर किया और गर्मी से राहत देने का प्रयास किया। इस मौके पर ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा ने बताया हमें सड़क पर चलने वाले लोगों को ठंडा पानी, फ्रूटी जलजीरा आदि का वितरण समय-समय पर करते रहना चाहिए। जिससे उनको गर्मी से राहत मिल सके। ज्येष्ठ के महीने में पानी वितरण का अधिक महत्व माना जाता है। इस अवसर पर रागिनी सैनी, सोनिया गर्ग, शीनू शर्मा, शोभा शर्मा, विमलेश सैनी, रेखा दीक्षित आदि मौजूद रहे।



कैंटीन का निरीक्षण करते एसपी कुलदीप सिंह गुनावत। ● अमृत विचार

### एसपी ने जवानों को स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में एसपी ने साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर जवानों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए दौड़ लगवाई। वहीं परेड में शामिल जवानों को अनुशासन में रहने के लिए ड्रिल करवाई। उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित दफ्तरों व कैंटीन का निरीक्षण किया। एसपी ने लाइन में स्थित कैंटीन में रखे सामान का निरीक्षण किया। रखरखाव सही से करने निर्देश दिए। महिला थाने का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों को देखा तो वहीं उपकरणों के रखरखाव का निरीक्षण करते हुए स्वच्छता संबंधी निर्देश दिए। एसपी ने पुलिसकर्मियों को निर्देश दिया कि अनुशासन में रहकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मानसिक और शारीरिक रूप से स्वास्थ्य की पुलिस में बहुत ही आवश्यकता होती है। इस दौरान सीओ बहजोई दीपक कुमार तिवारी सहित आदि मौजूद रहे।

### छेड़छाड़ के आरोप में युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में निवासी युवती शुक्रवार को अपने पड़ोसी के घर पहुंची और किसी काम के बहाने से पड़ोसी की 17 वर्षीय बेटी को बुलाकर युवती अपने घर ले गई। युवती के घर पर उसका भाई सुभान उर्फ सोनू भी मौजूद था। आरोप है कि सुभान उर्फ सोनू हाथ पकड़कर किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। किशोरी ने छेड़छाड़ का विरोध करते हुए शोर मचा दिया। शोर को सुनकर मौके पर किशोरी की मां व चाची को आता देखकर सुभान उर्फ सोनू भाग गया। जिसके बाद किशोरी का पिता थाने पहुंचा और सुभान उर्फ सोनू के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई।




संगीतमय सुंदरकांड पाठ करते ट्रस्ट के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### दुनिया चले न श्री राम के बिना...

**चन्दौसी, अमृत विचार :** नगर के मुंसिफ रोड पर शुक्रवार की शाम स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम पं. दीनानाथ शर्मा ने विधि विधान से पूजन कर देवी-देवताओं का आह्वान किया। तदोपरांत केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण का वाचन किया। अजय सक्सेना व सौरभ मिश्रा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाईयों का लयवद्ध वाचन किया। तत्पश्चात भजनों की छटा बिखरी। केजी शर्मा ने दुनिया चले न श्री राम के बिना-रामजी चले न हनुमान के बिना, अजय सक्सैना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्ति मय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर सुखपाल सिंह गौर, सूर्य प्रताप सिंह, राजीव शर्मा, रमेश ग्रेवाल, कल्पना वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा, संजीव शर्मा, राकेश चौबे, टीसी शर्मा समेत तमाम श्रद्धालुओं की भागीदारी रही।



चित्रकला प्रतियोगिता के विजेता बच्चे व आयोजक। ● अमृत विचार

### बच्चों ने कागज पर चित्र बना कर भरे रंग

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री रघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय परिसर में एक माह का समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप के 20वें दिन शुक्रवार को सबरंग अन्नी ने बच्चों से चित्र बनवाया। बच्चों ने कागज पर प्राकृतिक दृश्य का चित्र बना कर उसमें रंग भरे। प्रतियोगिता में 52 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रिंसी गुप्ता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि सलोनी वार्ष्णेय ने द्वितीय व जागृति वार्ष्णेय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता बच्चों को पुरस्कार प्रदान कर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर राजीव लोचन शर्मा, चिंटू शर्मा, इंद्रपाल वार्ष्णेय, हीरा लाल, आशुतोष, प्रमोद कुमार गांधी, विनेश शर्मा, प्रमोद गुरु, दिनेश गुप्ता आदि का सहयोग रहा।

## फंसाने के लिए रिपोर्ट दर्ज कराने की साजिश

**बबराला, अमृत विचार :** फर्जी रिपोर्ट लिखा कर फंसाने की योजना बताते हुए एक कथित नेता प्रतिनिधि का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें एक नेता का खास माने जाने वाला कथित प्रतिनिधि एक राशन डीलर को संगीन मुकदमा तैयार करने के गुर समझा रहा है।

वायरल ऑडियो में क्षेत्र के एक बड़े नेता के खासमखास और एक राशन डीलर की बातचीत बताई गई है। इसमें दूसरे पक्ष के खिलाफ संगीन धाराओं का मुकदमा तैयार करने की पूरी विधि समझाई जा रही है। मसलन, पुलिस को कैसे मैनेज करना है और अस्पताल में डॉक्टर को क्या देना है। ऑडियो में नेता के प्रतिनिधि द्वारा अस्पताल पहुंचने से पहले घाव को गहरा करने की तरकीब भी सुझाई गई है। यह आडियो अब गुन्नौर क्षेत्र में जमकर वायरल हो रहा है। नेता का प्रतिनिधि ही नहीं नेता भी अब कुछ बोलने को तैयार नहीं है। वहीं पुलिस भी इस मामले में अपनी बचाने में लगी है।

# खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** शुक्रवार को चन्दौसी के रहने वाले आर्म रेसलिंग खिलाड़ी एलिस प्रताप सिंह और आशीष कुमार को जिला युवा कल्याण अधिकारी संभल हरिप्रेम और जिला उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह चौहान ने सम्मानित किया और खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

जिला ओलंपिक व आर्म रेसलिंग सचिव आशु शर्मा ने बताया कि पिछले माह कासगंज जनपद में उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। उक्त चैंपियनशिप में जनपद संभल की टीम की ओर से प्रतिभाग करते हुए एलिस प्रताप सिंह और आशीष कुमार का चयन उत्तर प्रदेश टीम में हुआ था। नागपुर में 6 जून से 10 जून तक हुई नेशनल आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन पीयूपल आर्म रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से किया गया था। जिसमें उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए एलिस प्रताप सिंह ने 90 किलो ग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता और आशीष कुमार ने चौथ स्थान प्राप्त किया।



मेडल जीत कर आए खिलाड़ियों को सम्मानित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

- उत्तर प्रदेश राज्य स्तरीय आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था
- एलिस प्रताप सिंह ने 90 किलो ग्राम भार वर्ग में रजत पदक जीता

शुक्रवार को दोनों खिलाड़ियों के जनपद आगमन पर चन्दौसी में भव्य स्वागत किया गया। फिर उसके बाद कलेक्ट्रेट बहजोई स्थित जिला युवा कल्याण अधिकारी के कार्यालय में जिला युवा कल्याण अधिकारी हरिप्रेम और जिला उद्योग अधिकारी सत्यवीर सिंह ने सम्मानित किया। इस मौके पर विनीत सिद्धू, चित्रवीर सिंह, जगजीत सिंह, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# गंगा दशहरा मेले को लेकर रूट डायवर्जन आज से प्रभावी

कार्यालय संवाददाता, संभल

- यह प्लान 15 जून को दोपहर 2 बजे से लागू होकर 16 जून को मेला समाप्ति तक रहेगा

**अमृत विचार :** जनपद में गंगा दशहरा स्नान मेले को लेकर यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है। यह प्लान 15 जून को दोपहर 2 बजे से लागू होकर 16 जून को मेला समाप्ति तक रहेगा।

यातायात प्रभारी अनुज मलिक ने बताया कि मुरादाबाद की तरफ से संभल होकर अलीगढ़, दिल्ली जाने वाले भारी व्यावसायिक वाहन चौधरी सरायत चौकी संभल से वाया गवां, केसरपुर टी प्वाइंट, इंदिरा चौक बबराला, नेहरू चौक गुन्नौर से नरौरा होकर आगे बढ़ेंगे।

मुरादाबाद व बदायूं की तरफ से जाने वाले भारी व्यावसायिक वाहन जो अलीगढ़ एवं दिल्ली जाएंगे, वह चंदौसी से बहजोई, इंदिरा चौक बबराला से नरौरा पुल होकर अलीगढ़, दिल्ली जाएंगे। अलीगढ़ और बदायूं की तरफ से आने वाले भारी व्यावसायिक वाहन जो मुरादाबाद व चंदौसी, संभल की तरफ जाएंगे वह इंदिरा चौक बबराला से बहजोई होकर संभल, चंदौसी और मुरादाबाद का रुख करेंगे।

केसरपुर तिराहा से टी प्वाइंट चौकी अनूपशहर की ओर भारी व्यावसायिक वाहनों का आवागमन नहीं होगा।

चौधरी सराय चौराहा संभल, वाजिदपुरम बाईपास मुरादाबाद मार्ग संभल, गवां तिराहा रजपुरा, केसरपुर तिराहा रजपुरा, इंदिरा चौक बबराला गुन्नौर डायवर्जन प्वाइंट बनाए गए हैं।




शिविर में रक्तदान करते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

## मानव जीवन में रक्तदान सबसे बड़ा दान

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत एवं बीएस हॉस्पिटल ने संयुक्त रुप से विश्व रक्तदान दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 22 लोगों ने रक्तदान किया। बीएस हॉस्पिटल के ब्लड बैंक पर रक्तदान शिविर का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र एवं डॉ. सुधा चौधरी हॉस्पिटल चेयरमेन, डॉ. पयोधि चौधरी, डॉ. शशांक चौधरी, डॉ. श्रुति चौधरी, छत्रपाल सिंह यादव एडवोकेट ने फीता काट कर किया। कवि माधव मिश्र नेकहा कि रक्तदान महादान है। आपका दिया हुआ खून किसी गंभीर मरीज या दुर्घटना ग्रस्त व्यक्ति को जीवन दान देता है। इस अवसर पर सिद्धार्थ अग्रवाल, मोहित कुमार गुप्ता, भारत वार्ष्णेय , सत्यवीर, धर्मपाल, आदी अग्रवाल, वेदांश, निशांत वार्ष्णेय आदि का योगदान रहा।

**आयोजन** — कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के प्रति सामाजिक जागरूकता पैदा करना

# विभिन्न संगठनों ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सिख पीस फाउंडेशन एवं भारत विकास परिषद ने संयुक्त रुप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने फीता काट कर किया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि रक्तदान महादान है। इससे किसी के जीवन को बचाया जा सकता है। हरविंदर सिंह लक्की ने कहा कि रक्तदान से हार्ट अटैक, ब्रेन हेमरेज, ब्लड कैंसर आदि बीमारियों का खतरा कम हो जाता है। सचिव डॉ. दुर्गा टंडन ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य रक्तदान के प्रति सामाजिक जागरूकता एवं जीवन संरक्षण है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष एसएन शर्मा रहे। डॉ अरविंद गुप्ता, डॉ. निशा गुप्ता व डॉ. नितिन कौशिक के निर्देशन में रक्तदान शिविर संपन्न हुआ। रक्तदान करने वालों में गौरव अग्रवाल, ऋषभ रस्तोगी, गुड्डू पाल, हरविंदर सिंह लक्की, उचित मिश्रा, अदिति कठेरिया, काजल, खुशबू, रत्नेश, बलदेव मेहता, अभिषेक शर्मा, विपिन गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, मुकुल शर्मा रहे। कार्यक्रम में डीसी गुप्ता, रेखा रस्तोगी, भावना गुप्ता, महेश कठेरिया, जय शंकर दुबे, बृजबाला वार्ष्णेय आदि रहे।



फीता काटकर शिविर का शुभारंभ करतीं पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय।




रोटरी क्लब के शिविर में रक्तदान करता व्यक्ति।

### शिविर में 40 लोगों ने किया रक्तदान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** समाज विकास समिति एवं रोटरी क्लब अमन ने शुक्रवार को संयुक्त रुप से विश्व रक्तदाता दिवस के उपलक्ष्य में सीता आश्रम स्थित एक हॉस्पिटल के ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे 40 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। समाज विकास समिति के अध्यक्ष डॉ. वीरेश कुमार सिंह ने कहा कि खून की एक बूंद किसी की जिंदगी बचा सकती है। समाजसेवी डॉ. टीएस पाल ने कहा कि लोगों में रक्तदान करने के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष राजकुमार वार्ष्णेय, हॉस्पिटल प्रबंधक सतीश सिंह, हरिओम शर्मा, डॉ. आरके वार्ष्णेय, एसके झा, एमएम शर्मा आदि रहे।

### पॉक्सो एक्ट में वांछित दबोचा

**चन्दौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे भोला उर्फ अजय पुत्र बाबूराम निवासी गांव अशोकनगर थाना बनियाठेर को गिरफ्तार किया है। महिला उप निरीक्षक रश्मि देवी ने मय पुलिस टीम के साथ आरोपी को अशोकनगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### नाम-परिवर्तन

मैंने अपना नाम (PARVEZ AHMED MAQSOOD AHMED KHAN ) से बदलकर (PARVEZ AHMAD KHAN ) पुत्र MAQSOOD AHMAD KHAN नि. मोहल्ला KATRA JALALUDDIN जिला रामपुर रख लिया है। भविष्य (FUTURE) में मुझे इसी नाम से जाना जाए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्द्रदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै: सह सन्धि न कुर्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

# सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली




अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया, लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए



कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।

विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग, मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया, फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।

परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं, उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

## प्रसंगवश

# विकल्पहीनता में विकल्प की आशा



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है, जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी, शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है, परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है, उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके, जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।

विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र, दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे, लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति, यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि, भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है, वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं, बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना, आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

# ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप



चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है, दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन, जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक- पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर, जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं, अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस, जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ, हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा, जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है, नकारती है, उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं, जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं, उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है, क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

## सोशल फोरम

# सही राह

अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है, इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो, लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले 'ये विद्या आपने कैसे सीखी' अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

**-फेसबुक वॉल से**

# फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार




डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

# भारत में मध्यम वर्ग



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं, जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है, जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है, जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई, सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

एक नजर

## गर्मी में लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल

**छजलैट/कांठ, अमृत विचार :** लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी से लोग परेशान हैं। इन दिनों गर्मी के कारण लोगों का दोपहर में घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। पारा 42 डिग्री के पार पहुंच गया है। दोपहर में लू से सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन चालकों और पैदल चलने वाले लोगों को दिक्कत हो रही है। दोपहर के समय बाजार सुनसान हो जाते हैं। दोपहर के समय पंखे व कूलर भी गर्म हवा दे रहे हैं। कार्यालयों में बैठना भी मुश्किल होता जा रहा है। क्षेत्र में लोगों द्वारा धूप से बचने के लिए छाता, चश्मा, अंगोछा के साथ स्कार्फ का भी सहारा लिया जा रहा है। बाइक सवारों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। सड़कों पर पैदल राहगीर भी कम नजर आ रहे हैं। शाम को गर्मी से थोड़ी राहत मिलने पर लोग सड़क पर नजर आए।

## वरिष्ठ लिपिक को पदोन्नति पर दी बधाई

**छजलैट, अमृत विचार :** शुक्रवार को तहसील के वरिष्ठ लिपिक की पदोन्नति पर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। तहसील में कार्यरत वरिष्ठ लिपिक पिंटू सिंह का तबादला हरदोई हो गया था। पिंटू सिंह के विदाई समारोह में भीकनपुर निवासी चौधरी बृजेश कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अभय प्रताप एवं अन्य अधिकारियों एवं स्टाफ ने विदाई समारोह में उन्हें शॉल ओढ़ाकर समानित किया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बच्चों को धर्म के प्रति जागरूक करें : धर्मपाल

**छजलैट, अमृत विचार :** ग्राम नसीरपुर में चल रही भागवत कथा में कथावाचक ख्याली राम शास्त्री ने कहा कि सभी नौ देवियों की सच्चे मन से पूजा अर्चना करने से मानव भवसागर से पार हो जाता है। शुक्रवार को कथा में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह विश्नोई मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार दें और धर्म के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर आयोजक प्रिंस शर्मा, सोनू चौधरी, पुष्पेंद्र शर्मा व चामुंडा माता के स्थान के कमेटी सदस्य, संजय सैनी, सोनू यादव, जीतेन्द्र सैनी सोनू जाटव, बिरमी जाटव, पुरुषोत्तम सैनी, योगेश सैनी, अनुज शर्मा, दयानन्द जाटव, कोमीश जाटव इत्यादि उपस्थित रहे।

# नोडल अधिकारी ने अवैध पैथोलॉजी लैब को किया सील

## आईजीआरएस पोर्टल की शिकायत पर की कार्रवाई

संवाददाता, कांठ



पैथोलॉजी लैब की जांच करते नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल की शिकायत के आधार पर पैथोलॉजी लैब पर छापा मारकर सील कर दिया है। नोडल अधिकारी की कार्रवाई से अवैध रूप से संचालित पैथोलॉजी लैब के संचालकों में हड़कंप मच गया।

तहसील क्षेत्र के ग्राम चौहरा रसूलपुर में पैथोलॉजी लैब के संचालक के खिलाफ आइजीआरएस पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर गांव के व्यक्ति ने शिकायत की थी कि वह फर्जी तरीके से पैथोलॉजी लैब चलाकर मरीजों का उत्पीड़न कर रहा है और गलत रिपोर्ट दे रहा है। शिकायत के आधार पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने पुलिस एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ छापा मारा। वहां पर पैथोलॉजी लैब का संचालक डॉ. मुर्तुजा मौजूद नहीं मिला। कई रिपोर्ट वहां पर नोडल अधिकारी को मिलीं, जिस पर किसी चिकित्सक के हस्ताक्षर नहीं थे और एक लड़का पैथोलॉजी लैब पर मौजूद मिला। नोडल अधिकारी ने फर्जी तरीके से चल रही पैथोलॉजी लैब को सील कर दिया है और संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाना छजलैट पुलिस को तहरीर दी है। सूत्रों के अनुसार भाकियू का कथित नेता क्षेत्र में कई पैथोलॉजी लैब चलवा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई से अवैध रूप से पैथोलॉजी लैब एवं नर्सिंग होम चलाने वालों में हड़कंप मच गया है। डिप्टी सीएमओ नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध पैथोलॉजी लैब और नर्सिंग होम के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होने दी जाएगी।

# चाकू दिखाकर महिला से दुष्कर्म, एसएसपी से शिकायत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** महिला को चाकू का डर दिखाकर दुष्कर्म करने व विरोध पर दंपती व उसकी पुत्री को घायल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने घटना की शिकायत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव निवासी महिला ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कहा है कि 10 जून को वह घर में सो रही थी। तभी गांव का व्यक्ति उसके घर में घुस आया और अश्लील हरकत करने लगा। आरोपी ने उसकी कनपटी पर चाकू रखकर धमकाने का प्रयास किया। उसने विरोध किया तो आरोपी ने गर्दन काटने की धमकी देते हुए उसे खामोश रहने की धमकी दी और दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी धमकी देकर चला गया। पीड़िता का कहना है कि जब उसका पति घर वापस आया तो उसने सारी बात पति को बताई। इसकी शिकायत जब उसके पति ने आरोपी से की तो वह नाराज हो गया। आरोपी परिजनों के साथ पीड़िता के घर में घुस आया और पति-पत्नी व उसकी बेटी पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। पड़ोस के लोगों के एकत्र होने पर सभी मौके से फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि वह उसी दिन कोतवाली पहुंची थी लेकिन कोतवाली पुलिस ने उसे बिना कार्रवाई के लौटा दिया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## बच्चों के विवाद में महिला से मारपीट

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोहल्ला माताबाली वार्ड 21 निवासी खैरुन्निशा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर उसके पड़ोसी अरशद ने गाली गलौज की और विरोध किया तो आरोपी ने हमला कर दिया। जिसमें पीड़िता गम्भीर रूप से घायल हो गई। वहीं, पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से शिकायत पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी अरशद पुत्र इब्ले को शांतिभंग में गिरफ्तार कर चालानी कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया था। जहां से आरोपी को रिहा कर दिया है।

# नहर में टेल तक पानी नहीं आने से सूख रहीं फसलें

संवाददाता, कांठ



सूखी पड़ी नहर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नहर में टेल तक पानी नहीं आने से तहसील क्षेत्र की हजारों एकड़ भूमि में गन्ने की फसल सूख रही है। नहर में पानी नहीं आने से नगर के किसानों ने नहर विभाग के एसडीओ, जेई व अन्य कर्मचारियों से शिकायत की है। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि ग्राम मुख्तियारपुर नवादा व ग्राम पेली के पास लोगों ने आड़ लगा रखी हैं। किसानों ने जिसको हटाने की मांग की है।

नहर में टेल तक पानी न आने से कांठ, रसूलपुर, खलीलपुर व सदरपुर के किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है क्योंकि ग्राम मुख्तियारपुर नवादा व ग्राम पेली में कई स्थानों पर आड़ लगा रखी है जिसके कारण आगे पानी नहीं जा रहा है। नगर निवासी धर्मवीर सिंह और सचिन विश्नोई ने एसडीओ व नहर विभाग के अन्य अधिकारियों से इस संबंध में शिकायत की लेकिन कोई भी निष्कर्ष नहीं निकला। नगर व आसपास के किसानों का कहना है कि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके कारण गन्ने की फसल सूखने के कगार पर है। यदि समय से नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत की जाएगी। नहर में कम पानी आने से कुलावों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। जिससे क्षेत्र के हजारों किसान परेशान हैं किसानों ने नहर में पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग की है।

# दूसरे दिन भी पुराने स्टैंड पर नहीं रुकने दीं बसें

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** हाईवे पर जाम से निजात दिलाने के लिए पुराने रोडवेज पर बसों को नहीं रोकने देने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुलिस बल के साथ दूसरे दिन भी अभियान चलाया गया।

कांठ में चार वर्ष पहले नया रोडवेज भवन बनाया गया था। रोडवेज पर परिवहन विभाग के कर्मचारी को नियुक्त भी किया गया था। लेकिन अब भी अधिकांश यात्री पुराने रोडवेज से ही बस में बैठना और उतरना पसंद करते थे। तब से अब तक नया बस स्टैंड बेमकसद साबित हो रहा है। जबकि नये रोडवेज पर यात्रियों को धूप व बारिश से बचाने के लिए कोई व्यवस्था विभाग द्वारा नहीं की गई। पुराने रोडवेज पर दोनों ओर बसें खड़े होने तथा ई-रिक्शा एवं ऑटो के जमावड़े से रोजाना घंटों हाईवे पर जाम लगता था।

शुक्रवार को भी एसडीएम विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष कुमार एवं योगेश कुमार, अधिशासी अधिकारी प्रियंका चौधरी, थाना प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार सिंह सुबह 10 बजे पुलिस बल के साथ पुराने रोडवेज पर पहुंच गए और दूसरे दिन भी पुराने रोडवेज पर बसें नहीं रुकने दीं। एसडीएम का कहना है कि निर्धारित अवधि के बाद रोडवेज बस चालकों के विरुद्ध पुराने रोडवेज पर बसें रोकने पर कार्रवाई होगी। नये रोडवेज पर चाय, पानी आदि की दुकानें नहीं होना भी यहां बसें नहीं रुकने का मुख्य कारण माना जा रहा है।



पुराने बस स्टैंड पर बैठे अधिकारी। ● अमृत विचार

- पुराने बस स्टैंड पर बसें रुकने से हाईवे पर लगता है जाम
- अनदेखी पर चालकों को दी कार्रवाई की चेतावनी

सार-संक्षेप



सीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। ● अमृत विचार

## डायरिया, खांसी और बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी

**कांठ, अमृत विचार :** भीषण गर्मी में डायरिया के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना मरीज बड़ी संख्या में डायरिया के मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में 400 से अधिक मरीजों की ओपीडी की गई। इसमें अधिकतर मरीज उल्टी, दस्त, खांसी, जुखाम, बुखार से पीड़ित रहे। सीएचसी प्रभारी डॉ. राजीव कुमार सिंह ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायरिया के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि इसमें इलाज के साथ-साथ बचाव भी बहुत जरूरी है। सीएचसी प्रभारी ने स्टाफ को निर्देश दिए कि वह मरीज की अच्छी तरह से देखभाल करें। इमरजेंसी वार्ड में सभी प्रकार की दवाइयां को उपलब्ध रखने के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने कहा कि मरीज के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। मरीज का ठीक प्रकार से इलाज होना चाहिए।



छजलैट–अगवानपुर मार्ग पर गड्ढे। ● अमृत विचार

## सड़क के गड्ढों की नहीं हो रही मरम्मत

**छजलैट, अमृत विचार :** सरकार द्वारा घोषणा के बाद भी कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। जिसके कारण राहगीर आए दिन गिरकर चोटिल हो जाते हैं और वाहन खराब हो रहे हैं। क्षेत्र के नागरिकों ने सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मघपुरी व ग्राम फूलपुर के बीच में लंबे समय से सड़क क्षतिग्रस्त है। जिसके कारण आएदिन हादसे हो रहे हैं और कई व्यक्ति चोटिल हो चुके हैं। कई बाइक सवार गड्ढे में गिरकर चोटिल हो चुके हैं। कांठ निवासी अशोक ने बताया कि वह गुरुवार शाम अगवानपुर से कांठ जा रहा था, तभी फूलपुर से थोड़ा आगे चलकर अंधेरा होने के कारण उसकी बाइक फिसल गई, जिससे उसे काफी चोट आई। जबकि सरकार ने गड्ढा मुक्त सड़क करने की कई बार घोषणा की है। उसके पश्चात भी मुरादाबाद से कांठ रोड की स्थिति बहुत ही खराब है। क्षेत्र के नागरिकों ने सड़क को गड्ढा मुक्त कराने की मांग की है।



नगर में पैदल मार्च करती पुलिस। ● अमृत विचार

## पुलिस ने पैदल मार्च कर लोगों को दिलाया भरोसा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शांति, कानून व सुरक्षा व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को लेकर कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल मार्च निकाला। इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने लोगों से बात कर भरोसा दिलाया। नगर में कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल ने ईद व गंगा दशहरा को लेकर शांति व्यवस्था, कानून व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कोतवाली, बुध बाजार, बाजार गंज, राजीव मार्केट, कदीर तिराहा, चलचित्र ढाल, कमालपूरी चौराहा, अस्पताल रोड पर पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विजेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक उज्ज्वल राणा, उपनिरीक्षक नितिन कुमाल, आसिम खान, संदीप वालियन, रजत कुमार, तेज प्रताप सिंह, सतेन्द्र सिंह, कांस्टेबल जगदीश ठाकुर, गुलशन कुमार आदि अन्य पुलिस कर्मी रहे।

## ग्राम समाज की भूमि से अवैध कब्जा हटवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर निर्माण का विरोध करने पर धमकी देने के मामले में पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के गांव करनावाला जब्ती निवासी मदन सिंह पुत्र होरी सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देते कहा कि उसके गांव के ही कई लोग ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा कर निर्माण करा रहे हैं। जिसके सम्बन्ध में प्रार्थी ने कुछ माह पहले भी प्रार्थना दिया था। जिसके बाद 10 जून को कोतवाली में फैसला किया गया था। परन्तु आरोपियों ने अभी तक भूमि को कब्जा मुक्त नहीं किया है व वहां निर्माण कार्य जारी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## आतंकवादी हमलों के विरोध में दिया ज्ञापन

**बिलारी, अमृत विचार :** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने पौण खेड़ा मंदिर स्थित कैंप कार्यालय में बैठक की। जिसमें उन्होंने आतंकवाद का विरोध किया। उन्होंने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिला अधिकारी को सौंपा। शुक्रवार को शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। जिसमें केंद्र सरकार से मांग की गई है कि आतंकवादियों को उनके घर में घुस के मारा जाए। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, संतोष कुमार, महेश सिंह, हरी बाबू, सुशील शर्मा, दिनेश आजाद, रवि शंकर रस्तोगी, भूरा भाई, राजीव ठाकुर, पुखराज गुप्ता, यादराम सिंह, मयूर गुप्ता, अर्जुन सिंह, विनोद यादव, प्रवीण ठाकुर, संदीप बंसल, अमित गुप्ता रहे।

## बिजली विभाग की टीम से मारपीट, तहरीर दी

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम उदोपुरा पश्चिम में आईजीआरएस पर की गई शिकायत के निस्तारण के लिये पहुंचे जेई संतोष कुमार व उनकी टीम के साथ ग्रामीणों ने मारपीट कर दी। जेई ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जेई संतोष कुमार ने तहरीर में बताया कि गुरुवार को लाइन मैन अकरम व संविदा कर्मचारियों के साथ ग्राम उदोपुरा में आईजीआरएस पर की गई शिकायत के निस्तरण के लिए गए थे। जैसे ही वह आरोपी के यहां पहुंचे वह टीम को देखकर भड़क गया और गाली गलौच करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। आरोपी ने अपने कई साथी भी मौके पर बुला लिये और टीम से मोबाइल व कागज छीनने की कोशिश की। जेई संतोष कुमार ने अय्यूब, शेर मोहम्मद पुत्र जमील अहमद व उसके अज्ञात साथियों पर पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। बिजली कर्मचारियों ने कार्रवाई न होने धरने पर बैठने की भी चेतावनी दी है।

## चोरों ने गृह स्वामी को पीटकर किया घायल

**कुंदरकी, अमृत विचार :** ग्राम सीकरी मिलक निवासी मसरूर के घर में गुरुवार रात्रि करीब 12 बजे कई चोर घुस गए। घर में हेलमेट गिरने के चलते आहट होने पर मसरूर जाग गया। उसने घर में घुसे एक चोर को पकड़ लिया। अपने साथी को पकड़ा हुआ देख चोरों ने मसरूर से मारपीट की। इसी दौरान चोरों ने किसी भारी चीज उसके सिर पर मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर होने पर मसरूर को छोड़कर चोर वहां से फरार हो गए। घायल को परिजनों ने जिला अस्पताल मुरादाबाद में भर्ती कराया गया है। क्षेत्राधिकारी राजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# घटिया एबी केबल खरीदने में बिजली विभाग के अधिकारियों पर हुई कार्रवाई

संवाददाता, बिलारी/मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विद्युत विभाग की योजना के तहत नगर में 19 करोड़ रुपये से नए विद्युत पोल, एबी केबल आदि बदलने का कार्य किया जा रहा था। जिसमें विभाग पर निम्न क्वालिटी के एबी केबल लगाने के आरोप लग रहे थे। इसकी बीते दिनों नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने वार्ड सभासदों के साथ मिलकर विद्युत उपखंड अधिकारी के साथ बैठक भी की।

चेयरमैन ने शिकायत कर घटिया क्वालिटी के एबी केबल बदलकर अच्छी क्वालिटी के लगाने की मांग की थी। लेकिन पालिका अध्यक्ष की शिकायत को विद्युत अधिकारियों ने अनदेखा कर दिया था। इसके बाद पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शिकायती पत्र कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद लापरवाही पर दो अधिशासी अभियंता, एक सहायक अभियंता एवं एक भंडार अधीक्षक को निलंबित कर दिया गया।

विभागीय निरीक्षण में एबी केबल मानक के अनुरूप नहीं पाया गया। एबी केबल की मेसर्स वी मार्क इंडिया लिमिटेड द्वारा आपूर्ति की गई थी। इसकी गुणवत्ता की जांच शेर सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड तृतीय गाजियाबाद ने की थी। घटिया एबी केबल के कारण मुरादाबाद के विद्युत वितरण उप खण्ड-तृतीय बिलारी में एलटी बंच केबल क्षतिग्रस्त होने के कारण विद्युत आपूर्ति लंबी अवधि के लिए बाधित हुई थी। इस मामले में शेर सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत नगरीय परीक्षण खण्ड तृतीय गाजियाबाद, रोहताश सिंह अधिशासी अभियंता विद्युत भंडार खण्ड मुरादाबाद, मनोज कुमार सहायक अभियंता विद्युत भंडार खण्ड मुरादाबाद और अमित कुमार भंडार अधीक्षक विद्युत भंडार खण्ड मुरादाबाद को निलंबित कर दिया।

## गुणवत्ता से समझौता करने पर होगी कार्रवाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बिलारी में हुई कार्रवाई के बाद बिजली विभाग के मुख्य अभियंता ने आरके बंसल ने सख्त रुख अपनाया है। जिसके चलते विभाग के अधिशासी अभियंता, एसडीओ व जेई को किसी भी तरीके की घटिया सामग्री न लगाने की हिदायत दी है। साथ ही बिजली उपकरणों की गुणवत्ता से समझौता करने वाले विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। इसके अतिरिक्त जांच में खराब मिली एबीसी केबल का उप केंद्रों पर तलाश की जा रही है। जिससे उसे हटाया जा सके।

## पुण्यतिथि पर रग्घनलाल सहदेव को याद किया

**बिलारी, अमृत विचार :** रुस्तमनगर सहसपुर गांव में सहदेव निवास पर विचार गोष्ठी हुई। जिसमें सफाई कर्मचारी नेता रग्घनलाल सहदेव को 28वीं पुण्यतिथि पर याद किया।

शुक्रवार को इंसाफ मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने सफाई वर्ग के नेता स्व. रग्घनलाल सहदेव की 28वीं पुण्यतिथि पर उनके संघर्ष को याद किया। मानिक लाल ने कहा कि रग्घनलाल सहदेव ने सफाई व मजदूर वर्ग के उत्पीड़न व शोषण के विरुद्ध संघर्ष किया था। राजेंद्र सहदेव ने कहा कि समाज को अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलानी होगी। इस दौरान अशोक चौहान, शिवकुमार, सुनील लश्करी, जीतू प्रेमी, डॉ. हरिनंदन प्रसाद, अजय सहदेव, रमेश बाबू, विनोद सहदेव, गजराम सिंह, अमर काका, हर प्रसाद सैनी, विजयवीर सिंह, राजकुमार वाल्मीकि, आजाद राव रत्नाकर, संजीव वाल्मीकि, प्रमोद सक्सेना, गौरव सहदेव, किशन लाल ने भी विचार रखे।

# उपनिरीक्षक ने पीड़ित पक्ष को दी जेल भेजने की धमकी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- ठाकुरद्वारा पुलिस पर आरोपियों को संरक्षण देने का लगा आरोप
- नाराज ग्रामीणों ने दी 15 जून को प्रदर्शन की चेतावनी

**अमृत विचार :** ब्लॉक कार्यालय परिसर में अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के जिला उपाध्यक्ष वीर सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई।

बैठक में पुलिस की कार्यप्रणाली की निंदा की गई। बैठक में कोतवाली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि ठाकुरद्वारा पुलिस मनमानी कर रही है। क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पुलिस चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लगा पा रही है और निर्दोष व्यक्तियों को जेल भेज रही है। जैसा कि शरीफनगर निवासी पृथी सिंह के साथ हुआ। पुलिस चोरों को बचाती रही और निर्दोष पृथी सिंह को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया। शरीफनगर के दुर्योधन की शिकायत पर कार्रवाई नहीं की, जबकि परिवार के चार व्यक्तियों को गंभीर चोटें आई थीं। इसके विपरीत जांच अधिकारी एसआई पीड़ित पक्ष को जेल भेजने की धमकी दे रहे हैं। दोनों मामले पुलिस क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के समक्ष रखे गए लेकिन कोई भी संतोषजनक कार्रवाई नहीं हुई। बैठक में निर्णय लिया कि 15 जून को समाधान दिवस में पीड़ित पक्ष अपनी बात रखेगा। इस दौरान अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, उत्तर प्रदेश खेत मजदूर यूनियन के जिला अध्यक्ष जाबिर हुसैन, हर स्वरूप सिंह, जगदीश सिंह पांडे, नरेश सिंह, भारत सिंह, बाबू सिंह, दुर्योधन, रमेश सिंह, प्रीतम सिंह मौजूद रहे।

बैठक

बड़े जानवर की कुर्बानी ईदगाह स्थल पर करें, बकरे की घर पर कर सकते हैं

# ईद पर प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी की तो होगी कार्रवाई

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें नगर के हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के लोग शामिल रहे। शुक्रवार को शांति समिति की बैठक में ईद उल अजहा शांतिपूर्ण मनाने की अपील की गई, वहीं प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी करने पर कार्रवाई की भी चेतावनी दी।

बैठक में उप जिलाधिकारी मणि अरोड़ा की अध्यक्षता में ईद उल अजहा को लेकर शांति समिति की बैठक में नगर एवं गांव के संभ्रांत लोगों से समस्याएं पूछी गईं। अधिकारियों ने प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। कहा कि अवशेषों और रक्त को गड्ढा खोदकर दबाएं ताकि गंदगी से बीमारी का खतरा न हो। इस दौरान बैठक में नगर पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, कोतवाली प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह, सब इंस्पेक्टर रामनरेश यादव, एलआईयू के शिवकुमार सिंह, व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय जैन, दुष्यंत चौहान, सुरेंद्र कुमार, वाजिद हुसैन अंसारी, मुख्तार आलम बंजारा, इसरार हुसैन, हप्पू राजा, कारी राईस अशर्फी, जावेद सभासद, सलीम प्रधान, कासिम अंसारी, बाकार हुसैन, विकास गुप्ता, अवनीश चौधरी, बिचौला कुंदरकी के प्रधान, खड़ुआ गांव के प्रधान सहित अन्य गांवों के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।



बिलारी में शांति समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी व स्थानीय नागरिक।

## ईओ व पालिका टीम ने किया ईदगाह का निरीक्षण

**बिलारी, अमृत विचार :** ईओ ने पालिका टीम के साथ ईदगाह का निरीक्षण किया। उनके साथ चेयरमैन प्रतिनिधि विनेश यादव भी रहे। शुक्रवार को पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने पालिका कर्मचारियों और सफाई कर्मियों के साथ ईदगाह और कुर्बानी स्थल की व्यवस्थाएं देखीं। ईदगाह कमेटी के लोगों ने चेयरमैन प्रतिनिधि व अधिशासी अधिकारी से सफाई व्यवस्था, जल व्यवस्था और धूप से बचाने के लिए टेंट व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने ईदगाह कमेटी को आश्वासन देते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा सभी व्यवस्थाएं करा दी जाएंगी। इस दौरान चेयरमैन प्रतिनिधि, ईओ रजनी सिंह, मौलाना रफीक अहमद, हप्पू राजा, रईस, मौलाना अखलाक बरकाती, इसरार हुसैन, जुम्मा फारुकी, सरताज फारुकी, उस्मान रजा, मुफ्ती साबिर हुसैन, नवाब जान आदि के साथ पालिका कर्मचारी व सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## 30 तक बंद हो परिषदीय विद्यालय : कपिल सिरोही

**कांठ, अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में भीषण गर्मी को देखते हुए 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश बढ़ाया गया है। उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष डॉ. कपिल सिरोही ने शासन से विद्यालयों को 30 जून तक बंद करने की अपील की है।

परिषदीय विद्यालयों में गर्मी को देखते हुए 24 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की अवधि को बढ़ाया है। 25 जून से शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी सुबह साढे. सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर अन्य प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे। डॉ. कपिल सिरोही, रिजवान अहमद ने सरकार के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए शासन से विद्यालय 30 जून तक बंद करने की अपील की है।

## एक नजर

### परास्नातक की परीक्षाएं आज से करा सकेंगे महाविद्यालय

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने परास्नातक सम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा कराने का समय निर्धारित कर दिया है। महाविद्यालयों को 15 जून से 15 जुलाई तक परीक्षा कराकर अंक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार ने सभी महाविद्यालयों को परीक्षा के संबंध में निर्देश दिए कि एमए, एमएससी और एमकॉम सम सेमेस्टर की परीक्षा के अंक समय पर अपलोड न करने पर वेबसाइट बंद कर दी जाएगी। महाविद्यालयों को अंकपर्ण की दो प्रति तैयार करनी होगी और हार्डकॉपी अपने पास रखनी होगी। सभी परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाएं चुनौती मूल्यांकन के लिए सुरक्षित रखी जाएंगी।

### वारंटी सहित दो लोग गिरफ्तार, तमंचा बरामद

**धनारी( बदायूं) अमृत विचार :** धनारी थाना पुलिस ने शुक्रवार को अलग अलग जगह से वारंटी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर एक तमंचा बरामद किया। गांव जुनावई निवासी सत्यराम शुक्रवार को धनारी थाना क्षेत्र के गांव भागनगर जाने वाले खड़ंजे पर खड़ा हुआ था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सत्यराम को हिरासत में ले लिया। तलाशी लेने पर सत्यराम के पास से पुलिस को तमंचा बरामद हुआ। दूसरी ओर धनारी थाना पुलिस ने बहजोई थाना क्षेत्र के गांव शोभापुर निवासी वारंटी नत्थूलाल को न्यायालय के आदेश पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया।

### शोध पर्यवेक्षकों से छात्रों की मांगी सूचना

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के शोध निदेशक प्रो. सुधीर कुमार ने पर्यवेक्षकों से रिक्त स्थानों की सूचना मांगी है। उन्होंने कहा कि पर्यवेक्षक कितने छात्रों को शोध कराने के इच्छुक हैं, इसकी जानकारी 20 जून तक पोर्टल पर आरएमएस आईडी से अपलोड कर दें।

### एचटी लाइन का तार गिरने से झोपड़ी में लगी आग

**बरेली/कैंट, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में जर्जर हो चुके हाईटेंशन लाइन का तार टूट कर गिरने से झोपड़ी में आग लग गई। लपटों की चपेट में आने से वहां पर रखा सामान जल कर राख हो गया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। थाना क्षेत्र के मानपुर चिकटिया में मूलचंद की झोपड़ी के ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। तेज हवा के कारण जर्जर तार टूट कर झोपड़ी पर गिर गया, जिससे आग लग गई।

# असमोली में मिला डिप्थीरिया के संभावित लक्षण वाला बच्चा, गांव में जारी किया अलर्ट

## स्वास्थ्य विभाग की नौ टीमों ने गांव में शुरु किया टीकाकरण, बच्चों की हो रही जांच

कार्यालय संवाददाता,संभल/ओबरी

**अमृत विचार:** असमोली विकास खंड क्षेत्र के गांव मीरपुर साकीपुर में डिप्थीरिया (गलघोंटू) के संभावित लक्षणों से पीड़ित एक बच्चे की हालत गम्भीर होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने गांव में अलर्ट जारी कर दिया है। बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विभाग की नौ टीमें गांव में बच्चों की जांच कर रही हैं।

विकास खंड क्षेत्र के गांव मीरपुर साकीपुर निवासी तरुण कुमार(2) वर्ष पुत्र हेमपाल सिंह के बच्चे को बुखार आया तो परिजनों ने गांव के ही निजी डॉक्टर से इलाज कराया।

जब ज्यादा हालत खराब हुई तो अमरोहा जिले के एक निजी अस्पताल में भर्ती कर दिया। अचानक बच्चे के गले में सूजन व दर्द की शिकायत हुई तो चिकित्सक ने मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया। स्वास्थ्य विभाग को बच्चे की बीमारी के लक्षणों की जानकारी हुई तो स्वास्थ्य विभाग की ओर से आनन फानन में नौ टीमें गठित कर गांव में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण शुरु कर दिया। बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग ने कुछ बच्चों के सैंपल भी ले लिए है। इन्हें जांच के लिए भेज दिया गया है।



बच्चों का परीक्षण कर परिजनों से बात करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

### डिप्थीरिया उग्र संक्रामक रोग

**संभल/ओबरी,अमृत विचार :** एसीएमओ डॉक्टर कुलदीप आदिम ने बताया कि डिप्थीरिया उग्र संक्रामक रोग है। जो दो साल से लेकर दस वर्ष तक की आयु के बच्चों को अधिक होता है। हालांकि सभी आयु वालों को यह रोग हो सकता है। यह रोग गले में होता है। इससे टांसिल भी संक्रमित हो जाते हैं। इसे स्वरयंत्र, नाक, आंख व बाह्म जननेद्रिय भी प्रभावित हो सकती है। इससे बुखार, अरुचि, सिर व शरीर में दर्द, गले में दर्द की दिक्कत होती है। इनका विशेष हानिकारक प्रभाव हृदय पर पड़ता है। कुछ रोगियों में इसके कारण हृदय विराम से मृत्यु हो जाती है।

### अन्य बीमारियों की भी हो रही है जांच

**संभल, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग की टीमें बच्चों की जांच में लगी हैं। एहतियातन बच्चों का टीकाकरण भी किया जा रहा है। बच्चे में गलघोटू की बीमारी किन कारणों से हुई है साथ ही अन्य बीमारियों के मामले की जांच की जा रही है। गांव में डा. शाहनेबाज खान, डॉ.भरत दुबे के अलावा डब्लूएचओ से जुड़े राहुल कुमार, देवेंद्र कुमार, मोहित कुमार, विपुल कुमार के अलावा साथ ही स्वास्थ्य विभाग की नौ टीमों के साथ आंगनबाड़ी व आशाओं को भी लगाया गया है।

### चोरी करते पकड़े जाने के डर से बच्चा छोड़ भागीं महिलाएं

**बरेली, अमृत विचार :** रेलवे जंक्शन परिसर में गुरुवार रात 10 बजे चार महिलाओं ने ऑटो में महिला का सामान चोरी करने की कोशिश की। जब महिला ने शोर मचाया तो लोगों को आते देख महिलाएं भाग गईं लेकिन 11 महीने का बच्चा छूट गया। जीआरपी ने बच्चे को रेलवे चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया। चाइल्ड लाइन ने शुक्रवार को बच्चे को बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया, जहां से उसे रामपुर में बाल शिशु गृह भेज दिया गया।

महिला के मुताबिक अचानक चार महिलाएं ऑटो में आकर बैठ गईं। एक महिला के पास बच्चा था। एक महिला ने सामान चोरी करने की कोशिश की तो उन्होंने शोर मचा दिया। इसके बाद तीन महिलाएं भाग गईं लेकिन बच्चा छूट गया। एक बुजुर्ग महिला भी रह गई, जो खुद को बच्चे की नानी बता रही थी लेकिन इसका कोई वह सबूत नहीं दे सकी। इसके बाद बच्चे को चाइल्ड लाइन के सुपुर्द किया गया गया।

### बिजली के खंभे में आए करंट से प्लंबर की मौत

**उझानी, अमृत विचार :** उझानी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अहिरटाला निवासी नवीन (30) पुत्र पीतांबर प्लंबर थे। गुरुवार देर शाम वह उझानी क्षेत्र में बरी बाइपास पर कहीं जाने के लिए ई-रिक्शा का इंतजार कर रहे थे। पास में लगे बिजली के खंभे से ओट लेने की कोशिश की लेकिन खंभे में करंट आ रहा था। करंट से मौके पर ही नवीन की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लोगों ने बिजली विभाग के जिम्मेदारों पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि उझानी क्षेत्र में बिजली के बहुत से खंभे हैं जिनमें करंट आता है। गायों की मौत भी हो चुकी है लेकिन विभाग के अधिकारियों ने संज्ञान नहीं लिया। जल्द ही बारिश होगी। ऐसे में हाल बदहाल हो जाएगा। सूचना पर नवीन के परिजन पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। मौत के बाद परिवार में चीत्कार मचा है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)



शांति समिति की बैठक में बोलते व्यापारी नेता नीरज बजाज। ● अमृत विचार

### आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्यौहार

संवाददाता,संभल/सरायतरीन

**अमृत विचार:** हयातनगर थाना परिसर में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्ण ढ़ंग से मनाने की अपील करते हुए एसडीएम ने कहा कि कोई भी व्यक्ति खुले में कुर्बानी न करें।

कहा कि जहां कुर्बानी का स्थान चयनित है वहीं पर कुर्बानी करें। कोई भी व्यक्ति किसी भी तरह की नई परंपरा डालने की कोशिश न करे और त्यौहार मनाते समय आपसी भाईचारा बनाए रखे। जिससे क्षेत्र में ईद उल अजहा पर क्षेत्र में शांति व्यवस्था पूर्ण रूप से बनी रहे। त्यौहार पर बिजली, पानी और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाएगा। बैठक में सीओ संभल अनुज कुमार चौधरी, थाना प्रभारी संत कुमार व बिजली विभाग के कर्मचारी, नगर पालिका ईओ और संजय वार्ष्णेय, नवरत्न वार्ष्णेय, जयप्रकाश गुप्ता, राजकुमार वर्मा, मुकर्रम भाई, हाजी मेंबर आरिफ, नीरज बजाज, चिन्नू सर्राफ, विजय सिंह, अरविंद शर्मा, सचिन शर्मा, जीशान खान मौजूद रहे।

### बेटी की ससुराल में आए अमरोहा के वृद्ध की मौत

**संभल/मनोटा, अमृत विचार:** ऐंचोड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव अखबंदपुर निवासी जगदीश पाल की ससुराल अमरोहा जनपद के गांव समंदपुर की है।

एक दिन पहले जगदीश पाल के ससुर मोहन सिंह पाल 75 अपनी बेटी से मिलने के लिए गांव अखबंदपुर आए हुए थे। शुक्रवार की शाम उनकी गर्मी से अचानक तबियत बिगड़ने लगी। उन्होंने अपनी बेटी धनवती से कहा मुझे गर्मी लग रही है और सीने में भी दर्द हो रहा है। इसके बाद वह अचानक पीछे को गिर गए। बेटी धनवती व उसके पति जगदीश उन्हें आनन-फानन में डॉक्टर के पास लेकर पहुंचे तो डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अधिक गर्मी होने से मोहन सिंह पाल की हार्ट अटैक से मौत हो गई। मौत की खबर जब उनके परिजनों को गांव समंदपुर में मिली तो परिवार में कोहराम मच गया और सूचना मिलने पर गांव अखबंदपुर में पहुंच गए वहां से मोहन पाल के शव को अपने घर ले गए।

### आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर ठगे 13.50 लाख रुपये

- रकम लेने के बाद युवक को थमा दिया नकली वीजा-पासपोर्ट
- पीड़ित ने एसएसपी से लगाई कार्रवाई की गुहार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** थाना गदरपुर के रहने वाले एक युवक से कबूतरबाजों ने आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी कर दी। जब पीड़ित ने रकम वापस करने का दबाव बनाया तो दस्तावेजों के दुरुपयोग कर जेल भेजा और हत्या की धमकी देनी शुरू हो गई। पीड़ित ने एसएसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ग्राम वमनपुरी थाना गदरपुर निवासी दर्शन सिंह ने बताया कि उसकी मुलाकात गाजीपुर मिलक खानम बिलासपुर यूपी के रहने वाले दो व्यक्तियों से हुई थी। उन्होंने उसे आस्ट्रेलिया भेजने का आश्वासन दिया कि जल्द वीजा-पासपोर्ट बनाकर देने का भरोसा जताया। इसके बाद उसने 8 दिसंबर 2022 से लेकर 10 जुलाई 2023 तक 13. 50 लाख रुपये का भुगतान कर दिया। 12 जुलाई को वह दिल्ली एयरपोर्ट गया और जब 14 जुलाई को फ्लाइट पकड़ने के लिए एयरपोर्ट पहुंचा तो सुरक्षा एजेंसियों ने वीजा और पासपोर्ट दोनों ही फर्जी बताते हुए इंडिया वापस कर दिया। आरोपियों से जब दी गई रकम वापस मांगी तो दोनों ही आरोपी वास्तविक दस्तावेजों का दुरुपयोग कर जेल भेजने और हत्या किए जाने की धमकी देने लगे। पीड़ित ने शुक्रवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एसएसपी से मुलाकात की और शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। जिस पर एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने आश्वासन दिया कि कबूतरबाजी प्रकरण की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

### वनाग्नि में घायल कर्मियों को एयरलिफ्ट कर एम्स भेजा

**पंतनगर, अमृत विचार :** अल्मोड़ा में बेकाबू हुई जंगल की आग में घायल चार वन कर्मियों को एयरलिफ्ट कर दिल्ली एम्स भेजा गया है। इस कार्य में लगाई गईं दो एयर एंबुलेंस (विमानों) ने दो बार में अपने कार्य को सकुशल अंजाम दिया।

गुरुवार को अल्मोड़ा के बिनसर वन्यजीव अभयारण्य में वन कर्मियों की बोलेरो गाड़ी वनाग्नि की चपेट में आ गई थी। जिससे चार वन कर्मियों की आग में जलकर मृत्यु हो गई थी, जबकि चार वन कर्मी आग में झुलस गए थे। जिन्हें एयर लिफ्ट कर हल्द्वानी के एसटीएच में भर्ती कराया गया था। शुक्रवार सुबह सीएम पुष्कर सिंह धामी ने इन चारों वन कर्मियों को एयर एंबुलेंस से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराने के निर्देश दिए थे। जिसके बाद सक्रिय हुए तंत्र ने एसटीएच हल्द्वानी से गंभीर घायलों को एंबुलेंस में पंतनगर एयरपोर्ट लाकर यहां से एयर एंबुलेंस के माध्यम से दिल्ली एम्स भेजा।


## वनाग्नि से निपटने को वायु सेना ने संभाला मोर्चा

संवाददाता,अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बिनसर अभ्यारण्य के जंगल में लगी आग अब तक शांत नहीं हो सकी है। एक साथ चार लोगों की मौत के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है। शुक्रवार को डीएम सहित अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वनाग्नि का जायजा लिया और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

शुक्रवार सुबह वायुसेना के हेलीकॉप्टर पहुंचने से पूर्व ही डीएम विनीत तोमर, एसएसपी देवेंद्र पींचा, डीएफओ दीपक सिंह, डीएफओ सिविल सोयम ध्रुव सिंह मर्तोलिया घटना स्थल पहुंच गए। इस दौरान बिनसर के चारों ओर जंगल में आग धधकी हुई थी। एसएसपी ने एसडीआरएफ टीम को आग पर काबू पाने के निर्देश दिए। वहीं, डीएम विनीत तोमर ने वन विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली।

इस दौरान डीएम ने घटना के मृतकों और घायलों के परिजनों से भी मुलाकात की और परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने घायलों के परिजनों को हौसला बढ़ाया। बताया कि सभी घायलों को उपचार के लिए दिल्ली भेजा गया है। उन्हें बेहतर से बेहतर उपचार देने के प्रयास किए जा रहे हैं।



भीमताल झील से पानी उठाता हेलीकॉप्टर। ● अमृत विचार

### आग बुझाने को हेलीकॉप्टर से उठाया झील का पानी

**भीमताल, अमृत विचार :** उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित बिनसर सेंचुरी में लगी भीषण आग पर काबू पाने के लिए एयरफोर्स के हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी लिफ्ट किया। शुक्रवार सवेरे के समय हेलीकॉप्टर ने भीमताल झील से पानी उठाया किया। इधर झील से पानी उठाए जाने से पुलिस ने झील में नौकायन का संचालन रोक दिया। अचानक नौकायन का संचालन रोक देने से नाव संचालकों का कारोबार प्रभावित हुआ। मालूम हो कि भीमताल झील से पानी उठाने को सबसे सुरक्षित माना जाता है। इससे सवा माह पूर्व नैनीताल के पास पाइन्स के समीप आग लगने पर भी वायु सेना ने अपना एमआई-17 भेजकर आग पर काबू पाया था। उस समय भी भीमताल झील से ही पानी उठाया था।

### घर से उठाकर किशोरी से दुष्कर्म का आरोप

**मुजरिया( बदायूं),अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने बताया कि गुरुवार को वह गांव के बाहर गए थे। उनका परिवार घर पर सो रहा था। गांव निवासी दो युवक उनके घर में घुस आए। उनकी 16 साल की बेटी को उठाकर जंगल में ले गए। जहां उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## भुट्टा खिलाने के बहाने खेत में ले जाकर बालिका से दुष्कर्म

- नशे में धुत था आरोपी, ग्रामीणों के आने पर धमकी देकर भागा

संवाददाता, कादरचौक( बदायूं )

**अमृत विचार :** एक युवक दस साल की बालिका को भुट्टा खिलाने के बहाने मक्का के खेत में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने बालिका को जिला महिला अस्पताल भेज दिया गया। आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

घटना थाना कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव की है। शुक्रवार दोपहर लगभग एक बजे ग्रामीण की 10 साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। पड़ोस के गांव मौसमपुर निवासी 40 साल का वीरेश यादव आया। वह बालिका को भुट्टा खिलाने के बहाने गांव के पास मक्का के खेत में ले गया। जहां बालिका के साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता चिल्लाई तो आसपास के खेतों में काम कर रहे ग्रामीण पहुंच गए। उन्हें देख आरोपी धमकाता हुआ भाग गया। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी शराब के नशे में धुत था। ग्रामीण बालिका को उठाकर उसके घर ले गए।

कादरचौक के थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह गांव पहुंचे और परिजन व ग्रामीणों से पूछताछ की। पीड़िता के पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। पीड़िता को जिला महिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष उदयवीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके उसकी तलाश की जा रही है।

### चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**काशीपुर, अमृत विचार :** काशीपुर के रम्पुरा द्वारिका विहार स्थित एक बंद घर में चोरी करने के मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही उनके कब्जे से तमंचा व चाकू बरामद करने के साथ ही चोरी का सामान व चार हजार रुपये नगदी भी बरामद की है।

शुक्रवार को कोतवाली में मामले का खुलासा करते हुए एसपी अभय प्रताप ने बताया कि गुरुवार को ग्राम रम्पुरा द्वारिका विहार निवासी मोहन चन्द्र जोशी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह 28 मई को अपने परिवार के साथ अपने गांव कूनीगाड़ चमोली पूजा में करने गए थे। जब 10 जून की शाम घर आये तो घर का ताला टूटा था तथा उसकी मां के कमरे से एलईडी टीवी व अलमारी से एक सोने की नथ, एक सोने का मांग टीका और दस हजार रुपये की नकदी गायब थी।

### प्रेरणा एप के माध्यम से विद्यालयों का निरीक्षण करेगी टास्क फोर्स

**बदायूं, अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों का निरीक्षण करने के लिए डीएम की ओर से टास्क फोर्स का गठन किया गया है। जिसमें शिक्षा विभाग के साथ छह विभागों के अधिकारियों को सदस्य बनाया गया है। टास्क फोर्स में शामिल अधिकारियों द्वारा हर माह पांच विद्यालयों का निरीक्षण किया जाएगा। सभी निरीक्षण प्रेरणा एप के माध्यम से होंगे। जांच आख्या भी ऐप पर अपलोड की जाएगी। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद 18 जून से परिषदीय स्कूल खुल रहे हैं। जिसमें मात्र चार दिन का समय शेष है। इन स्कूलों के निरीक्षण के लिए डीएम मनोज कुमार ने टास्क फोर्स का गठन किया है। जिसमें बेसिक शिक्षा और जिला विद्यालय निरीक्षक अधिकारी के साथ परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला विकास अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी और जिला पंचायती राज अधिकारी को शामिल गया है। टीम स्कूलों में मध्याह्न भोजन, डीबीटी योजना के साथ ही बच्चों की उपस्थिति व अन्य बिंदुओं पर जांच करेगी।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, रामपुर
पंत्राक - सी०एम०ओ०/वाक इन इन्टरव्यू/संविदा/2024-25/5993 दिनांक-14.06.2024
-: शुद्धि पत्र वाक इन इन्टरव्यू सूचना :-
अधोहस्ताक्षरी के पत्र सं०-सी०एम०ओ०/वाक इन इन्टरव्यू / संविदा/2024-25/5955 दिनांक 13.06.2024 के द्वारा वॉक-इन इन्टरव्यू के माध्यम से चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु दिनांक 14.06.2024 के समाचार पत्रों में प्रेस विज्ञप्ति प्रकाशित की गयी थी। जिसमें दिनांक 30.06.2024 तक वांछित प्रमाण पत्रों की स्वयंप्रमाणित प्रतियां अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करने हेतु विज्ञप्ति जारी की गयी थी। उक्त विज्ञापन में शुद्धि की जाती है कि वॉक-इन इन्टरव्यू के माध्यम से चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी वांछित प्रमाण पत्रों की स्वयंप्रमाणित प्रतियों एवं मूल प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 26.06.2024 को विकास भवन में प्रातः 11:00 बजे से वॉक-इन इन्टरव्यू में प्रतिभाग कर सकते हैं।
मुख्य चिकित्सा अधिकारी
रामपुर।

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया Union Bank of India
भारत सरकार का उपक्रम A Government of India Undertaking
आन्ध्रा Andhra कार्पोरेशन Corporation
क्षेत्रीय कार्यालय- प्रथम तल, बी.डी.ए. कॉम्पलेक्स, प्रियदर्शनी नगर, बरेली (यू.पी.) 243122

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूत हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 साथ में पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के अधीन अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना। आम जनता और विशेष रूप से कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि प्रतिभूति लेनदार के पास बंधक पड़ी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका रचनात्मक/भौतिक/सांकेतिक कब्जा बैंक, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, को सम्बन्धित कर्जदार (रों) और गारंटीदाता (ओं) से बैंक/प्रतिभूत लेनदार के पास उनके बकायों की वसूली हेतु, निम्नांकित सारणी में अंकितानुसार तिथि को "जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "जो भी है वही है" आधार पर बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा धरोहर राशि, सम्बन्धित सम्पत्तियों के समक्ष निम्न सारणी में अंकितानुसार होगी।

प्रतिभूत आस्तियों की अनुसूची

| क्र. सं.. | कर्जदार, सह-कर्जदार व गारंटीदाता का नाम | बेचे जाने वाली अचल संपत्ति का विवरण | मांग सूचना के अनुसार बकाया राशि+ब्याज | आरक्षित मूल्य | ईएमडी राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी :** **1. श्री विकास चौहान** पुत्र अजयवीर सिंह चौहान, 3/351, पुष्पा विहार, आवास विकास कालोनी, निकट चौधरी चरन सिंह पार्क, चन्दौसी, जिला सम्भल **गारन्टर :** **1. श्री ओम प्रकाश** पुत्र खेम करन, हनुमान गढ़ी, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल **2. श्री शेर सिंह** पुत्र श्याम लाल, श्याम नगर कालोनी, सीकरी रोड, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल शाखा : चन्दौसी ब्रांच | **सुरक्षित सम्पत्ति का विवरण :** आवासी सम्पत्ति का साम्यिक बंधक, स्थित 3/351, योजना नं.1, सम्भल गेट, आवास विकास, तहसील चन्दौसी, जिला सम्भल क्षेत्रफल 61.24 जो कि श्री विकास चौहान पुत्र श्री अजय वीर सिंह चौहान के नाम है। जो सब रजिस्ट्रार ऑफिस एतवउ दिनांक 21.03.2013 को पंजीकृत है। जिसका जिल्द नं. 5219, बही नं. 1, क्र.सं. 4038 के पृष्ठ सं. 327-342 पर दर्ज है। **चौहद्दी : पूरब**-पल्लवी पंचाल का मकान नं. 3/350, **पश्चिम**-3/352 मंजू जखारिया, **उत्तर**-मकान नं.3/309 व 3/310 **दक्षिण**-रास्ता | रु. 11,20,219.41 (ग्यारह लाख बीस हजार दो सौ उन्नीस रुपये मात्र) + ब्याज व अन्य खर्चे | रु. 23.65 लाख | रु. 2.365 लाख |

**नियम व शर्तें : बिक्री प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों 2002 में वर्णित नियम व शर्तों तथा निम्नलिखित आगामी शर्तों के अधीन होगी:-**
1. सम्पत्तियों को "जैसा है जहां है" और "जैसी है जो है" और "जो भी है वही है" के आधार पर बेचा जा रहा है। 2. उपरोक्त अनुसूची में निर्दिष्ट प्रतिभूत आस्तियों के विवरणों को प्राधिकृत अधिकारी की उचित जानकारी के अनुसार अंकित किया गया है, किन्तु प्राधिकृत अधिकारी इस उद्घोषणा में किसी त्रुटि, गलत बयानी या भूल-चूक के लिए जवाबदेय नहीं होंगे। 3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिक्री के लिए दिनांक 26.07.2024 को दोपहर 12:00 से अप. 04:00 बजे तक वेबसाईट www.mstcecommerce.com में प्रदान किए गए ई-नीलामी प्लेटफार्म के माध्यम से की जाएगी। 4. बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया www.mstcecommerce.com या www.unionbankofindia.co.in देखें। 5. अधिक जानकारी के लिए ऊपर दी गई शाखा से सम्पर्क कर सकते हैं। 6. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथि, ई-नीलामी के दिन के प्रारम्भ होने पर या उससे पहले।

दिनांक : 14.06.2024 स्थान-चन्दौसी प्राधिकृत अधिकारी, यूनियन बैंक

## बांदा, मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित

**लखनऊ,अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय को अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट सौंपे जाने की तैयारी है।

वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मो. साजिद, चकबंदीकर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी, एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

# खुले मैनहोल को 24 घंटे में ढकने के निर्देश

## खुले मैनहोल पर बनी एसओपी, निर्धारित की गई मानक संचालन प्रक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** खुले मैनहोल या डक्ट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से एसओपी जारी करते हुए सभी निकायों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी डीएम को निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुले मैनहोल व डक्ट को 24 घंटे में ढकवाने को निर्देशित किया है।

स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से यह एसओपी सभी डीएम को शीर्ष प्राथमिकता के तहत जारी कर दी गई है और आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। एसओपी का पालन न करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई होगी।स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि जारी एसओपी के अनुसार, मैनहोल एवं डक्ट के




खुले होने संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा हर जोन में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में सहायक अभियंता, अवर अभियंता जलकल सदस्य-सचिव होंगे, जबकि जोनल सेक्रेट्री ऑफिसर सदस्य होंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत स्तर पर डीएम द्वारा तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जिसके अध्यक्ष प्रभारी स्थानीय निकाय होंगे, जबकि अधिशासी अधिकारी सदस्य सचिव और सहायक अभियंता, अवर अभियंता सदस्य होंगे।

इन समितियों द्वारा साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण किया जाएगा और यदि निरीक्षण के दौरान मैनहोल अथवा डक्ट खुला पाया जाता है तो अधिकतम 24 घंटे के अंदर मैनहोल एवं डक्ट का ढके जाने की कवायद की जाएगी। तकनीकी समिति द्वारा जब तक मैनहोल को ढक नहीं दिया जाता तब तक वहां पर किसी कार्मिक को लाल झंडे के साथ तैनात किया जाएगा, ताकि आम जनमानस को मैनहोल में गिरने से रोका जा सके।

### इस हेल्पलाइन नंबर करें शिकायत

इस तरह की समस्याओं के लिए केन्द्र सरकार का हेल्पलाइन नंबर 14420 है, जबकि राज्य सरकार का हेल्पलाइन नंबर 1533 है। इसे डायल करने पर स्थानीय जिले में कॉल रिसीव की जाएगी, जहां पर शिकायत की जा सकती है। पार्षदों पर भी उनके वार्डों में मैनहोल के खुले न रहने की जिम्मेदारी है।

### कुछ इस तरह बनायी गई है गाइडलाइन

- सीवर की सफाई होने के बाद मैनहोल को अधिकतम 12 घंटे के अंदर ढका जाए।
- पर्याप्त मात्रा में मैनहोल कवर का भंडारण किया जाए।
- किसी वजह से मैनहोल कवर न हों तो बीआरसी वेल्डेड फैब्रिक या वायर नेट वाले डमी कवर का उपयोग हो।
- वाहनों को दुर्घटना से बचाने के लिए झाड़ियों, सूचना बोर्ड व रात में प्रकाश व लाइट रेफलेक्टर का प्रयोग हो।
- सीवर सफाई में धूम्रपान या चिंगारी पैदा करने वाले उपकरणों पर प्रतिबंध।

## चीनी महिला की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

**लखनऊ,अमृत विचार।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इलाहाबाद सब-जोनल कार्यालय की टीम ने भारत में अवैध रूप से रह रही चीनी नागरिक जू फेई एवं अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धन शोधन निवारण अधिनयम के तहत 13.58 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आईपीसी-1860, विदेशी अधिनियम-1946 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराधों के लिए एसटीएफ गौतम बुद्ध नगर द्वारा दायर एफआईआर और उसके बाद दायर आरोप पत्रों के आधार पर जांच शुरू की थी। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में पता चला कि चीनी नागरिक जू फेई अवैध रूप से भारत में रह रही थी। चीनी नागरिक जू फेई, रवि नटवरलाल ठक्कर और अन्य के साथ मिलकर चीनी नागरिकों के लिए एनसीआर क्षेत्रों में संदिग्ध होटलों और क्लबों को चला रहे थे।

## सार-संक्षेप

### इटावा में कर्ज से परेशान किसान ने आत्महत्या की

**इटावा,एजेंसी :** जिले के चौविया थानाक्षेत्र में कथित तौर पर कर्ज अदा न कर पाने से परेशान एक किसान ने अपने खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। चौविया थाने के प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) मंसूर अहमद ने बताया कि थानाक्षेत्र के गांव चौविया में गुरुवार की रात विकास जाटव (30) ने अपने खेत में पेड़ से फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। विकास घर से खेतों पर धान रोपने गया था और रात को वापस घर नहीं लौटा। शुक्रवार सुबह लोगों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा। मृतक की पत्नी रीता देवी के अनुसार विकास ने एक साहूकार से डेढ़ लाख रुपये कर्ज पर लिये थे और कर्ज अदा न कर पाने और बढ़ते कर्ज से वह बीते एक हफ्ते से परेशान एवं चिंतित रहता था।

### दो आईपीएस का स्थानांतरण

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरणकर दिया है । आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को डीआईजी पीएसी कानपुर के साथ आईजी पीएसी प्रयागराज का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। ये तैनाती कुंभ को ध्यान में रखकर की गई है। आईपीएस राहुल राज को डीआईजी रेलवे प्रयागराज बनाया गया है।

### डाक कर्मी 20 हजार की घूस लेते गिरफ्तार

**बहराइच,एजेंसी :** सीबीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा के एक दल ने नानपारा डाकघर के एक डाक सहायक को एक सहायक पोस्टमास्टर से 20 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जिले के डाक अधीक्षक सुशील शुक्ला ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को लखनऊ सीबीआई (भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो) के निरीक्षक संदीप थैलोर ने उन्हें लिखित सूचना दी कि नानपारा डाकघर में डाक सहायक के पद पर तैनात विनोद कुमार को 20 हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया है। आरोपी को सीबीआई द्वारा गिरफ्तार करके लखनऊ ले जाया गया है। डाक अधीक्षक सुशील शुक्ल ने बताया कि जिले की पुरैना भवानी बख्श डाकघर में सहायक शाखा पोस्टमास्टर पद पर तैनात आजाद खान नामक डाक कर्मी के खिलाफ कुछ माह पूर्व विभागीय जांच में आरोप पत्र दाखिल किया गया था। आरोप पत्र पर अग्रिम जांच डाक निरीक्षक के निर्देश पर डाक सहायक विनोद कुमार को दी गयी थी। उन्होंने बताया कि उसी आरोप पत्र को रफादफा करने के एवज में विनोद कुमार ने आजाद खान से घूस मांगी थी। आजाद ने सीबीआई से शिकायत की और विनोद कुमार को घूस लेते हुए रंगे हाथ पकड़वा दिया। शिकायत कर्ता आजाद खान ने पत्रकारों को बताया कि जांच में पक्ष में रिपोर्ट लगाने के एवज में उनसे दो लाख रुपये रिश्वत मांगी जा रही थी।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**प्रयागराज,एजेंसी :** प्रयागराज में धर्म विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोपी को कीडगंज पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि कीडगंज निवासी हबीब अहमद ने धर्म विशेष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। पुलिस ने गुरुवार रात परेड ग्राउंड में पीपा पुल के कारखाने के पास से आरोपी हबीब अहमद को गिरफ्तार किया।

### 13 विधान परिषद सदस्यों ने ली शपथ

**लखनऊ,अमृत विचार :** राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों ने विधान शपथ ले ली है। प्रमुख सचिव विधान परिषद उप्र. डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने बीते दिनों निर्वाचित 13 सदस्यों को विधानभवन तिलक हाल में शुक्रवार को शपथ दिलवायी।

इन सदस्यों में अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी और विच्छे लाल राम शामिल हैं। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और सपा के 3 सदस्य शामिल थे।

## टैंकर से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, ड्राइवर-हेल्पर जिंदा जले

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार दोपहर टैंकर से रगड़कर आगे निकला डंपर डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गया। इस हादसे में क्लीनर व चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई। हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर लंबा जाम लग गया। पुलिस एवं दमकल ने आग पर काबू पाया। देरी से पहुंचने पर यूपीडा एवं डायल 112 के कर्मचारियों से ग्रामीणों की झड़प भी हुई।

अछल्दा मोहम्दाबाद रोड से निकले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दोपहर करीब 3 बजे मैनपुरी से खाली डंपर भिंड जा रहा था। आशा गांव के पास डिवाइडर में लगे पौधों पर पानी डाल रहे टैंकर से डंपर रगड़ गया। इसके बाद अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराया जिससे डंपर में आग लग गई।

आग लगने से हेल्पर भदौरिया ( 50) निवासी भरौली भिंड मध्यप्रदेश तथा चालक शिष्यपाल उर्फ सोनू (40) निवासी मौरारा भिंड मध्यप्रदेश डंपर की केबिन में फंस गए। कुछ देर में हेल्पर जलते हुए नीचे गिरा तो ग्रामीणों ने कंबल ओढ़ा कर आग बुझा दी, लेकिन चालक जलते केबिन में ही फंसकर रह गया। करीब एक घंटे बाद पहुंची दमकल ने आग बुझाकर चालक के शव को बाहर निकाला। 'भीर रूप से झुलसे हेल्पर को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसकी भी मौत हो गई।

## संदेह मजबूत होने पर भी साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- **अपर सत्र न्यायाधीश, बरेली के निर्णय और आदेश को चुनौती दी गई थी**



**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले में हत्यारोपियों के आजीवन कारावास और जुर्माने के आदेश को रद करते हुए कहा कि केवल जघन्य और वीभत्स अपराध ही आरोपी को दंडित करने के लिए पर्याप्त नहीं होता है। संदेह चाहे कितना भी मजबूत क्यों ना हो, साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता है। कोर्ट को किसी भी मामले में गवाहों की बहुलता पर नहीं बल्कि गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। अगर गवाहों की संख्या पर जोर दिया जाता है तो न्याय का वितरण प्रभावित और बाधित होगा। अभियोजन पक्ष के समर्थन में साक्ष्य देने के लिए अगर केवल एक ही व्यक्ति उपलब्ध है तो स्वाभाविक रूप से ऐसी गवाही को सावधानीपूर्वक लेना चाहिए और अगर कोर्ट को यह विश्वास है कि साक्ष्य विश्वसनीय, भरोसेमंद और सभी दोषों से मुक्त है तो कोर्ट का ऐसी गवाही पर कार्यवाही करने का कर्तव्य बनता है।

कोर्ट ने आगे कहा कि मौजूदा मामले में परिस्थितियां अपीलकर्ताओं के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं करती हैं। उन्हें राजनीतिक दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है। न्यायालय का यह कर्तव्य बनता है कि वह प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जड़ तक जाकर विवेचना करे कि आरोपी को दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है या नहीं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने उजागर और दो अन्य की अपील स्वीकार करते हुए पारित किया, जिसमें आईपीसी की धारा 302 के तहत अपर सत्र न्यायाधीश, बरेली द्वारा पारित निर्णय और आदेश को चुनौती दी गई थी। मौजूदा मामले में अपीलकर्ताओं को गांव की पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण झूठा फंसाया गया है। साक्ष्य के आधार पर यह पता चलता है कि अपीलकर्ता ने मृतक के खिलाफ चुनाव लड़ा था। शिकायतकर्ता ने मृतक के साथ किसी भी तरह की दुश्मनी से इनकार किया है, जिसके कारण उसके बेटे रुकमपाल की हत्या की जा सके।

अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर कमियों, विसंगतियों और विरोधाभासों के कारण कोई संतोषजनक परिणाम नहीं निकलता है। ट्रायल कोर्ट ने भी आरोपी को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी ठहरने और सजा सुनाने में पूरे साक्ष्यों को गलत तरीके से पढ़ा और मूल्यांकित किया है। जिन परिस्थितियों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया है, वे श्रृंखलाबद्ध नहीं है। अतः आरोपियों के खिलाफ आक्षेपित आदेश रद किए जाने योग्य है।

## सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में उप्र. प्रथम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- **प्रमुख सचिव ऊर्जा ने की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा**

**अमृत विचार:** प्रमुख सचिव (ऊर्जा) नरेन्द्र भूषण ने शुक्रवार को उप्र. की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंसिंग से प्रबन्ध निदेशक से लेकर अधिशासी अभियन्ताओं तक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में उप्र. के नम्बर एक बनने पर बधाई दी और इतनी भीषण गर्मी में भी निरन्तर काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया। प्रमुख सचिव ने कहा कि



पहली बार राज्य में विद्युत की पीक डिमाण्ड 30618 मेगावाट तक और विद्युत खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस समय सभी क्षेत्रों को हर पल विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। अंतिम उपभोक्ता के छोर तक विद्युत पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाये। जहां कहीं ओवर लोडिंग या स्थानीय स्तर पर कोई समस्या है तो उसे तत्काल समाप्त किया जाये। जिन स्थानों पर भविष्य में औवर लोडिंग की संभावना हो उसके लिये भी कार्य योजना और रणनीति बना ली जाये। विद्युत व्यवधानों को तत्काल ठीक कराया जाये। प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि विद्युत अधिकारी जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें और उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। फोन उठायें और कॉल बैक भी करें।

## हेड कांस्टेबल की हत्या, चेहरा तेजाब से जलाकर नाले में फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार:**फीलखाना थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह हेड कांस्टेबल की हत्या के बाद चेहरे को तेजाब से जलाकर शव को नाले में फेंक दिया गया। हत्यारों ने उनकी अंगुलियां भी काटी थीं। शव के पास पुलिस की बेल्ट और वर्दी भी मिली। शुक्रवार देर रात शिनाख्त हो सकी।



मूलरूप से झांसी के मऊरानीपुर थाना बम्हौरी के ग्राम लारौनी निवासी 50 वर्षीय खेमचंद्र कानपुर पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल (एचसीएपी) के पद पर तैनात थे। गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे वो अपने कमरे से निकले थे। इसके बाद लौटकर पुलिस लाइन नहीं आए। साथियों ने उन्हें कई बार फोन किया लेकिन फोन बंद बताता रहा। परिजनों ने भी फोन किया लेकिन उनकी बात नहीं हो सकी। शुक्रवार को फीलखाना थानाक्षेत्र में सुबह नौ बजे गुप्तार घाट के गहरे नाले में एक शव पड़ा मिला।

## योग दिवस पर ताजमहल समेत सभी स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा

**आगरा, एजेंसी:** योग के महत्व को रेखांकित करने एवं जागरूकता उत्पन्न करने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने विश्व योग दिवस पर 21 जून को आगरा में ताजमहल सहित अन्य स्मारकों में प्रवेश निःशुल्क करने की घोषणा की है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण इस संबंध में एक आदेश जारी किया है। इस संबंध में अधीक्षण पुरातत्व विद् डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष नियम, 1959 के नियम छह के तहत 21 जून को योग दिवस पर सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केवल ताजमहल में मुख्य गुम्बद पर जाने के लिए 200 रुपये का अतिरिक्त शुल्क देना होगा जबकि परिसर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा 17 जून को बकरीद पर भी दो घण्टे के लिए ताजमहल में नमाजी निःशुल्क प्रवेश कर सकेंगे।

## अखिलेश पिद्दी से थे तब से कर रही हूं राजनीति : प्रमिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **फाइल फेंकने के वीडियो पर अखिलेश ने किया था पोस्ट**

**अमृत विचार:** महापौर प्रमिला पांडेय के एक बैठक के दौरान फाइल फेंकने के मामले में सियासत तेज हो गई है। शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने महापौर का वीडियो पोस्ट करते हुए एक्स पर लिखा कि ये है यूपी में भाजपा सरकार के हवाई दावों की हवा में उड़ती फाइल। कानपुर मेयर का ये दिखावटी गुस्सा कितना सच है, जनता सब जानती है। कानपुर ही नहीं, पूरे यूपी की जनता को भाजपा के मेयरों ने ठगा है। इस मामले में महापौर प्रमिला पांडेय ने पलटवार करते हुए कहा है कि जब अखिलेश यादव पिद्दी से थे, तब से मैं राजनीति कर रही हूं। पार्षद रहते हुए 10 साल जनता की सेवा की और दूसरी बार फिर से मेयर हूं। यह सब जनता की बदौलत ही है। घटना 12 जून की है। महापौर प्रमिला पांडेय ने नाला सफाई की समीक्षा बैठक में नगर निगम जोन-3 के अधिशासी अभियंता नानक चंद के झूठी रिपोर्ट पेश करने पर फाइल फेंक दी थी। इस घटना का वीडियो तेजी से वायरल हुआ था। इसी वीडियो को पोस्ट करते हुए शुक्रवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कई सवाल किए। उन्होंने लिखा कि उप्र. में स्मार्ट सिटी के नाम पर उप्र. को बजबजाती नालियां, गड्ढेयुक्त सड़कों-गलियों, जाम में फंसी सड़कों के अलावा अगर और कुछ मिला है तो वो है भाजपाई राजनीति का वो प्रदूषण जो सारे ठेके अपने लोगों को लेन-देन के सौदे के बदले में देता है।



## वर्ग पहेली-101

**बाएं से दाएं**

1.1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।

2.1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9.1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10.1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

**ऊपर से नीचे**


2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3.1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6.1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8.1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना,संवारना।



### वर्ग पहेली -100 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 कि | | 2 टि | 3 पा | रा |
| 4 रँ | ह | च | टा | | ग | |
| | | पि | | 5 गि | ल | 6 न |
| | 7 प | च | मे | ल | | फ़ |
| | रि | | | गि | | सा |
| | षे | | | ला | | नी |
| 8 नि | क | ष | ण | | | |

### सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | 4 | | | |
| 5 | | 8 | | 1 | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | | 5 | | | 3 |
| 8 | 9 | | | | | 3 | 7 | |
| 1 | | | 2 | | 9 | | | 4 |
| | 6 | 4 | | | | | 5 | 1 |
| 7 | | | 5 | | | 4 | | 6 |
| | 5 | | | 6 | | 1 | | 7 |
| | | | 3 | | | 8 | | |

### सुडोकू - 13 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 5 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 9 | 7 |
| 4 | 7 | 2 | 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 |
| 3 | 1 | 9 | 6 | 2 | 8 | 7 | 4 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 4 | 9 | 7 | 3 | 2 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 8 | 9 |
| 7 | 3 | 1 | 9 | 8 | 2 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 8 | 5 | 4 | 6 | 1 | 7 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02 .32 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08 .14 तक तत्पश्चात हस्त।

**मेष** — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं,लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे,लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

**वृष** — आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

**मिथुन** — आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

**कर्क** — आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

**सिंह** — आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

**कन्या** — आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

**तुला** — आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे,लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

**वृश्चिक** — आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

**धनु** — आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**मकर** — आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

**कुंभ** — आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

**मीन** — आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

## आज की फिल्में

B4U Movies
चाइना गेट — सुबह : 09 .46
कीमत — रात : 07 .00

&pictures
कहो ना प्यार है — सुबह : 10 .55
हिम्मतवर — रात : 07 .30

Sony Pix
मैड मैक्स : फरी रोड — सुबह : 09 .35
जॉन विक : चैप्टर 2 — रात : 09 .00

Zee Cinema
रक्षा बंधन — दोपहर : 12 .35
द रियल तेवर — रात : 08 .00

Colors Cineplex
हीरोज — सुबह : 11 .21
दसवीं — शाम : 05 .58

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो,जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपए मूंग धोआ : 104-106 मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90 से 105 चना देसी : 60 से 70 चना कावली : 90 से 130 राजमा लाल : 130 से 140 राजमा चित्ता : 125 से 130 लोबिया लाल : 90 से 110 लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

## एक नजर

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर लगा जुर्माना

**मुंबई।** आरबीआई ने ऋण और अग्रिम तथा ग्राहक संरक्षण से संबंधित निर्देशों का पालन न करने पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया पर 1.45 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आरबीआई ने 31 मार्च, 2022 तक की वित्तीय स्थिति के संदर्भ में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के पर्यवेक्षी मूल्यांकन (आईएसई 2022) के लिए इसका वैधानिक निरीक्षण किया था।

### चीनी का न्यूनतम बिक्री मूल्य बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) ने शुक्रवार को सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर कम से कम 42 रुपये प्रति किलोग्राम करने का आग्रह किया, ताकि बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। न्यूनतम बिक्री मूल्य वर्ष 2019 से 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित रखा गया है।

# मलिहाबाद के दशहरी का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

## बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता बरकरार रखने के लिए आम को गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

- 1.5 टन का आर्डर मिला, आज निकलेगी पहली खेप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

**अमृत विचार:** अब फलों के राजा दशहरी आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।



हॉट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद आम को सुखाता कर्मचारी। • एजेंसी

**रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे दशहरी का स्वाद, निर्यातकों के हाथ आए आर्डर:** मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

इस बारे में मैंगो पैक हाउस के संचालक अकरम बेग ने बताया जर्मनी को निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है।

### इस तरह बढ़ाई जाती है आम की गुणवत्ता

1. सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
2. एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
3. फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं व चेपी निकाली जाती है।
4. इसके बाद हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
5. कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
6. बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम को ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।
7. इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

# मुद्रास्फीति के चालू वित्त वर्ष में औसतन 4.5% रहने की उम्मीद

- रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने लगाया अनुमान

कोलकाता, एजेंसी

अग्रणी रेटिंग एवं आर्थिक शोध कंपनी क्रिसिल ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति के औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। क्रिसिल ने कहा-मानसून की सामान्य स्थिति को देखते हुए हम उम्मीद करते हैं कि खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी आएगी, जबकि गैर-खाद्य मुद्रास्फीति में वृद्धि हो सकती है। जिंस कीमतों में नरमी के कारण इसके नरम बने रहने की उम्मीद है।

रेटिंग कंपनी ने कहा कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति मई में मामूली रूप से घटकर 4.75 प्रतिशत हो गई, जो अप्रैल 2024 में 4.8 प्रतिशत थी। क्रिसिल की रिपोर्ट में कहा गया कि गैर-खाद्य श्रेणियों ने मुख्य मुद्रास्फीति को नीचे खींचा है, लेकिन चिंता की बात यह है कि खाद्य श्रेणियों अनाज तथा दालों में लगातार वृद्धि हो रही है। क्रिसिल ने कहा कि शहरी अर्थव्यवस्था को सख्त ऋण शर्तों से नियंत्रित किया जा सकता है। हाल के महीनों में बैंक खुदरा ऋण वृद्धि में कमी आई है, जबकि एनबीएफसी को बैंक ऋण देने पर प्रतिबंध लगाने के विनियामक उपायों का असर उपभोक्ता ऋणों पर भी पड़ेगा। रिपोर्ट में कहा गया, सरकार के अच्छे पूंजीगत व्यय के बावजूद, राजकोषीय समेकन के कारण इसके पिछले वर्ष की तुलना में कम रहने का अनुमान है। इसमें कहा गया कि धीमी वैश्विक वृद्धि से वस्तु निर्यात में वृद्धि बाधित हो सकती है।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 90,000 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 95,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,800-55,000 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 72,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 72,200 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 88,000 |
| चांदी तैयार | 89,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 72,200 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 71,200 |
| चांदी पक्की | 875 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 72,500 |
| चांदी आभूषण | 89,000। |

### एडब्ल्यूएस ने की जेनएआई स्टार्टअप के लिए कोष बनाने की घोषणा

**नई दिल्ली।** अमेजन वेब सर्विसेज (एडब्ल्यूएस) ने अपने वैश्विक सृजनात्मक कृत्रिम बुद्धिमत्ता (जेन-एआई) प्रोत्साहन कार्यक्रम के तहत जेनएआई स्टार्टअप फर्मों के लिए 23 करोड़ डॉलर का कोष बनाने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम एक अक्टूबर से शुरू होगा और 10 सप्ताह तक चलेगा। इसका मकसद एशिया-प्रशांत और जापान (एपीजे) क्षेत्र से 20 और कुल मिलाकर 80 स्टार्टअप फर्मों एवं उनके संस्थापकों की मदद करना है। एडब्ल्यूएस ने कहा कि इस कार्यक्रम के लिए चयनित जेनएआई स्टार्टअप व नेटवर्किंग के अवसर मिलेंगे।

# थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

## सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर


नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।

### चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

**मुंबई।** निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।




## राष्ट्रीय

# एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

## रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति



रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।

### विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

### प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।

# उच्च न्यायालय का रुख कर नौ छात्राओं ने कक्षा में हिजाब, बुर्का पर पाबंदी के निर्देश को दी चुनौती

- छात्राओं ने कोर्ट में कहा-कॉलेज द्वारा लगाया प्रतिबंध अनुचित
- मुंबई के दो कॉलेजों का सामने आया मामला

मुंबई, एजेंसी

मुंबई में नौ छात्राओं ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर अपने कॉलेज प्रशासन द्वारा कक्षा में हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश को चुनौती दी है। अपनी याचिका में छात्राओं ने कहा कि चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन. जी. आचार्य और डी.के. मराठे कॉलेज द्वारा लगाया गया प्रतिबंध मनमाना, अनुचित और कानून के विरुद्ध है।

बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की अध्यक्षता वाली पीठ अगले सप्ताह याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका के अनुसार, एक मई को कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप पर नोटिस के साथ एक संदेश जारी किया गया था, जिसमें बुर्का,



नकाब, हिजाब, बैज, टोपी और दुपट्टा पर ड्रेस कोड प्रतिबंध लगाया गया था। याचिकाकर्ता, स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का निर्देश सत्ता के दुरूपयोग के अलावा और कुछ नहीं है। याचिका में कहा गया है कि नकाब, बुर्का और हिजाब याचिकाकर्ताओं की धार्मिक आस्था का अभिन्न अंग हैं और इस पर प्रतिबंध लगाना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है। याचिकाकर्ताओं ने शुरूआत में कॉलेज प्रबंधन और प्राचार्य से नकाब, बुर्का और हिजाब पर प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया था। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति के साथ-साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को भी नोटिस के खिलाफ अपनी शिकायत की। याचिकाकर्ताओं ने उनसे बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को शिक्षा प्रदान करने की भावना को बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। हालांकि, जब उन्हें कोई जवाब नहीं मिला, तो छात्राओं ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया है कि नोटिस बिना यह लागू करना कानूनन गलत और अमान्य है।

## एक नजर

### मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

**गुवाहाटी।** मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3.40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

### हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

# कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

**बेंगलुरु।** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

# बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

**राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

# उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ लोग गिरफ्तार

- पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए

उज्जैन (मप्र), एजेंसी

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को



गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

### डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

**चंडीगढ़।** डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

# उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

**एल्गार परिषद मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।



न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

### बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।


एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।



## नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी

मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे




तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

## कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

मुकाबला : रात 8 :00 बजे



भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज कर रहे कोहली के जल्दी आउट होने से हालांकि टीम को अच्छी शुरुआत नहीं मिल रही और बाद में आने वाले बल्लेबाजों पर दबाव बन रहा है। ऋषभ और सूर्यकुमार जैसे बल्लेबाज हालांकि कोहली के खराब प्रदर्शन की भरपाई करने में काफी हद तक सफल रहे हैं। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा।

दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। सलामी बल्लेबाज आरोन जॉनसन जैसे खिलाड़ी विरोधी टीम को हैरान करने में सक्षम हैं। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह टूर्नामेंट के आयोजकों के लिए चिंता की स्थिति है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।



मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे

## बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

## खेल डायरी

### प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

**सिडनी।** भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

### अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान पर

**बेलमोंट (अमेरिका)।** अदिति अशोक मेइजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

### वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

**लांग एन (वियतनाम)।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

### एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

### चेन्नईयिन एफसी ने कियान से किया करार

**चेन्नई।** पूर्व चैंपियन चेन्नईयिन एफसी ने शुक्रवार को उभरते हुए भारतीय फॉरवर्ड कियान नासिरी से करार की घोषणा की जो मोहन बागान के लिए खेलते थे। ईस्ट बंगाल के महान फुटबॉलर जमशीद नासिरी के 23 वर्षीय बेटे ने 2019 में मोहन बागान के साथ सीनियर पेशेवर पदार्पण किया था। क्लब ने कहा कि कियान से तीन साल का अनुबंध किया है जिससे वह 2027 तक क्लब से जुड़े रहेंगे। कियान ने सीनियर पदार्पण के बाद मोहन बागान के लिए 69 मैच खेलकर नौ गोल दागे।

### जीव, रंधावा लॉरी मैचप्ले के दूसरे दौर में

**हर्टफोर्डशर (इंग्लैंड)।** जीव मिल्खा सिंह और ज्योति रंधावा ने यूरोप में लीजेंड्स टूर ऑफ सीनियर्स के पॉल लॉरी मैचप्ले टूर्नामेंट के पहले दौर में जीत के साथ अगले दौर में जगह बनाई। जीव ने पॉल स्ट्रीटर को हराया जबकि रंधावा ने थॉमस गोगेले को शिकस्त दी। जीव दूसरे दौर में कीथ होर्न से भिड़ेंगे जबकि रंधावा को मैलकम मैकेंजी का सामना करना है जिन्होंने पहले दौर में 2006 राइडर कप कप्तान इयान वूसनैम को हराया।

# पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

## अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा



पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

**20** जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

**49** रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

### टी-20 विश्वकप अंक तालिका

| ग्रुप ए | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट | रद |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1.137 | 0 |
| अमेरिका | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.127 | 0 |
| पाकिस्तान | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.191 | 0 |
| कनाडा | 3 | 1 | 2 | 2 | -0.493 | 0 |
| आयरलैंड | 2 | 0 | 2 | 0 | -1.712 | 0 |
| **ग्रुप बी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| ऑस्ट्रेलिया (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 3.580 | 0 |
| स्कॉटलैंड | 3 | 2 | 0 | 5 | 2.164 | 1 |
| इंग्लैंड | 3 | 1 | 1 | 3 | 3.081 | 1 |
| नामीबिया (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -2.098 | 0 |
| ओमान (बा) | 4 | 0 | 4 | 0 | -3.062 | 0 |
| **ग्रुप सी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| अफगानिस्तान (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 4.230 | 0 |
| वेस्टइंडीज (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 2.596 | 0 |
| युगांडा (बा) | 3 | 1 | 2 | 2 | -4.217 | 0 |
| पापुआ न्यू गिनी (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -0.434 | 0 |
| न्यूजीलैंड (बा) | 2 | 0 | 2 | 0 | -2.425 | 0 |
| **ग्रुप डी** | **मैच** | **जीत** | **हार** | **अंक** | **रन रेट** | **रद** |
| द. अफ्रीका (क्वा) | 3 | 3 | 0 | 6 | 0.603 | 0 |
| बांग्लादेश | 3 | 2 | 1 | 4 | 0.478 | 0 |
| नीदरलैंड | 3 | 1 | 2 | 2 | 0.408 | 0 |
| नेपाल | 2 | 0 | 1 | 1 | -0.539 | 1 |
| श्रीलंका (बा) | 3 | 0 | 2 | 1 | -0.777 | 1 |

### स्कोर बोर्ड

**पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक | 11 | 18 | 1/0 |
| असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज) | 3 | 2 | 0/0 |
| सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी | 0 | 1 | 0/0 |
| हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक | 1 | 3 | 0/0 |
| चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद) | 9 | 26 | 0/0 |
| किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर | 27 | 32 | 2/0 |
| नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद) | 0 | 7 | 0/0 |
| आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी | 13 | 19 | 2/0 |
| जॉन करिको नाबाद | 4 | 7 | 1/0 |
| सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज) | 2 | 3 | 0/0 |

अतिरिक्त : 25, गेंदबाज : फजलहक फारूकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

**अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ | 11 | 7 | 1/1 |
| इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया | 0 | 7 | 0/0 |
| गुलबदीन नईब नाबाद | 49 | 36 | 4/2 |
| अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ | 13 | 18 | 1/0 |
| मोहम्मद नबी नाबाद | 16 | 23 | 1/0 |

अतिरिक्त : 12, गेंदबाज : आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

## यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

ओलंपिक क्वालीफायर

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई। पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी।

विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे। व्यक्तिगत कोटा हासिल करने की स्पर्धा रविवार को होंगी। 26 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक के लिए अंतिम क्वालीफाइंग प्रतियोगिता में 80 से ज्यादा देशों के 300 से अधिक रिकर्व तीरंदाज हिस्सा ले रहे हैं। भारतीय महिला रिकर्व तीरंदाजी टीम हालांकि अब भी रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकती है। क्वालीफिकेशन नियम में नये संशोधन के अनुसार क्वालीफायर से कट हासिल नहीं करने की स्थिति में विश्व तीरंदाजी रैंकिंग में शीर्ष दो देश ओलंपिक से पहले कट हासिल कर लेंगे।

## इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद



कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क वुड। ● एजेंसी

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके। इंग्लैंड के फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। हालांकि इस दौरान फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

### स्कोर बोर्ड

**ओमान 47/10 (13.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर | 5 | 3 | 1/0 |
| कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड | 9 | 16 | 0/1 |
| आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर | 8 | 10 | 1/0 |
| जीशान मकसूद कैच आउट वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद | 1 | 3 | 0/0 |
| अयान खान बोल्ड वुड | 1 | 5 | 0/0 |
| शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर | 11 | 23 | 1/0 |
| मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद | 0 | 2 | 0/0 |
| फय्याज बट बोल्ड रशीद | 2 | 7 | 0/0 |
| कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद | 5 | 5 | 1/0 |
| बिलाल खान नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

अतिरिक्त : 4, गेंदबाज : रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

**इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल | 12 | 3 | 0/2 |
| जॉस बटलर नाबाद | 24 | 8 | 4/1 |
| जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह | 5 | 7 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो नाबाद | 8 | 2 | 2/0 |

अतिरिक्त : 1, गेंदबाज : बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

## पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी




**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

## दिमित्रियोस से ईस्ट बंगाल ने किया करार



**कोलकाता।** ईस्ट बंगाल ने इंडियन सुपर लीग फुटबॉल के आगामी सत्र के लिए शुक्रवार के यूनान के स्ट्राइकर दिमित्रियोस दियामनताकोस को अनुबंधित करने की घोषणा की। यह अनुभवी 31 वर्षीय खिलाड़ी 2022 से केरल ब्लास्टर्स के लिए खेल रहा था। दिमित्रियोस ने क्लब से अनुबंध के बाद प्रेस विज्ञप्ति में कहा सभी जानते हैं कि ईस्ट बंगाल एशिया में सबसे अधिक प्रशंसकों वाले क्लब में से एक है। मैं उनके सामने खेलने के लिए और इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने कहा मैं अपनी टीम को हमारे लक्ष्य हासिल करने में मदद करने और हमारे समर्थकों को खुशी देने की पूरी कोशिश करूंगा। कोलकाता में मिलते हैं।

## पेरिस ओलंपिक में एकल व युगल स्पर्धा खेलेंगे सिनर



**रोम।** शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे। इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर (22 वर्ष) के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपनी झोली में डाला था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि इटली के युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे। पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन महिला फाइनल में हारने वाली जैस्मीन पाओलोनी भी इटली के लिए खेलेंगी।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।



पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

### यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

**कीव।** यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई।

# तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई, एजेंसी

- अमेरिका ने इसे परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया

संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है। वहीं, अमेरिका ने इस कदम को परमाणु खतरा बढ़ाने वाला कदम बताया है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है। आईएईए ने कहा कि इसके निरीक्षकों ने सोमवार को सत्यापित किया कि ईरान ने अपने नतांज संवर्द्धन केंद्र में उन्नत आईआर-4 और आईआर-6 सेंट्रीफ्यूज के तीन 'कासकेड' में यूरेनियम भरना शुरू कर दिया है। कासकेड, सेंट्रीफ्यूज का एक समूह है जो यूरेनियम के संवर्द्धन में तेजी लाता है। ईरान ने उन कासकेड में यूरेनियम का अब तक दो प्रतिशत शुद्धता के साथ संवर्द्धन किया है। ईरान ने यूरेनियम का 60 प्रतिशत तक संवर्द्धन किया है।

### प्यार भरी तकरार



नई दिल्ली में गर्मी के दिनों में एक मैना पेड़ पर दूसरी मैना से एक तितली छीनने की कोशिश करती हुई। • एजेंसी

## एक नजर

### नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

**काठमांडू।** पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

### पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

**नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी।** भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

### नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

**डकार (सेनेगल)।** नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

# प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

## जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे

दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल हुए। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।



### पोप फ्रांसिस जी-7 को संबोधित करने वाले पहले पोप बने

**बारी (इटली)।** पोप फ्रांसिस शुक्रवार को सात देशों के समूह 'जी7' को संबोधित करने वाले पहले पोप बन गये। उन्होंने विश्व के अग्रणी औद्योगिक देशों के नेताओं के समक्ष कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की संभावनाओं और खतरों पर प्रकाश डाला। फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली में आयोजित वार्षिक शिखर सम्मेलन में जी7 और अन्य आमंत्रित देशों को संबोधित किया। पोप ने जी7 के प्रत्येक सदस्य और अतिथियों का स्वागत किया। कुछ देश और वैश्विक निकाय ओपनएआई के चैटजीपीटी द्वारा शुरू किए गए 'जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस' का इस्तेमाल बढ़ने पर एआई पर मजबूत सुरक्षा उपायों के लिए जोर दे रहे हैं।

### यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। यहां जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

### रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

**अपुलिया (इटली)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात की और दोनों देशों के बीच रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्रालय के अनुसार इस बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

# रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

**केपटाउन।** दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

# इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

# हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

# माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

**पुणे कार हादसा**

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी

पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

# शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।



समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

### अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

# इराकी राजनयिक को स्वीडन ने तलब किया

कोपेनहेगन, एजेंसी

- इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई है मौत की सजा

स्वीडन के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उसके अधिकारियों ने इराक में स्वीडन के दो लोगों को सुनाई गई मौत की सजा के विरोध में शुक्रवार को इराक के प्रभारी राजनयिक को तलब किया। स्वीडिश मीडिया ने हाल के दिनों में बताया कि इराक में एक आपराधिक गिरोह के सदस्य की हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद स्वीडन के दो लोगों को मौत की सजा सुनाई गई है।

स्वीडन की समाचार एजेंसी टीटी ने शुक्रवार को स्टॉकहोम में विदेश मंत्रालय के हवाले से पुष्टि की कि स्वीडिश पासपोर्ट वाले कम से कम एक व्यक्ति को मौत की सजा सुनाई गई है। स्वीडन के विदेश मंत्री टोबियास बिलस्ट्रॉम ने एक बयान में कहा, हम मृत्युदंड सुनाने की निंदा करते हैं। हम परिस्थितियों की परवाह किए बिना सदैव और हर जगह इसका विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि बैठक में उनके अधिकारियों ने स्वीडन के विरोध से अवगत कराया और मांग की कि मृत्युदंड की सजा पर अमल नहीं किया जाए। 'टीटी' ने बताया कि इराक में एक अपराधी की हत्या में कथित संलिप्तता के लिए स्वीडन के दो अन्य नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। माना जाता है कि इस साल की शुरुआत में हत्या की यह घटना दो स्वीडिश समूहों के बीच गैंगवार से जुड़ी है।

## बॉलीवुड हलचल

### अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।



### 11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

**खगोल विज्ञान** विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

# 65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।



दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

### एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

**नैनीताल :** यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।